सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
मैरी क्रिसमस
रांची, सोमवार 25.12.2023 * नगर संस्करण । पेज : 12 अगहन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 162 khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### बांकेबिहारी मंदिर उमड़ी भारी भीड़, दम घुटने से दो की मौत

**मथुरा।** वृंदावन में बांकेबिहारी के दर्शन के लिए रविवार सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शनिवार, रविवार और क्रिसमस की छुट्टी के कारण मंदिर दर्शनार्थियों से खचाखच भर गया। प्रमुख मार्ग पर अलग-अलग स्थान पर भीड़ में फंसी दो महिलाओं की भारी भीड़ में दम घुटने से मौत हो गयी। इससे श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया।

### ड्यूटी पर तैनात जवान को टैंकर ने कुचला, मौत

**धनबाद।** बीसीसीएल के बाघमारा स्थित जमुनिया पैच में वाहन दुर्घटना में सीआइएसएफ क्यूआरटी में कार्यरत एएसआइ सपन कुमार राय की मौत हो गयी। उनकी गाड़ी को बीसीसीएल में पानी छिड़काव करने वाले टैंकर ने चपेट में ले लिया। जहां दुर्घटना हुई, वह इलाका ढलान है। टैंकर चालक ने नियंत्रण खो दिया और और सपन कुमार राय को चपेट में ले लिया।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

**मंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को मुंबई टेस्ट में 8 विकेट से हरा कर इतिहास रच दिया। भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया पर यह पहली टेस्ट जीत है। मेहमान टीम ने पहली पारी में 219 रन और दूसरी पारी में 261 रन बनाये। जवाब में भारत ने पहली पारी में 406 रन और दूसरी पारी में 2 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### क्रिसमस और नये साल पर शक्ति कमांडो रहेंगे तैनात

**रांची।** क्रिसमस और नये साल के जश्न पर कोई खलल न पड़े, इसके लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये गये हैं। सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए 700 शक्ति कमांडो को उतारा जायेगा। एसएसपी चंदन सिन्हा के अनुसार महिलाओं की सुरक्षा व मनचलों पर लगाम कसने के लिए 50 महिला शक्ति कमांडों पहरा देंगी। यह 25 दिसंबर से 15 जनवरी तक शहर के सभी पार्कों पर नजर रखेंगी। दशम, जोन्हा फॉल जैसे सभी पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस तैनात रहेगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# हम सब का मुक्तिदाता आ गया

## प्रभु यीशु के जन्म पर बज उठी घंटियां, गूंजा मैरी क्रिसमस | हम भी गरीबों, वंचितों के प्रति नम्र और दयालु बनें : आर्चबिशप

### सीएम ने राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार की रात सभी चर्चों में बालक यीशु के आगमन पर मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। आधी रात को मैरी क्रिसमस की गूंज से पूरा शहर गूंज उठा। प्रभु यीशु के जन्म पर सभी चर्च में घंटे बजने लगे। इस दोरान प्रभु आया, मेरा प्रभु आया। आया है यीशु आया है, आया है यीशु आया है जैसे अनेकों कैरोल गाये गये। चरनी में जन्मे प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर खुशियां राजधानी वासियों पर छा गयी। संत मरिया महागिरजाघर में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो की अगुवाई में जागरण मिस्सा रात के 10.30 बजे शुरू हुई।

इस मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा,हमारा मुक्तिदाता आ गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा, आध्यात्मिक रूप में देखें तो ईश्वर ने अपने पुत्र को मुक्तिदाता के रूप में भेजा है। ईश्वर चाहता है कि धरती पर हम अच्छा जीवन जीयें और नम्र व दयालु बनें। चरनी में लेटा हुआ बालक यीशु एक प्रतीक है कि वह ईश्वर होते हुए भी गरीब परिवार में पैदा होता है। लोगों ने रात को 12 बजते ही केक काटा और कैंडल जलाकर क्रिसमस पर्व की बधाई दी। बाइबिल पाठ में प्रभु यीशु मसीह के चरनी में जन्म लेने की गाथा सुनायी गयी। चरनी की झांकी के दर्शन करने को लेकर मसीही उत्साहित रहे। क्रिसमस को लेकर सभी चर्चों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। आकर्षक चरनी का भी निर्माण किया गया है।



### आर्च विशप का संदेश

संत मरिया महागिरजाघर में जागरण मिस्सा में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा चरनी में लेटा हुआ बालक यीशु एक प्रतीक है कि वह ईश्वर होते हुए भी गरीब परिवार में पैदा होता है। आध्यात्मिक रूप में देखें तो ईश्वर ने अपने पुत्र को मुक्तिदाता के रूप में संसार में भेजा ताकि वह हम मनुष्यों के पाप का बदला चुका सके। हमें पाप के दंड से मुक्त कराये। इसलिए हम मसीही भाई बहन आनंद मनाते हैं आंतरिक और बाह्य दोनों ही रूपों से। प्रभु यीशु शांति का राजकुमार है।उसके मन में गरीबों, दीन, दुखियों, शोषितों के लिए करूणा है। यह गुण हमारे अंदर भी होना चाहिए। हमारे मन में भी गरीबों, शोषितों, वंचितों के लिए करूणा होनी चाहिए। हमें भी दूसरों की सहायता करनी चाहिए तभी हम सच्चें अर्थों में क्रिसमस मना पायेंगे। प्रार्थना के अंत में लोगों ने एक दूसरे को प्रभु के जन्म की बधाई दी। छोटानागपुर की सबसे पुरानी कलीसिया जीइएल चर्च में पुण्यरात की पहली आराधना की गयी।

इसकी अगुवाई रेव्ह निशांत गुड़िया ने किया। रेव्ह अनूप जॉली भेंगरा उपदेशक थे। संत पॉल कैथेड्रल बहुबाजार में अर्द्ध रात्रि की प्रभु की आराधना की गयी। मुख्य अनुष्ठक व उपदेशक , सीएनआई छोटानागपुर डायसिस के बिशप बीबी बास्के थे। प्रभु यीशु का संदेश सुनाते हुए उन्होंने कहा कि उनका जन्म लोगों के पापों को दूर करने के लिए हुआ था। वह परमेश्वर के पुत्र थे, लेकिन परमेश्वर ने मानव जाति के पापों को मिटाने के लिए अपने इकलौते पुत्र को धरती पर भेजा। प्रत्येक के दिल में, परिवार में, गांव में और पूरे संसार में शांति रहे।

यह शांति कैसे कायम रहेगी। अगर हमारा संबंध हमेंईश्वर के साथ जुड़ा रहेगा तभी हमें शांति मिलेगी। अपने अहंकार, घमंड, बुरी प्रवृतियों को त्याग कर नम्र और दीन बनना है और तभी हमारे अंदर शांति भी होगी। ईश्वर प्रत्येक व्यक्ति को प्यार करता है। हम सभी उस ईश्वर की संतान हैं। चाहें हम किसी भी धर्म, जाति या देश से क्यों न हो। ईश्वर सबका पिता है और वह हम सभी की चिंता करता है।

# कश्मीर में नमाज पढ़ रहे पूर्व एसपी की हत्या

### पेठ गंठमुल्ला गांव की मस्जिद पर आतंकियों का हमला

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार तड़के आतंकवादियों ने एक सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी।



पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने पेठ गंठमुल्ला गांव की मस्जिद में अजान पढ़ते समय पूर्व एसपी मोहम्मद शफी (72)पर गोलियां बरसा कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। गोली लगने के बाद उन्हें बारामूला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संयुक्त टीम ने हमले के लिए जिम्मेदार अपराधियों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। रिटायर होने के बाद वह गांव में रह रहे थे। यह घटना ऐसे इलाके में हुई जहां आतंकवाद के चरम के दौरान भी कोई हिंसा नहीं देखी गयी थी।

### एलओसी के पास ड्रोन से गिराये हथियार, नकदी

वहीं जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हथियार और नकदी बरामद की गयी है। ये हथियार ड्रोन के जरिये गिराये गये थे। सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान की इस बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विध्वंसक गतिविधियों के लिए संबंधित पैकेट पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराये गये जो सुबह करीब आठ बजे खौर क्षेत्र के चन्नी दीवानो गांव में एक खुले मैदान में पड़े मिले। सेना और पुलिस ने तुरंत एक संयुक्त अभियान चलाया तथा बम निरोधक दस्ते की मदद से पैकेट खोले जिनसे कई घातक हथियार और 35 हजार नकदी बरामद हुई। यह बरामदगी सेना के जवानों द्वारा अखनूर सेक्टर में एक आतंकवादी को मार गिराये जाने के एक दिन बाद हुई। पाकिस्तान की ओर से पहले भी नशीले पदार्थ और हथियार गिरायेजाने के मामले सामने आते रहे हैं।

### संजय सिंह समेत कुश्ती महासंघ निलंबित

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए अगले आदेश तक कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया है। इस मामले में खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा है कि हमने डब्ल्यूएफआई को बर्खास्त नहीं किया है, एक खेल संस्था के रूप में संचालन के लिए उन्हें प्रक्रिया और नियमों का पालन करने की जरूरत है। खेल मंत्रालय के इस फैसले के बाद अब भारतीय कुश्ती महासंघ की मुश्किलें बढ़ गयी है। मंत्रालय ने आइओए को जल्द से जल्द पैनल गठित करने के लिए कहा है।

### मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर, गोलाबारूद बरामद

**दंतेवाड़ा।** पुलिस और नक्सलियों के बीच यहां हुए एनकाउंटर तीन नक्सली मारे गये हैं। कटेकल्याण के तुमकपाल इलाके में यह मुठभेड़ हुई है। तीन पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं। दरभा डिवीजन के दंतेवाड़ा और सुकमा सीमा पर यह नक्सल एनकाउंटर हुआ। बताया जा रहा है कि डब्बा कुन्ना के जंगलों में यह मुठभेड़ हुई है। सर्चिंग में भारी मात्रा में गोला बारूद और हथियार बरामद हुआ है। मारे गए तीनों नक्सली काफी खूंखार थे।




## रिम्स परिसर में नवजात का शव मिलने से सनसनी

# पैसे ले कर भी सफाईकर्मी ने डिस्पोज नहीं किया, पार्क में फेंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। रविवार को रिम्स परिसर में एक नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सफाई कर्मचारी ने शव का अंतिम संस्कार करने के पैसे तो लिये पर उसने नवजात के शव को पार्क में फेंक दिया। इलाज के लिए रिम्स आ रहे लोगों की नजर जैसे ही नवजात के शव पर पड़ी, उन्होंने इसकी सूचना रिम्स थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शिशु का शव मॉर्चरी में रखा गया है। रिम्स प्रबंधन और पुलिस बच्चे के मां-बाप को खोजने के लिए लोगों से पूछताछ कर रही है।

**सफाईकर्मी की लापरवाही :** इस मामले में




बरियातू थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने कहा कि इसमें सफाई कर्मचारियों की लापरवाही सामने आयी है। इसकी जानकारी प्रबंधन को भी दे दी गयी है। उनका कहना है कि मध्यप्रदेश की एक महिला प्रसव के लिए यहां भर्ती थी। दुर्भाग्यवश महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। महिला के पति ने रिम्स के स्वीपर से मृत नवजात के शव का अंतिम संस्कार करने को कहा और उसे 1500 रुपये भी दिये। लेकिन स्वीपर ने नवजात का अंतिम संस्कार नहीं किया और शव को ऑडिटोरियम के बगल वाले पार्क में फेंक दिया। अगर नवजात के शव का नियमानुसार निस्तारण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में प्रबंधन के साथ-साथ ऐसे सफाई कर्मचारियों पर भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### कई मामले सामने आ चुके हैं

गौरतलब है कि रिम्स के स्त्री रोग विभाग में कई बार ऐसे मामले देखने को मिलते हैं। इसलिए ऐसी घटनाओं को लेकर प्रबंधन की ओर से कई बार आदेश दिये गये हैं, ताकि अगर कोई महिला मृत बच्चे को जन्म दे तो उसके शव का उचित तरीके से निस्तारण हो सके .।नियम बनने के बावजूद रिम्स कर्मचारी और सफाई कर्मियों की ओर से लापरवाही बरती जा रही है। इसके कारण कई बार परिसर में नवजात शिशुओं के शव देखने को मिलते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले- कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारी स्लीपर सेल का सरगना

# इंडी गठबंधन का दो एजेंडा आकंठ भ्रष्टाचार और संवैधानिक संस्थाओं पर हमला : जफर इस्लाम

**राज्य सरकार पर भी साधा निशाना, कहा- जेएमएम की सरकार ने भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारी स्लीपर सेल का सरगना है। श्री इस्लाम रविवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस और हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के पोषक है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गिरोह है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार की देन है। यहां आकंठ भ्रष्टाचार है। बंगाल में बुआ भतीजा, बिहार में नीतीश लालू, तमिलनाडु में स्टालिन और उनके दामाद, केरल में वामपंथी सभी लूट में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन सरकारों को जनता की भलाई से कुछ भी लेना देना नहीं है। इन्हें केवल अपने परिवार की चिंता है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मिमिक्री का वीडीओ बनाकर संसद को लाफ्टर शो की तरह चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में सांसदों का निलंबन उचित है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है। कांग्रेस पार्टी के सांसद के ठिकानों से बरामद 500 करोड़ रुपये से ज्यादा रूपए इसका गवाह है। इस कैश बरामदगी ने देश में कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्यमंत्री को ईडी ने छह समन जारी किये हैं लेकिन, मुख्यमंत्री हाजिर नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सब दिन एक सरकार नहीं रहेगी। समय आने पर भाजपा सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी भ्रष्टाचार पर कारवाई के बदले मुख्यसचिव बदल रहे हैं। कल हो सकता है कार्रवाई से बचने के लिए डीजीपी बदल दें। उन्होंने कहा कि जनता ने तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडी गठबंधन को सजा दे चुकी है। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक एवं अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# राज्य के 35 हजार विद्यालयों में खेल सामग्री के लिए ₹28.8 करोड़ स्वीकृत

सभी डीइओ सह डीपीओ को 15 जनवरी तक खेल सामग्री खरीदने का निर्देश

**रांची को सर्वाधिक 1.72 करोड़ और लोहरदगा को सबसे कम 44 लाख मिले**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल सामाग्री की खरीद के लिए 28.8 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए गये हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना की परियोजना की निदेशक किरण कुमारी पासी ने 35438 सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री खरीदने के लिए राशि आवंटित कर दी है। उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखकर 15 जनवरी तक खेल सामग्री खरीदने का निर्देश दिया है। पत्र में बताया गया है कि शिक्षा के लिए केंद्र द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड में खेल और शारीरिक शिक्षा के प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय मद में 22.15 करोड़ तथा माध्यमिक एवं सीनियर माध्यमिक मद में 6.72 करोड़ राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि को राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में खेल सामग्री खरीदने के लिए ट्रांसफर किया जा चुका है।

### किस स्कूल को कितनी राशि का आवंटन

प्राथमिक विद्यालयों को 5 हजार, मध्य विद्यालयों को 10 हजार और माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को 25 हजार रुपए प्रति विद्यालय के दर से राशि का आवंटन किया गया है। बताते चलें कि राज्य में 21183 प्राथमिक विद्यालय, 11565 मध्य विद्यालय, 1705 माध्यमिक व 985 उच्चतर माध्यमिक सराकरी विद्यालय हैं, जिन्हें 28.88 करोड़ की राशि का आवंटन किया गया है। खेल सामग्रियों को खरीदने के लिए विद्यालय स्तर पर समिति का गठन भी किया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष, विद्यालय के शारीरिक शिक्षा के शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य शामिल किए गए हैं। गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्रियों की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी और 4 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का दी गई है।

## बिना नेट और पीएचडी डिग्री के वोकेशनल शिक्षकों की नौकरी पर मंडरा रहा खतरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में बिना नेट और पीएचडी डिग्री के छात्रों को पढ़ा रहे वोकेशनल शिक्षकों की नौकरी पर खतरे की घंटी बज गयी है। जिन वोकेशनल शिक्षकों के पास नेट या पीएचडी की डिग्री नहीं है, उन्हें हटाने के लिए राजभवन ने झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को पत्र लिखा है। विवि को पत्र की खबर मिलते ही वोकेशनल शिक्षक एसोसिएशन ने अपना विरोध जताना शुरू कर दिया है। इससे पूर्व भी वोकेशनल शिक्षक एसोसिएशन की ओर से रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को 6 सूत्री मांगों को ले कर मांग पत्र दिया जा चुका है। बताते चलें कि अलग अलग विषयों में झारखंड में लगभग 1000 शिक्षक हैं। सभी शिक्षक अनुबंध पर हैं। राजभवन के आदेश पर अगर शिक्षकों को हटाया जाता है, तो लगभग 90 प्रतिशत शिक्षक हट जाएंगे। झारखंड में वोकेशनल शिक्षा के शिक्षकों का स्वीकृत पद नहीं है। चिट्ठी के आधार पर आरयू ने वोकेशनल शिक्षकों की क्वालिफिकेशन डिटेल मांगी है।

## अबुआ आवास योजना : 29 के बाद पंचायत स्तरीय कमेटी करेगी लाभुकों का सत्यापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के छूटे हुए बेघरों को अबुआ आवास योजना से घर देने के लिए लाभुकों का सत्यापन ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा तैयार किए गये मोबाइल एप के जरिये किया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों के उपविकास आयुक्त को निर्देश दिया है। पंचायत स्तरीय कमेटी इसका सत्यापन करेगी। राज्य में 15 नवंबर से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यकम में बड़े पैमाने पर लाभुकों से आवेदन लिए जा रहे हैं, जिन्हें अन्य आवास योजना से अब तक आवास नहीं दिया जा सके, ऐसे छूटे हुए लाभुकों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार प्रथम चरण में दस हजार लाभुकों को आवास देने की योजना बनायी है, लेकिन आवेदन इससे कहीं अधिक आ गये हैं। सभी जिलों एवं प्रखंडों को अविलंब पंचायत स्तरीय कमेटी बनाने को कहा है कि ताकि लाभुकों का सत्यापन का कार्य तत्काल शुरू किया जा सके। योग्य लाभुकों को आवास स्वीकृत किया जाएगा।

इडी ने 2023 में मनी लाउंड्रिंग के सर्वाधिक 10 अलग-अलग केस दर्ज किया

# सीबीआइ कोर्ट साल 2023 में कई महत्वपूर्ण फैसलों के लिए रहा चर्चित

**उदय चौहान**

**रांची।** सिविल कोर्ट स्थित ईडी व सीबीआई की अदालत इस साल अपने कई महत्वपूर्ण फैसले के लिए चर्चित रही। मनी लाउंड्रिंग के आरोप में आईएएस छवि रंजन, विष्णु अग्रवाल समेत कई बड़ी नामी हस्तियों की गिरफ्तारी हुई और जेल भेजे गये। ईडी ने 2023 में मनी लाउंड्रिंग के आरोप में सबसे अधिक 10 अलग-अलग केस दर्ज किया। चारा घोटाले के सबसे बड़े और अंतिम मामले में 27 साल बाद फैसला आया। इसी के साथ रांची में चल रहे चारा घोटाले के सभी मामलों का निपटारा हो गया। अभिनेत्री अमीषा पटेल को चेक बाउंस मामले में रांची कोर्ट में आकर सरेंडर करना पड़ा। बकोरिया मुठभेड़ की फाइल घटना के आठ साल बाद सीबीआई के क्लोजर रिपोर्ट पर अदालत ने बंद किया। सिविल कोर्ट में ई.फाइलिंग से केस दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े बहुचर्चित समेत कई महत्वपूर्ण मामलों में आया फैसला। नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में चार दर्जन से अधिक अभियुक्तों को कठोर सजा हुई। जजों की संख्या बढ़कर सिविल कोर्ट के इतिहास में पहली बार अधिकतम 55 हुई।

**चारा घोटाले के सबसे बड़े और अंतिम मामले में 27 साल बाद आया फैसला तो मनी लाउंड्रिंग के आरोप में आइएएस छवि रंजन और कारोबारी विष्णु अग्रवाल गये जेल**



### कई महत्वपूर्ण लोग जो भेजे गये जेल

मनी लाउंड्रिंग में एक आईएएस और चीफ इंजीनियर समेत 20 से अधिक गये जेल। ईडी ने मनी लाउंड्रिंग मामले में 10 केस दर्ज किया। आईएएस छवि रंजन, चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, कारोबारी अमित अग्रवाल, योगेंद्र तिवारी समेत 20 से अधिक को जेल भेजा गया। वहीं एनआईए ने 200 से अधिक मामलों में वंछित नक्सली दिनेश गोप को गिरफ्तार कर जेल भेजा। एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को भेजा गया जेल।

### जेएसईबी के पूर्व चेयरमैन पर हुआ आरोप तय

जेएसईबी के पूर्व अध्यक्ष एसएन वर्मा समेत सात आरोपियों पर निविदा में अनियमितता से जुड़े 12 साल पुराने मामले में सीबीआई कोर्ट में आरोप तय किया गया। मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक पंकज मिश्रा, निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल समेत कईयों पर मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोप तय किया गया। रांची हिंसा के पहले मामले में अदालत ने नौ आरोपियों पर आरोप तय किया। आय से अधिक संपत्ति मामले में रांची के प्रधान आयकर आयुक्त तापस दत्ता पर आरोप तय किया गया।

### अदालत के महत्वपूर्ण फैसले

लालपुर के अग्रवाल बंधु हत्याकांड में लोकेश चौधरी समेत तीन को उम्र कैद की सजा। सरकारी धन का दुरुपयोग मामले में बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा 12 साल पुराने में सात साल की सजा। चर्चित थोक चावल कारोबारी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड में चार को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। सिर कटी लाश केस में शेख बेलाल दंपति को आखिरी सांस तक की सजा। तारा शाहदेव से यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी रंजीत सिंह कोहली को अंतिम सांस तक सजा। इसी मामले में झारखंड हाईकोर्ट के बर्खास्त विजिलेंस जज मुस्ताक अहमद को भी 10 साल की सजा सुनाई गई।

### जेल से नहीं निकल पाये कई नामी चहरे



निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, पंकज मिश्रा।

### कई पुराने मामले में नहीं आ सके फैसले

भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई एवं एसीबी कोर्ट में दो दशक या उससे अधिक पुराने मामलों में से सिर्फ एक मामले में ही इस साल फैसला आया। जबकि लगभग 50 केस लंबित है। इसमें अलकतरा घोटाला, भूमि घोटाला, रिश्वत लेने का मामला शामिल है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह से जुड़े मामलों की सुनवाई पूर्व की तरह कछुआ चाल से जारी रही।

## अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आज देश रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। भाजपा सभी जिलों में सुशासन दिवस मनायेगी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह विधायक गोष्ठी के मुख्य वक्ता होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक बबन गुप्ता ने दी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनबाद में गोष्ठी को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सरायकेला खरसावां, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी जमशेदपुर में और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रांची में संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। रांची ग्रामीण जिला में प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, गुमला प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, लोहरदगा- सांसद आदित्य साहू, खूंटी -अविनेश कुमार सिंह मुख्य वक्ता होंगे। उन्होंने बताया कि सुशासन दिवस पर विकसित भारत अभियान के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाने को तेज किया जायेगा।

## रोस्टर घोटाले ने शून्य कर दी आरक्षी नियुक्ति में ओबीसी का आरक्षण: राजेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रोस्टर घोटाले के कारण राज्य में होने वाले 8919 आरक्षियों की नियुक्ति के विज्ञापन में ओबीसी का आरक्षण शून्य है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने एक प्रेस बयान में कहा है। उन्होंने कहा कि आरक्षियों की नियुक्ति में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने के कारण गांव से शहर तक के अभ्यर्थियो में इस विषय को लेकर भारी आक्रोश है। श्री गुप्ता ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने रोस्टर घोटाले की जांच करने की मांग उठाया था। इधर लगातार देखा जा रहा है कि जेपीएससी या जेएसएससी जो भी नियुक्तियां निकल रही है उसमें ओबीसी को न्यूनतम आरक्षण का प्रावधान किया जा रहा है। और इसका कारण बताया जाता है कि रोस्टर में ओबीसी का पद रिक्त नहीं है। जबकि इसका एकमात्र कारण रोस्टर में घोटाला है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करता है कि अविलंब रोस्टर की जांच पड़ताल कर घोटाला करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करें। तभी ओबीसी का हक अधिकार मिल पाएगा।

## बीएमएस में शामिल हुए इंटक के कई प्रमुख नेता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय मजदूर संघ के साथ झारखंड प्रदेश के इंटक से संबंधित विभिन्न यूनियनों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को धुर्वा स्थित बीएमएस के प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति एवं संस्कृति से प्रभावित होकर इंटक से संबंधित विभिन्न यूनियनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने बीएमएस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष उदय कुमार, प्रदेश कार्यालय मंत्री सुनील कुमार पांडे, सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार साहू एवं एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रमाशंकर उपस्थित थे। बैठक में इंटक के अंजनी कुमार पांडे, अशोक सोरेन एवं बाटुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में इंटक से संबंधित विभिन्न यूनियनों के प्रमुख प्रतिनिधि ने भारतीय मजदूर संघ के सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से अशोक सोरेन, अजीत टुडू, शिव हेंब्रम, राजेश टुडू, भीम सिंह, सरबार अंसारी, सूरज माली, दिनेश सोरेन, प्रदीप मांझी, प्रमोद कुमार, अश्विनी कुमार मिश्रा, अमित कुमार ओझा, बलराम कुमार सिंह, दीपक कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, मनीष कुमार, शाहनवाज हुसैन एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश का त्रैमासिक अधिवेशन 30 एवं 31 दिसंबर को होने वाला है। इस अधिवेशन के पहले इंटक की कई यूनियनों के प्रतिनिधि का भारतीय मजदूर संघ में शामिल होना आने वाली नई कार्यसमिति का उत्साह बढ़ाएगा।

## इकोनॉमिक के साथ इकोलॉजिकल डेवलपमेंट भी देश के विकास में जरूरी : पद्मश्री अनिल प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पद्मश्री से सम्मानित अनिल प्रकाश जोशी रविवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के लिए विकास जरूरी है, लेकिन उसके साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित करना भी उतना ही जरूरी है। आज लोग विकास की आड़ में पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे हैं और उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अपने देश और समाज का पूर्ण विकास चाहते हैं तो उसके लिए इकोलॉजिकल और इकोनॉमिकल दोनों का संतुलन बनाकर रहने देना चाहिए।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रकाश जोशी ने कहा कि आईआईएम जैसे संस्थान को इकोनॉमिकल मैनेजमेंट के साथ-साथ इकोलॉजिकल मैनेजमेंट के बारे में भी छात्रों को जानकारी देनी चाहिए। आज देश के सभी बड़े शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब होता जा रहा है। लोगों को पर्यावरण के बारे में समझाने के लिए पूरे देश में नेचर नेटवर्क बनाने का प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है, जिससे लोग प्रकृति को बचाने के प्रति सजग हो।

प्रकाश जोशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी लोगों से अपील कर रहे हैं कि देश का पूर्ण विकास तभी होगा जब हम इकोलॉजिकल बैलेंस होगा। राज नेताओं की तरफ से ऐसे अपील कहीं ना कहीं देशवासियों के लिए पर्यावरण के संरक्षण में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि आज बड़े बड़े भवन और बड़े-बड़े एयरपोर्ट हमारे जीवन को नहीं बचा सकते, बल्कि हमारे आसपास लगे पेड़ पौधे ही हमारे जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं।

पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं पंकज मालवीय ने कहा कि झारखंड बिहार में आज तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। राज्य में चल रहे ऐसे विकास के कार्य से प्रकृति को खासा नुकसान होता है। इसीलिए विकास कार्यों को प्रभावित किए बगैर कैसे अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखें इसको लेकर बड़े-बड़े पर्यावरणविदो के द्वारा लोगों को जानकारी दी जाएगी।

वित्त वर्ष 2025 तक बिजली क्षेत्र के लिए कोयला आयात घटकर दो प्रतिशत हो जायेगा

# एक बिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन की संभावना : प्रह्लाद जोशी

**वर्ष 2025 तक बिजली क्षेत्र के लिए कोयला आयात घटकर केवल 2 प्रतिशत रह जायेगा क्योंकि घरेलू कोयला उत्पदान में हुई वृद्धि**

**कोयला मंत्री का दवा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 9वें दौर के शुभारंभ पर केंद्रीय कोयला, और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कोयला उत्पादन की क्षमता को देखते हुए यह स्वीकार किया कि वर्ष 2025 तक बिजली क्षेत्र के लिए कोयला आयात घटकर केवल 2 प्रतिशत रह जाएगा, क्योंकि घरेलू कोयला उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि कोयला उत्पादन और कुल व्यापार में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रिकॉर्ड प्रदर्शन किया गया है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड और सहायक कंपनियों की सराहना करते हुए कहा कि इस साल कुल कोयला उत्पादन एक बिलियन टन से अधिक होने की आशा है और भारत का कोयला क्षेत्र देश की ऊर्जा सुरक्षा में लगातार योगदान दे रहा है तथा इससे हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। श्री जोशी ने कहा कि भारत द्वारा अपनाई जा रही सतत कोयला खनन प्रथाओं के कारण देश उत्सर्जन नियंत्रित करने में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। उन्होंने बताया कि कोयला गैसीफिकेशन के लिए 6000 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। खनन क्षेत्र को अधिक मजबूत करने के लिए कोयला सार्वजनिक उपक्रमों ने हाल के वर्षों में 100 मिलियन पौधे लगाए हैं।

श्री जोशी ने कहा है कि वाणिज्यिक कोयला खनन से देश में नए निवेश आने और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से रोजगार सृजन की उम्मीद है। नीलामी से प्राप्त संपूर्ण राजस्व कोयला धारक राज्य सरकारों को आवंटित किया जाएगा, जिससे कोयला धारक राज्यों झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, बिहार और असम को सामाजिक-आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने कहा कि अब तक नीलाम की गई खदानों से कोयला खनन से सालाना 33,343 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। 220.90 एमटीपीए की कुल पीक दर क्षमता स्तर पर उत्पादन को ध्यान में रखते हुए ये खदानें जब पूरी तरह से चालू हो जाएंगी, तो वे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग तीन लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेंगी और इन कोयला खदानों को चालू करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का कुल निवेश होगा।

# किताब उत्सव में पहुंचीं सांसद महुआ माजी बोलीं- झारखंड में साहित्य अकादमी जल्द



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजकमल प्रकाशन और डॉ. रामदयाल मुंडा, जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे किताब उत्सव का समापन रविवार को हो गया। किताब उत्सव के अंतिम दिन पहला सत्र साहित्य और राजनीति विषय पर केंद्रित रहा।

इस सत्र में राज्यसभा सांसद एवं लेखिका महुआ माजी ने कहा कि राजनीति में आई हूं, पर अंदर का लेखक जिंदा है। साहित्य ने ही मुझे राजनीति में संवेदनशीलता से काम करना सिखाया है। विकास या विध्वंश के सवाल पर उन्होंने कहा कि जंगल लूटने के लिए केंद्र सरकार ने नया फॉरेस्ट बिल पास कराया है। साहित्य अकादमी के सवाल पर उन्होंने बताया कि झारखण्ड में भी जल्द साहित्य अकादमी बनाई जायेगी। इस दौरान महुआ माजी के हाथों आदिवासी महोसव 2023 के ट्राइबल क्यूजीन प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और आखिर में केक काटकर सबको क्रिसमस की बधाई भी दी गई। दोपहर से हमारा झारखण्ड हमारा गौरव सत्र में योगेंद्र नाथ सिन्हा के साहित्यिक जीवन पर चर्चा हुई। इस सत्र के वक्ता के रूप में विद्या भूषण उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार विद्या भूषण ने बताया कि योगेंद्र नाथ सिन्हा का लेखन मुख्यता हो जनजाति के जीवनशैली पर रहा। योगेंद्र नाथ सिन्हा ने 56 कहानियां आदिवासी समुदाय की पृष्ठभूमि पर लिखा। वे एक समर्पित कथाकार थे।

तीसरे सत्र का विषय विरासत निर्माता रहा। इसमें रघुनाथ मुर्मू, लाको बोदरा, पंडित आयता उरांव और प्यारा केरकेट्टा के जीवन और संघर्ष पर विशेष चर्चा की गई। इस सत्र में दूमनी माई मुर्मू, दयामनी सिंकु, प्रेमचंद उरांव और डॉ. तरकेलेंग कुल्लू ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से झारखंड के विरासत निमार्ताओं को याद किया। किताब उत्सव का अंतिम सत्र काव्य संध्या का रहा। इसमें आदिवासी कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया। इस सत्र का संयोजन वरिष्ठ आदिवासी साहित्यकार वन्दना टेटे ने किया। सात दिनों तक चले किताब उत्सव में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।

## पॉइन्सेटिया फूल का बड़ा महत्व, सद्भावना और पवित्रता का है प्रतीक

# अपने घरों को फूलों से सजाकर ईसा मसीह का करते हैं स्वागत : धर्मगुरु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में क्रिसमस धूमधाम से मनाया जा रहा है। क्रिसमस में ईसाई समुदाय के लोग प्रभु के स्वागत में अपने घरों को रंग-बिरंगी लाइट्स और विभिन्न फूलों से सजाकर स्टार, संता क्लॉज और छोटे छोटे लाइट्स लगाए हुए हैं। क्रिसमस के मौके पर फूलों का भी खास महत्व है।

ईसाई समुदाय के धर्म गुरु कहते हैं कि प्राचीन काल से ही क्रिसमस के मौके पर फूलों का विशेष महत्व रहा है। लोग प्रभु यीशु मसीह के जन्म से पहले अपने घरों को फूलों से सजाकर ईसा मसीह का स्वागत करते हैं। धर्म गुरु बताते हैं कि फूल से हवाओं को सुगंधित कर यीशु



मसीह का स्वागत किया जाता है। अड़हुल का फूल और गुलाब के अलावा कई फूलों से ईसाई समुदाय के लोग चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं। ऐसा माना जाता है कि फूलों को हाथ में रखकर प्रार्थना करने से यीशु मसीह मनोकामना को पूर्ण करते हैं।

क्रिसमस के मौके पर पॉइन्सेटिया नाम के फ्लावर का खास महत्व है। फूल दुकानदार बताते हैं कि क्रिसमस के दौरान फूलों की खूब बिक्री होती है। पॉइन्सेटिया फूलों की क्रिसमस के दौरान खूब मांग होती है। ईसाई समुदाय के लोग बताते हैं कि इस फूल के बारे में कहा जाता है कि अमेरिका में इस फूल का उपयोग सबसे पहले क्रिसमस की पूर्व संध्या में किया गया था। इस फूल का नाम मेक्सिको के मूल निवासी जोएल रॉबर्ट्स पॉइन्सेट के नाम पर रखा गया है।

रांची के महागिरजाघर की सिस्टर कपिला लकड़ा बताती हैं कि क्रिसमस के दौरान क्रिसमस फूल के रूप में कई फूलों का उपयोग किया जाता है लेकिन पॉइन्सेटिया नाम के फ्लावर का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि इस फूल के बारे में माना जाता है कि 19वीं शताब्दी में एक मेक्सिकन लड़की भगवान यीशु को कुछ उपहार देना चाहती थी लेकिन उसके पास पैसे नहीं थे। जैसे ही वह चर्च पहुंची कि चर्च के आसपास जंगल और घास फूस पॉइन्सेटिया फ्लावर में बदल गया और तब से इस फ्लावर का और भी महत्व क्रिसमस के मौके पर बढ़ गया।

रांची के बिशप हाउस में भी इस फूल के पौधे लगाए गए हैं। क्रिसमस के मौके पर इस फूल को हाथ में रखकर लोग प्रार्थना करते हैं। फूल व्यापारियों ने बताया कि यह फूल भारत में दिल्ली और कोलकाता से मंगाए जाते हैं। ईसाई समुदाय से जुड़े लोग बताते हैं कि पॉइन्सेटिया फूल सद्भावना और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। कई दशक से इस फूल का क्रिसमस के दौरान ईसाई समुदाय के लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। हालांकि आज भी भारत के ईसाई समुदाय के बीच इस फूल को लेकर विशेष जानकारी नहीं है लेकिन विदेश से आए इस फूल की परंपरा धीरे-धीरे भारत में रहने वाले ईसाई समुदाय के लोग अपना रहे हैं।

# सुमन कुमारी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं कांग्रेस पार्टी में शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम-आ अब लौट चले- के तहत रांची के विद्या नगर के करम चौक में आयोजित मिलन समारोह में सुमन कुमारी के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं कांग्रेस पार्टी का दामन थामीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड्गे के सशक्त नेतृत्व एवं राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से लोगों की कांग्रेस के प्रति आस्था बढ़ी है। यही वजह है कि आज इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं कांग्रेस पार्टी का दामन थाम रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही है जिन्होंने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी को बनाया। देश की पहली राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बनाया। देश का पहला लोकसभा स्पीकर महिला मीरा कुमारी को बनाया। कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं की सशक्तिकरण एवं सुरक्षा की बात करती रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में चल रही गठबंधन की सरकार में महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं चल रही है। जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि आज संकल्प लेने का दिन है कि महिलाओं को जागरूक होना होगा।

कार्यक्रम में कृषि विपणन के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, अजय नाथ शाहदेव, सतीश पौल मुजनी, मुकेश चौधरी और संजीव एक्का आदि थे।

## गोपाल श्रीवास्तव हत्याकांड

# पत्नी बोली- मेरा घर उजाड़ने वाले को मिले कड़ी सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेरा तो सबकुछ उजड़ गया। दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, उनका लालन-पालन कैसे होगा, कुछ समझ नहीं आ रहा है। मेरे पति के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा हो। उन्होंने किसी का क्या बिगाड़ा था। उक्त बातें अपराधियों के हमले में जान गंवाने वाले कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की बेवा प्रीति वर्मा ने कही। प्रीति ने कहा कि घटना के 12 दिन बाद भी पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं कर पायी। पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड की वजह का खुलासा करे और अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाये।

**अपराधी जल्द होंगे सलाखों के पीछे** : इधर रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव हत्याकांड में पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर ली है। अपराधियों की कुंडली पुलिस के पास आ गई है। अपराधी भागे-भागे फिर रहे हैं, मगर पुलिस जल्द ही अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजेगी। एक दो दिन में मामले का खुलासा हो सकता है।

गौरतलब हो कि 11 दिसंबर की रात लाहकोठी में कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। गोली लगने के बाद भी गोपाल ने हिम्मत नहीं हारी और अपराधियों से भिड़ गये थे।

# क्रिसमस खुशियां बांटने का पर्व : मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजधानी रांची समेत पूरा झारखंड ईसाइयों के प्रमुख त्योहार क्रिसमस के कैरोल्स से गूंज रहा है। प्रभु यीशु के अवतरण पर उनके स्वागत के लिए गिरजाघरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सभी को 'क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'क्रिसमस' पर्व एक-दूसरे से खुशियां बांटने वाला पर्व है। यह पर्व हम सभी को आपसी सौहार्द्र और एक-दूसरे के लिए समर्पण का परिचय देता है। मैं समस्त राज्यवासियों को 'क्रिसमस' पर्व के अवसर पर अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

क्रिसमस के मौके पर झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल और जीईएल चर्च



के बिशप सीमन तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय पर मुलाकात की और क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल ने उपहार स्वरूप सीएम को सांता क्लॉज वाली खास टोपी भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, जीइएल चर्च के बिशप सीमन तिर्की, जीइएल चर्च के कोषाध्यक्ष सह वित्त सचिव अटल खेस्स, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन' के मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर, अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद लकड़ा, महासचिव विकास तुर्की सदस्य गोविंद टोप्पो और अनिल उरांव शामिल थे।

**(सभी तस्वीरें संजीव की)**

## डीएसपीएमयू में दो दिन तो जेयूटी में नौ दिन विंटर अवकाश

# राजभवन के आदेश पर विश्वविद्यालयों में बनाया गया अवकाश कैलेंडर दिखावटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्ण की पहल पर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पहली बार अवकाश कैलेंडर इसी साल से लागू किया था, जो सुर्खियों में है। इसके बाद भी अधिकांश विश्वविद्यालयों के अवकाश में समानता नहीं है। राजधानी रांची में चार स्टेट यूनिवर्सिटी है लेकिन इन तीनों विश्वविद्यालयों के अवकाश में समानता नहीं है। झारखंड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी ने अवकाश कैलेंडर में संशोधन करते हुए विंटर में 15 दिन की जगह पांच दिन अवकाश कर दिया है। झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी (जेयूटी) में 9 दिन यानि 23 से 31 दिसंबर तक अवकाश है। वहीं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) में एक दिन अवकाश और एक दिन प्रतिबंधित अवकाश है। यानि यहां 25 और 26 दिसंबर को क्रिसमस का अवकाश रहेगा रांची यूनिवर्सिटी में पहले डीएसपीएमयू की तरह एक दिन अवकाश और एक दिन प्रतिबंधित अवकाश था। लेकिन शनिवार शाम में इसमें संशोधन कर दिया गया। अब रांची यूनिवर्सिटी में विंटर सह क्रिसमस के अवसर पर तीन दिन और प्रतिबंधित अवकाश की घोषणा कर दी गई है। यानि अब 27 से 29 दिसंबर तक प्रतिबंधित अवकाश रहेगा। बताते चलें कि राजभवन द्वारा प्रत्येक विवि को हर साल पांच प्रतिबंधित अवकाश घोषित करने का अधिकार दिया था। इसमें से दो पहले उपयोग किया जा चुका था। शेष तीन क्रिसमस के अवसर पर किया गया है।

**अन्य विवि में भी नहीं है समानता**

राजधानी रांची के अलावा राज्य के अन्य जिलों में विश्वविद्यालयों के अवकाश में समानता नहीं है। इसमें विनोबा भावे विवि हजारीबाग, निलंबर-पीतांबर विवि पलामू, कोयलांचल विवि, कोल्हान यूनिवर्सिटी चाइबासा शामिल है।

# कोरोना के नये वेरिएंट को लेकर रिम्स अधीक्षक ने व्यवस्था का लिया जायजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश में कोरोना का नया वैरिएंट जेएन-1 तेजी से पांव पसार रहा है। कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए झारखंड सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गयी है। सभी जिलों के अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये जा रहे हैं। इसी क्रम में रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक हिरेंद्र बिरुआ सोमवार की सुबह अस्पताल में ऑक्सीजन, बेड सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने रिम्स के सभी कर्मियों को मास्क पहनने को कहा है। साथ ही डॉक्टरों को ओपीडी में मास्क लगाकर परामर्श देने का आदेश दिया।

**सदर अस्पताल में अलग से ओपीडी की शुरूआत** : देशभर में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए रिम्स के पहले तल्ले में ट्रामा सेंटर के पास कोरोना वार्ड बनाया गया है। वहीं सदर अस्पताल में भी अलग से ओपीडी की शुरूआत की गयी है, जहां सर्दी-खांसी के मरीजों की जांच की जायेगी। मरीजों में कोरोना के लक्षण पाये जाने पर उनके सैंपल की जांच की जायेगी।

**देश में कोरोना के 3,420 एक्टिव केस** : रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में कोरोना के एक्टिव केस 3,000 से बढ़कर 3,420 हो गये हैं। यह आंकड़े कोरोना के नये सब-वेरिएंट जेएन-1 के मामलों में हो रही वृद्धि के बीच सामने आये हैं। डब्लूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, बीते कुछ दिनों में कोरोना के मरीजों की संख्या 52 फीसदी बढ़ी है। कोरोना के नये वैरिएंट जेएन-1 का पहला मामला केरल से सामने आया था। यहां कोरोना से एक व्यक्ति की जान भी चली गयी थी। कोरोना के नये वैरिएंट के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने नयी गाइडलाइंस भी जारी कर दी है।

## जेएसएससी से बायोलॉजी में 168 और कमेस्ट्री में 203 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा झारखंड प्रयोगशाला सहयाहक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के दो विषयों का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। इसमें बायोलॉजी और फिजिक्स में कुल 371 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसमें बायोलॉजी में 168 और फिजिक्स में 203 अभ्यर्थियों के क्रमांक है। बायोलॉजी के चयनित अभ्यर्थियों में अनाक्षित कोटी के 70, अनुसूचित जनजाति के 48, अनुसूचित जाति के 18, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 10, पिछड़ा वर्ग के 06 और ईडब्ल्यूएस कोटी के 16 अभ्यर्थी शामिल हैं। इसी प्रकार फिजिक्स में अनारक्षित वर्ग के 87, अनुसूचित जनजाति 18, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 12, पिछड़ा वर्ग के 11 और ईडब्ल्यूएस कोटी 21 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। वहीं झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा-2023 प्रोविजनल आंसर-की के विरुद्ध आपत्ति दर्ज करने के लिए लिंक जारी कर दिया गया है।

## झलकियां क्रिसमस की











## संजय सेठ ने योजनाओं का किया शिलान्यास

# चौमुखी विकास के लिए सदा तत्पर रहूंगा: संजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांसद संजय सेठ के निधि से हटिया विधानसभा के डोरंडा स्थित बेलदार मोहल्ला में सामुदायिक भवन, जगन्नाथपुर स्थित सेक्टर 2 में धोबी घाट के पास सामुदायिक भवन एवं शौचालय का निर्माण, पुंदाग में श्मशान शेड निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल विशेष भी थे। सांसद सेठ ने कहा कि मोदी जी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास इन मूल मंत्र के साथ हम सभी काम कर रहे हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी के आधार पर विकास कार्य किया जा रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह भारत को आगे बढ़ा रहे हैं। हम सब को उनसे ही काम करने की प्रेरणा मिलती है। मोदी की गारंटी अब देश की गारंटी बन गई है। विधायक नवीन जायसवाल ने भी उदगार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष पप्पू वर्मा, बजरंग गुप्ता, सुरेश प्रसाद, बीके विजय, सरदार अशोक सिंह, संजय पोद्दार, मंटू लाल, जय मसीह तिग्गा, रोहित ठाकुर, आयुष गुप्ता, अनीता मोथे, रेखा देवी, अनूप कुमार सहित सैकड़ो लोग थे।

## पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र के बनहोरा में रविवार को पूनम एक्का (25) की उसके पति सुनील कुमार एक्का ने हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। वह मूल रूप से गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बताया जाता है कि पारिवारिक विवाद इस घटना को अंजाम दिया गया।

## दबंगई के आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** गोंदा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीन दबंगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे जाने से पूर्व सड़क पर परेड कराया गया। पंकज कुमार सिंह और गोलू जायसवाल शामिल है। बताया जाता है कि कांके रोड में इन युवकों के द्वारा छह अन्य साथियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।

## सदान मोर्चा का कांके के होचर में सदानी झंडा लगाओ कार्यक्रम

# अपना अधिकार लेना है तो मोर्चा के आह्वान पर ही वोट करें : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सोमवार को सदानों के अधिकार, आस्था और पहचान को लेकर सदानी झंडा लगाओ अभियान का आयोजन होचर में किया गया। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया है। श्री प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है, तो मोर्चा के आह्वान पर ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा उसी दल को वोट करें।

उन्होंने कहा कि सदान पहले से ही कई जिलों में सांसद, विधायक तक नहीं बन पाते हैं। इसके बाद भी सदानों को प्रमुख, मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, पिछड़ों का राज्य में 55% आबादी होने के बाद भी 14% आरक्षण मिलता है। सदानी झंडा, हमारी पहचान और आस्था का प्रतीक है। इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा चेतना का संचार करेगा। उन्होंने मूलवासी सदान आयोग का गठन करने, पिछड़ी जातियों का जाति जनगणना कराने व सदान से आने वाले सवर्णों की का भी सर्वेक्षण कराने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि विधानसभा सभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केन्द्र सरकार से की है, ताकि सदानों को भी में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।

मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि झारखण्ड में सदानों की आबादी 65% है। अब हमें संगठित होकर ही वोट करना है तभी सदानों को अधिकार मिलेगा।

## आज का राशिफल 25-12-2023

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। मास : मृगशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी 05:47 बजे प्रातः में समाप्त। नक्षत्र : रोहिणी 21:39 बजे समाप्त। योग : शुभ 04:22 बजे प्रातः में समाप्त। करण : गर 17:49 बजे तक, तदनंतर वणिज 05:47 बजे प्रातः में समाप्त। चंद्रायु 12.0 घंटे। दिशाशूल : पूर्व।

**मेष** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

**सिंह** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-3-5-7

**कन्या** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**तुला** : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-2-5-7

**धनु** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी।शिक्षा में परेशानी आ सकती है। शुभांक-3-5-7

# ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाये लोगों को अनुसूचित जनजाति का सदस्य न समझा जाये : कड़िया मुंडा

## रांची में उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाये लोगों को अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाये। ये बातें रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा मोरहाबादी मैदान में अयोजित उलगुलान आदिवासी डीलिस्टिंग महारैली को संबोधित करते हुए लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व जनजाति सुरक्षा मंच के संरक्षक पद्म भूषण करिया मुंडा ने कही।

उन्होंने कहा कि जिसने जनजाति आदि मत तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया है और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा और उसे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिले। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे को लेकर दिल्ली तक जायेंगे। राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मंत्री गणेशराम भगत ने कहा कि देश के 700 से अधिक




जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था। लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गए हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं।

मौके पर जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है की धर्मान्तरित व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण की सुविधा नही मिले। इस मुद्दे को स्व. कार्तिक उराँव संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था ताकि जो व्यक्ति जिसने जनजाति आदि मत तथा विश्वासों का परित्याग कर दिया है और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा और उसे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिले।

मौके पर प्रकाश सिंह उइके, पूर्व न्यायाधीश ने अपने संबोधन में



कहा कि भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान अनुच्छेद-341 में अनुसूचित जाति के लिए व्यवस्था की है कि जो अनुसूचित जाति के लोग मुस्लिम या ईसाई धर्म ग्रहण करेंगे उसे अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलेगा। जब मुस्लिम या ईसाई बनने पर अनुसूचित जाति की पहचान मिट जा रही है तो आदिवासी की पहचान भी ईसाई या मुस्लिम धर्म में जाने पर उसकी आदिवासी की पहचान मिट जाती है। सभा को जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय केन्द्रीय टोली सदस्य सत्येन्द्र सिंह खेरवार, झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा के अध्यक्ष मेघा उरांव,जगलाल पाहन, संदीप उराँव, ललिता मुर्मू, जगरनाथ भगत, सन्नी उराँव, आरती कुजूर, रोशनी खलखो, देवव्रत पाहन, मनोज लियांगी, हिन्दुवा उराँव, अंजलि लकड़ा, राजू उराँव ने भी संबोधित किया और सबने एक सुर में कहा की राजनैतिक दल अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित सीट पर धर्मान्तरित व्यक्ति को टिकट नहीं दें।

# शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का साइंस एक्जीबिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीबीएसइ रिजनल लेवल साइंस एक्जीबिशन में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एक्जीबिशन में सप्तम कक्षा की छात्रा जैनब एवं आद्या ने कैटेगरी 1 में थीम 'लाइफ स्टाइल फॉर इन्वायरमेंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय रिजनल लेवल साइंस एक्जीविशन में अनेक विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इसमें शारदा ग्लोबल स्कूल की छात्रा जैनब एवं आद्या ने कैटेगरी 1 में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा बढ़ायी। उन्होंने आइआर बेस्ड ऑटोमेटिक हाइवे स्ट्रीट लाइट द्वारा यह दिखाया कि आइआर वह सेंसिग डिवाइस है, जो बिजली की खपत को कम करता है और भविष्य के लिए ऊर्जा का संरक्षण करता है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप तथा प्राचार्या जसमीत कौर ने उन्हें पुरस्कृत कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तुपुदाना में सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

## एक की हालत गंभीर कार और बाइक में हुई भीषण टक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। वाइक सवार तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत दोनों युवकों की पहचान अंबा टोली गांव निवासी इग्नेश (30) और चिटिर गांव निवासी राज सांगा (19) के रूप में की गयी। वहीं, 21 साल के पास्कल टूटी की हालत गंभीर है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया है।

यह हादसा करीब साढ़े ग्यारह बजे हुआ, बजे एक बाइक पर सवार तीन युवकों को सामने से आ रही कार से जोरदार टक्कर हो गयी। सूचना मिलने के बाद तुपुदाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को रिम्स भेजा। खबर मिलते ही मृतकों और घायल के परिजन भी रिम्स पहुंचे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घायल युवक का इलाज जारी है।

**बाइक के परखच्चे उड़ गये :** जानकारी के अनुसार, अंबा टोली गांव निवासी इग्नेस, पास्कल और चिटिर गांव निवासी राज बाइक से हजाम की ओर से जा रहे थे। उसी समय दसमाइल की ओर से एक कार तेज गति से आ रही थी। अलीपुर के पास मोड़ पर दोनों गाड़ियों में जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये। इग्नेश और राज सांगा की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, 21 साल के पास्कल टूटी की हालत गंभीर है। कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आयी। कार का एयरबैग खुलने से कार चला रहे युवक की जान बच गयी।

हादसे की खबर स्थानीय युवकों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आयी और सड़क से जाम हटवाया। स्थानीय लोगों के अनुसार दसमाइल से हजाम तक सड़क जानलेवा हो गयी है। रविवार की सुबह से ही वाटर पार्क और दशम फॉल डैम में पिकनिक मनाने के लिए हजारों की संख्या में पर्यटकों की गाड़ियां इस सड़क से होकर गुजरती हैं। वाहनों की तेज रफ्तार और बाइक सवार युवाओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले एक महीने में यहां कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।

# जरूरतमंदों के बीच मारवाड़ी युवा मंच ने किया कंबल का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने रविवार को अत्यधिक ठंड को देखते हुए उससे बचाव व राहत के लिए जरूरतमंदों एवं खासकर बूढ़े-बुजुर्गों के बीच जगन्नाथपुर स्थित लीची बगान में कंबल का वितरण किया। मारवाड़ी युवा मंच की रांची शाखा ने राष्ट्रीय कार्यक्रम आनंद सबके लिए के तहत यह कार्यक्रम किया और इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी लगातार किया जायेगा। आज के कार्यक्रम संयोजक गौतम अग्रवाल एवं यश सुरेखा थे। अध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि अत्यधिक बढ़ी ठंड को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल का वितरण एवं अलाव की भी व्यवस्था की जायेगी। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष मनीष लोधा, अध्यक्ष अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, रोहित सरावगी, कार्यकारिणी सदस्य शैंकी रायका, अंशु भारती, गौरव पोद्दार आदि का योगदान रहा। यह जानकारी प्रवक्ता रमन बगड़िया ने दी।



**रांची के आदिश संस्थान में रविवार को क्रिसमस सेलिब्रेशन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गयी। बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, पास द बॉल, चूज द कलर आयोजित किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित पास्टर राकेश पॉल और आशीष पूर्ति ने बच्चों के लिए प्रेयर कर उन्हें आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।**

# ललित कुमार पोद्दार बने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी भवन प्रांगण मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आमसभा रविवार को मारवाड़ी भवन प्रांगण मे जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री ललित कुमार पोद्दार ने दो वर्षों का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा दो वर्षों में अन्नपूर्णा सेवा सहित 50 से अधिक सामाजिक जनसेवा एवं जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संस्था के दो वर्षों के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया।

आमसभा में चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने ललित कुमार पोद्दार को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र- 2024-26 के लिए अध्यक्ष की घोषित किया। उन्होंने बताया कि द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ ललित कुमार पोद्दार ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। उनका नामांकन पत्र वैध पाया गया। वे निर्विरोध रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के नए अध्यक्ष चुन लिये गये। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ-ग्रहण समारोह का आयोजन जनवरी में होगा।

ललित कुमार पोद्दार के अध्यक्ष चुने जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज बजाज, कमल कुमार केडिया, प्रमोद सारस्वत सहित रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। आमसभा का संचालन सुरेश कुमार अग्रवाल और धन्यवाद कौशल कुमार राजगढ़िया ने किया। आमसभा में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यों में हमेशा निरंतर सहयोग देने के लिए 10 सदस्यों को पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

आमसभा में पवन शर्मा, प्रमोद कुमार अग्रवाल, पवन कुमार पोद्दार, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, ओमप्रकाश प्रणव, सुरेश कुमार जैन, कमल केडिया, विनोद कुमार जैन,आनंद जालान, संजय सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, अरुण केजरीवाल, कौशल राजगढ़िया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

# विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में क्यूजीन कार्निवल का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग के परिसर में शनिवार को क्यूजीन कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चीफ गेस्ट नवीन जायसवाल, डीएसपी चतरा, सुनीता चौरसिया ज्वाइंट सेक्रेटरी पर्यावरण और जलवायु, अभिभावकगण द्वारा दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ की गयी। विद्यालय निदेशक संजय कुमार ने अतिथियों का स्वागतम पुष्पगुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया।

विवेक एंड ग्रुप द्वारा श्री गणेशा पर मंत्रमुग्ध नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के चारो हाउस गांधी, टैगोर, तिलक और आजाद के बच्चों ने एक से बढ़कर एक



व्यंजन बनाकर अपने अपने स्टॉल में रखे थे। तिलक हाउस के बच्चों ने नमकीन, दही बड़ा, वेज रोल, इडली, डोसा और समोसा चाट बनाये। वहीं, गांधी हाउस के बच्चों ने लिट्टी चोखा, चॉकलेट बॉल, छोला कुलचा और फ्रूटकस्टर्ड बनाया। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र लिट्टी और चोखा रहा। आजाद हाउस ने छोला भटूरा, वेज सूप, पावभाजी बनाये। इसमें सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहा छोला और लेमन सोडा। टैगोर हाउस के बच्चों ने मालपुआ, वेजीटेबल चॉप, पनीर चिल्ली और पानी पूरी बनाया। इस ग्रुप से लोगों की पहली पसंद पानी पूरी रही।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष चुने गये डॉ हरिहर पांडेय

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्रा२ाण महासभा का भव्य महासम्मेलन समारोह दिगम्बर जैन भवन में रविवार को आयोजित किया गया। इस समारोह में झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग तीन सौ मगबंधुगण शामिल हुये। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि पंडित कमलेश पुण्यार्क जी ने समाज के उत्थान हेतु अपनी सामाजिक विरासत को बचाने की बात की । साथ ही परस्पर सामंजस्य स्थापित करने पर भी जोर दिया। साथ ही, महासभा की नियमावली के अनुरूप चुनाव सम्पन्न हुआ। राज्यस्तरीय चुनाव में डॉ हरिहर प्रसाद पाण्डेय अध्यक्ष और ब्रजबिहारी पाण्डेय कार्यकारी अध्यक्ष चुने गये। डॉ अनिल कुमार मिश्र एवं मनीष वैद्य उपाध्यक्ष, मंत्री गोपाल पाठक, संगठन मंत्री डॉ सुधांशु शेखर मिश्र बनाये गये।

# नगर प्रशासक ने शहर का किया भ्रमण आश्रय विहीनों के बीच बांटे कंबल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर निगम प्रशासक अमित कुमार ने शनिवार देर रात शहर भ्रमण कर विभिन्न चौक-चौराहों व आश्रयगृहों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान निगम की टीम ने सड़क किनारे रात गुजार रहे लोगों को निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करवाया। साथ ही आश्रय विहीनों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिये। नगर निगम प्रशासक ने टीम को हर दिन रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर गुजर बसर कर रहे लोगों को चिन्हित कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया। अमित कुमारने आश्रय गृहों का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने आश्रय गृहों में समुचित व्यवस्था जैसे साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को इसके बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये। मौके पर सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर आभियान प्रबंधक मयूर गहलोत एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर में

### साल में 12 महीने, लेकिन बंगालियों के लिए 13 त्योहार : रवींद्र नाथ महतो

**रांची।** साल में 12 महीना होता है,लेकिन बंगालियों के लिए 13 त्योहार होता है। ये बातें बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आर्यभट्ट सभागार में रविवार को आयोजित पौष मेले के उद्घाटन के मौके पर विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कही। उन्होंने कहा कि बंगभाषी जीवन जीने की कला जानते है। अपने संबोधन में मंच के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस तरह का आयोजन करने का मकसद कला संस्कृति को एक मंच देकर बढ़ावा देना है। आर्यभट्ट सभागार में लगे मेला में 23 विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगें है। मेले में पौष महीना के विशेष व्यंजन जैसे दूध पीठा, पुली पिठा, पतिसाप्ता,गुड रसगुल्ला के साथ कई प्रकार के व्यंजन का लोगो ने लुत्फ उठाया। मेला की शुरूआत में विख्यात जादूगर नागराज ने अपने जादू से उपस्थित लोगो और बच्चो का मन मोह लिया। मौके पर कोलकाता के हास्य नाटक दल सिंचन द्वारा बंगला हास्य नाटक की प्रस्तुति की गई। साथ ही बंगला परिधान प्रदर्शनी (रैंप वॉक) की प्रस्तुति नृत्यांजलि के मॉडल्स ने बंगला परिधान का प्रदर्शन किया।

### यूके पब्लिक स्कूल बूटी का 17वां वार्षिकोत्सव मना



**रांची।** यूके पब्लिक स्कूल बूटी के कैंपस में सोमवार को स्कूलका 17 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समारोह के मुख्य अतिथि सह प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन आलोक कुमार दूबे, समाजसेवी युवराज पासवान, विद्यालय के निदेशक डॉ उमाकांत यादव, सचिव रूपेश कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनु ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रेप से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों अभिभावकों का मन मोह लिया। धार्मिक, देश भक्ति, क्रिसमस, शिक्षा, सोशल मीडिया सहित विषयों पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति पेश की गई। पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा निजी विद्यालय सीमित संसाधनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, निजी विद्यालय हमारे राज्य और देश की रीड की हड्डी हैं। सरकार को सरकारी विद्यालयों की तरह निजी विद्यालयों को भी आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। स्कूल की प्राचार्य डॉ अनु ने स्वागत भाषण किया और उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम में आलोक दूबे एवं युवराज पासवान ने उत्कृष्ट बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया।

### सरना समिति ने लातेहार का दौरा किया

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधि मंडल लातेहार जिले का दौरा किया। जहां डिलिस्टिंग एवं सरना कोड को लेकर चर्चा हुई। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि केंद्रीय सरना समिति हमेशा से धर्मांतरण ,डिस्टिंग एवं सरना कोड की आवाज उठाता रहा है। जिसका परिणाम है कि लोग जागरूक हुए हैं एवं पूरे देश में आंदोलन कर रहे हैं।

### मशिरा फाउंडेशन और हेल्थ पॉइंट ने ब्लड डोनेशन कैंप का किया आयोजन

**रांची।** मशिरा फाउंडेशन और हेल्थ पॉइंट के संयुक्त सहयोग से रविवार को पुरानी रांची स्थित मोमिन हॉल में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का शुभारंभ फाउंडेशन के डायरेक्टर रमजान अंसारी ने स्वयं रक्तदान कर किया। रक्तदान महादान शिविर में 50 लोगों ने स्वेच्छा से अपना रक्त दुसरे के जीवन बचाने के लिये दान किया है।

### साहित्य समागम का आयोजन

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति साहित्योदय के तत्वावधान में रविवार को साहित्य समागम का आयोजन किया गया। इस समागम में झारखंड और बिहार के रचनाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिवायन पोस्टर का विमोचन किया गया। इसके साथ ही कृष्णायण ग्रंथ वितरण, लन्दन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड सम्मान समारोह और काव्यपाठ का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने साल 2023 में साहित्योदय की उपलब्धियों के साथ साथ अगले वर्ष शिवायन सहित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित शिवायन महाकाव्य का सृजन किया जा रहा है। जिसका विमोचन अगले वर्ष ऋषिकेश में प्रस्तावित श्री नीलकंठ अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामजी यादव ने साहित्योदय के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी रचनाकारों का स्वागत किया।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

**रांची।** गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम)मंदिर के प्रांगण मे संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल एंव तरुण अग्रवाल के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, निर्धन परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 126 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। भंडारे मे संस्था ने कचोडी, आलु टमाटर की सब्जी, केसरीया खीर एव भेजिटेबल पुलाव का वितरण किया।

### बाबा नाम केवलम से गूंज उठा हेसल जागृति भवन

**रांची।** हेसल जागृति भवन में रविवार को इस वर्ष का अंतिम सत्संग संपन्न हुआ। प्रातः आठ बजे से अपराह्न दो बजे तक बाबा नाम केवलम कीर्तन संपन्न हुआ। इसके बाद साधना और गुरु पूजा हुआ। इसके बाद गुरुदेव का स्वध्याय में पढ़ा गया। मानव प्रगति के स्तर जिसमें यतमान, बेतिरेक, केंद्रीय और बसीकर पर चर्चा हुई । इसमें तय किया गया कि आनंदमार्गी ।नंद नगर पुंदाग में नव वर्ष मनायेंगे। महासम्मेलन के उपलक्ष्य में 29 दिसंबर को ही पहुंच जायेंगे। आध्यात्मिक तरंगों के साथ नव वर्ष का स्वागत होगा।

### बालाजी मंदिर में बैकुंठ महोत्सव का हुआ समापन

**रांची।** रविवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीवैकुण्ठ महोत्सव को ले चार दिनों से हो रहे सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का शास्त्रीय विधि से समापन हुआ। यह अनुष्ठान 21 दिसंबर से शुरू हुआ था। एक–एक पाली में सैकड़ो से ऊपर यजमान परिवार अपने–अपने नाम और गोत्र से संकल्प कराकर अर्चना अनुष्ठान में सहभागी दी। इसके पूर्व प्रातः भगवान का नयनानंद दायक विश्वरूप दर्शन हुआ और कंठस्वर से सुप्रभातम मंगलाशासनम वेंकटेश स्तोत्र, वेंकटेश प्रपत्ति के बाद षोडषोपचार तिरूवाराधन हुआ। फिर सनातन परमात्मा श्रीनिवास तथा सद्भूषणों से सुसज्जित श्यामलांगी सर्वसहा श्रीश्रीदेवी और सर्वाभरण भूषिता श्रीभूमि देवीए सुदर्शन भगवान का महाआरती हुई। पोंगल और चटनी के बाल भोग नैवेद्य हुए।

## स्पीड न्यूज

**क्रिसमस : पतराटोली में ग्रोटो का उद्घाटन**
**नामकुम।** रविवार को नामकुम के पतराटोली में ग्रोटो का उद्घाटन खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा नेता राम अवतार केरकेट्टा और मनोज सिंह ने किया। मौके पर नेताद्वय ने कहा कि क्रिसमस के अवसर पर ग्रोटो के निर्माण से मशीहियों में काफी खुशी और उत्साह है। सभी लोग परस्पर प्रेम और भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं। मौके पर आशीष बेक, सुषमा हेंमब्रोम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**हिंद मजदूर सभा का स्थापना दिवस 29 को**
**खलारी।** जनता मजदूर संघ की क्षेत्रीय समिति की बैठक में आगामी 29 दिसम्बर 23 को हिन्द मजदूर सभा का 75 वॉं स्थापना दिवस वर्षगांठए क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में मनाने का निर्णय लिया गया।

**जन समस्याओं को जानने जनता के पास जाएंगे कांग्रेसी**
**ओरमांझी।** कांग्रेस पार्टी ओरमांझी प्रखंड के वरिष्ट कार्यकर्ताओं की एक बैठक रविवार को बलराम महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गांव-गांव में जरूरतमंदों तक सरकारी योजना कैसे पहुंचे इसपर मंथन किया गया। वही बैठक में उपस्थित दो वरिष्ट कार्यकर्ता बलराम महतो व देवेंद्र ठाकुर के जेएमएम में शामिल होने का दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ नाराजगी भी जतायी गई। बैठक में श्रीमन ओझा, हरिप्रसाद यादव, सत्यनारायण साह, कासीनाथ पाहन, फेकन पाहन, सुरेंद्र उरांव, अलिजान अंसारी, पूर्व मुखिया सीता देवी, झीरगा मुंडा, मोहम्मद आफताब, गुलाम रबानी, तैयब अली, धनेश बेदिया, नेवाराम मुंडा आदि उपस्थित थे।

**बिजली चोरों पर 1.47 लाख का जुर्माना, केस दर्ज**
**खलारी।** झारखंड राज्य बिजली वितरण नगर निगम के तहत खलारी थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के राय, बमने, डुन्डु, मनातु में कुल 11 लोगों पर बिजली चोरी के आरोप में लगभग 1 लाख 47 हजार 775 रुपये जुर्माना लगाया गया। इस अभियान में मांडर विधुत सहायक अभियंता आशीष कुमार मुंडा व एसडीओ राजेश विरवा के निर्देश पर छापामारी किया गया। बिजली चोरी करने के सभी आरोपी के ऊपर मुकदमा भी दर्ज किया गया। अभियान में लाइन मैन फ्रांसिस जेबीयर कुजूर बचरा बिजली कर्मी अर्जुन महतो उपेंद्र कुमार शहबाज आलम जियाउल अंसारी सहित अन्य बिजली कर्मी शामिल थे।

**जमसं के संस्थापक सूर्यदेव सिंह की जयंती 27 को**
**खलारी।** जनता मजदूर संघ के संस्थापक सह पूर्व विधायकए सूर्यदेव सिंह की 84वीं जयंती मनाने को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव व संचालन डीपी सिंह ने किया। बैठक में निर्णय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 दिसम्बर को सूर्यदेव सिंह की 84 वीं जयंती एवं संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम का भी 38वीं जन्मदिन क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ हीं आगामी 03 जनवरी से 05 जनवरी 2024 को आहूत एचएमएस की 34वां त्रिवार्षिक सम्मेलन नागपुर, महराष्ट्र में क्षेत्र की भागीदारी के तैयारियों की समीक्षा किया गया।

### खलारी में अबुआ आवास योजना का सत्यापन जारी

**खलारी।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के तहत खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में लाभुकों का सत्यापन प्रखण्ड के टीम गठित के द्वारा जारी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेश के आलोक में पंचायतवार सभी पंचायतों में सत्यापन कार्य किया जा रहा है। यह सत्यापन कार्य विगत 24 नवंबर से 31 दिसंबर तक निर्धारित किया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभुकों को आधारकार्डए पासबुकए जमीन की लगान रसीद का फोटो कॉपी और मनरेगा जॉब कार्ड नंबर अनिवार्य होगा। खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में यह योजना चल रही है।

### चर्चों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, प्रार्थना सभा में उमड़े मसीही विश्वासी

# क्रिसमस उत्सव : प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मिस्सा अनुष्ठान

**सर्वत्र प्रभु यीशु का जन्मोत्सव की धूम**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर क्रिसमस के आयोजन को लेकर बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघर सज-धजकर तैयार है। कार्यक्रम आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिघिया चर्च परिसर में शनिवार की रात 10 बजे से मिस्सा पूजा अनुष्ठान, चरनी की आशीष के बाद व मिस्सा अनुष्ठान व प्रार्थना की गई। प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया व खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। आकर्षक चरनी बना कर बिजली बल्ब, रंग बिरंगे लट्टूओं व रंगीन झालर से पूरे चर्च को सजाया गया। जहां दिघिया पल्ली में चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन कर चुम्बन लिया गया। इसके पूर्व चर्च के पल्ली पुरोहित सह मुख्य अनुष्ठान कर्ता फादर विंनसेंट मिंज की अगुवाई में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव पर चरनी का आशीष प्रार्थना अनुष्ठान मिस्सा पूजा यीशु चुंबन यीशु संदेश का आयोजन किया गया। वहीं बाइबिल पाठ करांजी के ग्रेगोरी तिर्की एव गीरेती तिर्की करेंगी। वही सभी अनुष्ठान में फादर अजय मिंज राबर्ट मिंज माता प्रबला केरेकेट्टा सिस्टर नीलिमा का सहयोग रहा। जबकि प्रवचन फादर परम दयाल खेस द्वारा किया गया। चर्च में एलएसटी संस्था की सिस्टर दिव्या एवं अंजूए लिवन्स एकेडमी के स्टाफ की अगुवाई बेदी का श्रृंगार किया गया। वहीं गीत भजन की प्रस्तुति करांजी गांव की जूलिया मिंज की अगुवाई में मंडली द्वारा किया गया। काथलिक सभा अध्यक्ष देवनिश तिग्गा पत्रिक खेस निकोलश प्रकाश मिंज प्रकाश भूषण तिर्की रवि फ्रांसिस मिंज दिलीप कुजूर ने ब्रदर जोनिस गाड़ी एवं अमन तिर्की एवं कैथोलिक संघ युवा संघ व महिला संघ की अगुवाई में चरनी व परिसर का आकर्षक की सजावट किया। इस मौके पर मसीही समुदाय के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। साथ ही लोगों ने एक दूसरे को हैप्पी क्रिसमस की बधाई व शुभकामनाएं दी।



बेड़ो में प्रभु येशु के जन्मोत्सव पर बनी चरनी।

### प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर चर्चों में विशेष आराधना सभा

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में दो दिवसीय क्रिसमस पर्व रविवार को शुरू हो गया। मौके पर प्रभु यीशु के जन्म उत्सव पर चर्चों में विशेष आराधना सभा आयोजित की गयी। चर्चों सहित कई घरों में चरनी घर बनाये गये। सीएनआई चर्च में पादरी एन कंडुलना के नेतृत्व में हुई आराधना सभा में काफी संख्या में मसीही समुदाय के लोगों ने भाग लिया। चर्चों में 25 दिसंबर को प्रात: भी विशेष आराधना सभा होगी। इसके अलावा क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इधर महुवाटोली स्थित एनडब्ल्यू जीईएल चर्च में भी विशेष आराधना सभा हुई। कार्यक्रम में सहायक पुरोहित जे तिर्की, अनूप टोप्पो, प्रीतम खलखो, प्रभात केरकेट्टा, अनंता दाडेल, पीटर खलखो, रवि बेलस कुजूर सहित काफी संख्या में ईसाई धर्मावलंबी शामिल थे।

## राहे में विधायक ने किया कई विकास योजनाओं का शिलान्यास



**जाराडीह गांव में झरना का होगा सौंदर्यीकरण**

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने राहे प्रखंड के अम्बाझरिया पंचायत अंतर्गत जाराडीह गांव में विधायक निधि से झरना सौंदर्यीकरण कार्यए जिला योजना अनावद्ध निधि से सूअरमारा गांव में 1000 फीट ओर महेशपुर गांव में 1000 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्यएदोकाद पंचायत के भेलवाजरा गांव में विधायक निधि से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किये। सभी कार्य 60 लाख की लागत से बनाया जायेगा। इस दौरान विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हमारा प्रयास जेनरेशन ग्रोथ को लेकर है। गांव को राशन ओर पेंशन से ऊपर लाना है। इस दौरान सभी स्थलों में वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, छोटन मुंडा, करम सिंह मुंडा, रंगलाल उरांव, प्रवीण उरांव, जलेश्वर महतो, संजय उरांव, प्रदीप महतो, नारायण सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## हाजी शरीफ अध्यक्ष और मोख्तार शाह बने उपाध्यक्ष

**फुटकलटोली अंजुमन कमेटी का उप चुनाव संपन्न, बंटी मिठाई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** अंजुमन इस्लाह उल मोमिनीन कमेटी, फुटकल टोली की रविवार को हुये निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण उप चुनाव में हाजी मो शरीफ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंवी हबीबुल अंसारी उर्फ गुड्डू को 137 के मुकाबले 197 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। वहीं मोख्तार शाह ने असलम अंसारी को पटकनी देकर उपाध्यक्ष पद पर शानदार जीत हासिल की। उन्होंने श्री अंसारी को 144 वोटों से शिकस्त दी। जबकि रफीक अंसारी को सिर्फ 105 वोट मिले। 570 मतदाताओं में से 449 ने मतदान में हिस्सा लिया। 10 वोट रद्द कर दिये गये। वोटिंग 78.77 प्रतिशत रहा। लोगों ने मिठाईयां बांट खुशी का इजहार किया।



कमेटी के निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य।

**इन्होंने निभायी भूमिका**
सिराजुद्दीन अंसारी, मो आरिफ अंसारी, सुफियान अंसारी, अबुरेहान अंसारी, मो मुद्दसर, मो चांद हसन, जैनुल अंसारी, मो इकबाल, अख्तर शाह, आफताब आलम, अब्दुल हकीम, अब्दुल मनान, मो इरशाद, मो नूर हसन, मो कासिम, मो अमानुल्लाह, परवेज आलम व मो मुनिफ अंसारी आदि।

**गर्मजोशी से किया स्वागत**
परिणाम घोषित होने के बाद ग्रामीणों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री शरीफ व शाह ने उनके प्रति आभार जताया। दोनों ने दो साल के कार्यकाल में सबको साथ लेकर चलने तथा कमेटी को ऊंचाइयों पर ले जाने की वचनबद्धता दोहरायी। मौके पर चुनाव कमेटी के अध्यक्ष सह उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, सचिव गुलाम सरवर, कोषाध्यक्ष इरशाद अंसारी, प्रखंड अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष अताउल्लाह और उपाध्यक्ष अंजुम खान भी थे।

## मनोज कुमार अध्यक्ष और संतोष गुप्ता बने सचिव

**रौनियार वैश्य समाज की समिति का चयन**

**तमाड़।** रौनियार वैश्य समाज की एक बैठक रविवार को उपेन गुप्ता मेरेज हॉल में किया गया। बैठक में समिति का चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ताए सचिव संतोष कुमार गुप्ता, कार्यकारिणी अध्यक्ष रवींद्र कुमार गुप्ता, महासचिव सुरेश लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष मनीष देव आदि मनोनयन किया गया। बैठक में समाज के विकास के लिए लोगों ने अपने-अपने विचार दिए। बैठक में रौनियार वैश्य समाज के दर्जनों लोग शामिल हुए।

## एक नजर में

### आरटीसी बीएड कॉलेज बूटी में झारखंड कुरमी विकास परिषद का 49वां वार्षिक सम्मेलन आज

**रांची।** झारखंड कुरमी विकास परिषद, रांची का 49वां वार्षिक सम्मेलन 25 दिसंबर को आरटीसी बीएड कॉलेज बूटी रांची में होगा। इसमें समाज के दशा और दिशा पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में समाज के सक्रिय महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही सम्मेलन में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, सांसद संजय सेठ, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक सहित समाज के गणमान्य लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलेगा। यह जानकारी परिषद के अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने दी है।

### टंडवा प्रमुख ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुरए मांदरएबहेरा में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने गरीबए असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब असहाय लोगों को ठंड में काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से ठिठुरते से बचाऊंगी। मौके पर बृजमोहन उरांव बंदनी देवी रूपू भगत जसमतिया देवी तीटो देवी एतवा उरांव सीता टाना भगत पन्ना टाना भागत विश्वनाथ उरांव रुपनी टाना भगत सुशांति लकड़ा गंगोतना भगत शुक्रमनी देवी सहित करीब 60 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### गायत्री प्रज्ञापीठ ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**तमाड़।** वेद माता गायत्री प्रज्ञापीठ में रविवार को कंबल वितरण किया गया। गोल पहाड़ी टाटानगर के सहयोग से 40 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर निरंजन सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य लखन करमाली, सोहन रविदास, शशिभूषण गोस्वामी, बंधु मांझी, अनिमा मल्लिक, नंदा नायक, परिमल नायक आदि उपस्थित थे।

### लापुंग : साईं महोत्सव पर हुए धार्मिक अनुष्ठान



**लापुंग।** ओम साईं नमो नम: श्री साईं नमो नम: जय जय साईं नमो नम: सदगुरु साईं नमो नम: जैसे मंत्रो के बीच लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर में साईं महोत्सव मनाया गया। लापुंग प्रखंड के सरसा स्थित प्रसिद्ध साईं मंदिर में रविवार को साईं महोत्सव का आयोजन किया गया। साईं के भजनों के बीच धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। शिरडी साईं विकास केन्द्र सरसा एवं कान्हा टेंट हाउस एवं कैटरिंग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पटना गया और रांची के प्रसिद्ध भजन गायक दलजीत सिंहए खुश्बू कुमारी आनंद जी हलचल सहित अन्य लोक कलाकारों ने जब जब खिड़की खोलूं साईं तेरा दर्शन हो जाय और साईं नाथ तेरै हजारों हाथ जैसे भजनों से उपस्थित साईं भक्तो को खूब झुमाया। कार्यक्रम का शुभारंभ काकड़ आरती के साथ किया गया। इस मौके पर भडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया।

## वृद्ध और गरीबों को मारुति मंगल परिवार ने दिये कंबल

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी के कुंदी मैदान में रविवार को मारुति मंगल परिवार का प्रखंड स्तरीय कंबल वितरण सह सम्मान समारोह में वृद्ध व गरीब जरुरतमंदों के बीच चौदह सौ कंबल का वितरण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिये हमें अपने हक व अधिकार के लिये सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मारुति मंगल परिवार जुआ, शराब, अंधविश्वास, बाल विवाह, मृत्युभोज व समाज में फैले अन्य कुरितियों के प्रति गांव-गांव जाकर आम जनों को जागरूक करने का कार्य पिछले 12 वर्षों से कर रहा है। परिवार के संगठन प्रमुख सुमेश कुमार ने लोगों से अपने सांस्कृतिक व सामाजिक विरासत को संरक्षित करने का आह्वान किया। जिप सदस्य रीना देवी ने मारुति मंगल परिवार के कार्यों की सराहना की। समारोह को नंदलाल महतो, सत्यनारायण महतो, अनुपम कुमार, मधुसूदन महतो, अनिल तिवारी, आनंद गोप व सुरेश उरांव ने संबोधित किया।

## कवाली को हरा मेकॉन की टीम सेमीफाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** मेकॉन की टीम 10वीं सद्भावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में पहुंच गई है। रविवार को सिकिदिरी फुटबाल मैदान में खेल गए रोमांचक और संघर्षपूर्ण क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मेकान स्पोर्ट्स रांची ने नाइन बुलेट एफसी कवाली की टीम को 1-0 से पराजित किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोलरहित बराबरी पर रही। खेल के दूसरे हाफ में कवाली की टीम आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। खेल के अंतिम समय के 81वें मिनट में कवाली के रौशन तिर्की के आत्मघाती गोल की बदौलत मेकॉन ने कवाली को 1-0 से हराया। मेकॉन के खिलाड़ी उपेंद्र हजाम को मुख्य अतिथि आशा मेटालिक प्रालि के निदेशक नीरज साहू व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चमरू बेदिया ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। संचालन शिवधर रजवार ने किया। मौके पर पंकज साहू, अजय भोगता, जयनंदन सिंह, संजय नायक, कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, फारुक खान, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, बलराम कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## मदरसा जामिया अजीजिया में तालिमी मुजाहरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** कुंदी स्थित मदरसा जामिया अजीजिया में रविवार को तालिमी मुजाहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन ए पाक की तिलावत से हुई। कार्यक्रम में मदरसा के बच्चों ने नातिया कलाम, तिलावत, तकरीर, कुरआन के आयतों का अंग्रेजी अनुवाद सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मदरसा के संस्थापक सह नाजिम कारी जुबैर अशरफ ने कहा कि मौजूदा दौर कंपटीशन और संघर्षों से भरा दौर है। बच्चों को बुनियादि तालिम के साथ ही प्रतियोगिता के लिए तैयार करना भी वर्तमान समय की मांग है। इसके लिए तालिमी मुजाहरा कार्यक्रम बेहतर मंच है। इससे बच्चों की प्रतियोगी प्रतिभा में निखार आती है। उन्होंने कहा हमारे मदरसे में बच्चों को दीनी तालिम के साथ ही आधुनिक तालीम भी दी जाती है। संचालन कारी अतिरकुर्रहमान ने की। कार्यक्रम में कारी सुहेब, कारी मुस्तफा, मौलाना नसीम अहमद, मौलाना कलीम, कारी सलामत, हाफीज एकराम, हाफीज गुफरान, मौलाना मनीरूद्दीन, हाफीज इरफान, एजाज अहमद, गुलाम राजिक, मो मोइनुद्दीन, हजरत अंसारी आदि मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य का विधायक विकास मुंडा ने किया शिलान्यास

**बुंडू।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव और टोला मोहल्ला को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। हेमंत सरकार ग्रामीण के अनुरूप विकास की योजना चल रही है उक्त बातें विधायक विकास कुमार मुंडा ने कही। स्थानीय विधायक रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नवाडीह मोड़ से तोलसांडीह भाया तिलाईपीड़ी पथ 4.60 किमी 4 करोड़ की लागत से बनेगी एवं आदिवासी छात्रावास 33 लाख की लागत से रिपेयरिंग कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने छात्रावास के छात्राओं से मिलकर समस्याओं से रू-ब-रू हुए एवं तोलसांडीह गांव के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों के हित में सभी क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। ग्रामीण से मिलकर जन समस्याओं से रूबरू हुए और उनके मांगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमार बिझिंया, कालेश्वर मुंडा, उमेश महतो, रोहित महतो, प्रदीप मुंडा, गुड्डू जायसवाल, अरविंद कुमार, बाला महतो, प्रदीप महतो मौजूद थे।

## गरीब वृद्धों की मदद करने गांव पहुंचे स्कूली बच्चे, बांटे कंबल

**सुदूरवर्ती गांव में जाकर माउंट कार्मेल के बच्चों ने की सेवा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी के छात्र रविवार को क्षेत्र के सुदुवर्ती गांव गणेशपुर पहुंचे। गांव के गरीब बच्चों के साथ फुटबॉल मैच खेली और गरीब वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित माउंट कार्मेल स्कूल के निदेशक फादर मैथ्यू ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मांउट कार्मेल द्वारा गांव में सेवा कार्य किया जा रहा है। स्कूली बच्चों के साथ सुदूरवर्ती गांव में कार्यक्रम चलाने के संबंध में उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कारिक ज्ञान देना जरूरी है। कहा कि मदद की भावनाएं बच्चों को संस्कारिक इंसान बनने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गणेशपुर गांव के सभी बच्चों को शिक्षा मिले, इसका सतत प्रयास माउंट कार्मेल द्वारा किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित समाधान के उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने मांउट कार्मेल द्वारा आयोजित बच्चों के इस कार्यक्रम व प्रयास की सरहाना की और कहा कि ठंड के मौसम में गरीब जरूरतमंदों को कंबल की काफी अवश्यकता थी। बाद में फुटबॉल मैच के विजयी स्कूल टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं गांव के बच्चों की खेल-कौशल की भी सरहाना की गई। इससे पूर्व गांव पहुंचे अतिथियों को ग्रामीणों द्वारा फूल व पतों की माला व टोपी और समाधान द्वारा अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया।



सुदुरवर्ती गांव पहुंचे स्कूली छात्र निदेशक के साथ।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**
मौके पर पंचायत की मुखिया सावित्री देवी, पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, प्राचार्य सिस्टर ब्रिजिट, फादर दीपक, विष्णु बेदीया, सुनील कागरा, फिरोज अंसारी, विनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार, रामलखन बेदिया, परमेश्वर बेदिया, शिक्षक व ग्रामीण मौजूद थे।

## नवनिर्मित हेसल रिंग रोड टोल गेट के समक्ष धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** आदिवासी मूलवासी एकता मंच ने रविवार को रिंग रोड एन एच-33 टोल गेट हेसल के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से कार्यपालक अभियंत एनएच ए 1 तथा एनएच 33 फेज-1 रांची के नाम संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में रिंग से शैक्षणिक संस्थानों तथा घनी आबादी वाले गांवों की ओर जाने वाले अंडरपास रोड में सर्विस रोड बनाने रिंग रोड के नाम से जमीन अधिग्रहण करके एनएच-33 बनाया गया है, जिसमें टॉल गेट बनाना न्याय संगत नहीं है। इसे तत्काल हटाने यदि टॉल गेट अनिवार्य है तो टोल गेट में 90 प्रतिशत स्थानीय लोगों को कार्य पर रखने टोल गेट के 20 किलोमीटर की परिधि पर आधार पहचान के तहत टोल टेक्स फ्री करने इत्यादि मांगें शामिल हैं। घरना प्रदर्शन में आदिवासी मूलवासी एकता मंच के अध्यक्ष रामपोदो महतो सचिव मुन्ना मुंडा कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार संयोजक सखीचंद महतो हेसल मुखिया कविता देवी ग्राम प्रधान रामनाथ करमाली राजेश महतो मिन्हाज अंसारी साहिद अंसारी तिवारी भोक्ता गबेश्वर महतो सुप्रेश महतो बाबूराम महतो सहित ग्रामीण शामिल थे। बाद में प्रदर्शन कर रहे लोगों को थाना प्रभारी दिलेश्वर प्रसाद ने वहां से हटाया। प्रदर्शनकारियो ने ज्ञापन की कॉपी थाना प्रभारी को सौंपा। बताया गया कि ज्ञापन की कॉपी उपायुक्त को भी सौपा जाएगी।

# कुटिल चाल

**पा**किस्तान और चीन भारतीय सेना पर लद्दाख सीमा से वापस कश्मीर में सैनिकों को फिर से तैनात करने के लिए दबाव बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में आतंकी गतिविधियों को एक्टिव करने के लिए सहयोग कर रहे हैं। यह खुलासा पुंछ में एक आतंकवादी हमले में पांच सैनिकों की हत्या के बाद हुआ है। सूत्रों का कहना है कि हिंसा में यह बढ़ोतरी इस्लामाबाद और बीजिंग की समन्वित रणनीति का हिस्सा है। एन निजी मीडिया हाउस ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है पाकिस्तान ने सुरक्षा बलों पर हमले शुरू करने और प्रतिक्रिया भड़काने के उद्देश्य से पुंछ के इलाकों में 25-30 आतंकवादियों की घुसपैठ कराई है। सूत्रों के अनुसार, चीन गलवान में 2020 के सीमा गतिरोध के बाद लद्दाख में भारत की बढ़ती सैन्य उपस्थिति से निराश होकर, भारतीय संसाधनों को वापस कश्मीर की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहा है। उनका मानना है कि पाकिस्तान, संभावित चीनी समर्थन के साथ, पश्चिम में आतंकवाद को फिर से शुरू करके भारत को पूर्वी मोर्चे पर दबाव कम करने के लिए मजबूर करने का प्रयास कर रहा है। यह संदेह भारत द्वारा 2020 में पुंछ से लद्दाख तक एक विशेष आतंकवाद विरोधी बल, राष्ट्रीय राइफल्स की तैनाती से उत्पन्न हुआ है। यह कदम चीन के खिलाफ भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण था, लेकिन पुंछ में संभावित रूप से कम आतंकवाद विरोधी संसाधनों के साथ छोड़ दिया गया था। विशेषज्ञों पुंछ-राजौरी में आतंकी हमलों की बढ़ती आवृत्ति और जंगली इलाकों से आतंकवादियों को खदेड़ने की सेना की लड़ाई ने उन्हें ऑपरेशन सर्प विनाश की याद दिला दी। यह ऑपरेशन 2003 में पुंछ के सुरनकोट इलाके में चलाया गया था। निश्चित ही यह कुटिल चाल चीन के इशारे पर जान पड़ता है जिसका प्रतिकार आवश्यक है।

# जीरा मनी लांच

**क**मोडिटी एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) पर आज जीरा मिनी कॉन्ट्रैक्ट लॉन्च हो गया। यह जनवरी, मार्च और अप्रैल तीन कॉन्ट्रैक्ट में लॉन्च हुआ है। इस कॉन्ट्रैक्ट के कारोबार में लॉट साइज को कम रखा गया है। जीरा कॉन्ट्रैक्ट में लॉट साइज 3 टन है, जबकि जीरा मिनी कॉन्ट्रैक्ट में लॉट साइज एक टन रखा गया है। जीरा मिनी कॉन्ट्रैक्ट का डिलीवरी केंद्र ऊंझा होगा। इसके अलावा एक अतिरिक्त डिलीवरी केंद्र जोधपुर रखा गया है। आज कारोबार शुरू होने के पहले दिन जीरा मिनी जनवरी कॉन्ट्रैक्ट 37,500 रुपये के भाव पर खुला, जबकि मार्च कॉन्ट्रैक्ट 31,100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर खुला। अब इस साल जीरा की बोआई खूब हो रही है। प्रमुख जीरा उत्पादक राज्य राजस्थान में ताजा आंकड़ों के मुताबिक 6.6 लाख हेक्टेयर में जीरा की बोआई हो चुकी है, जो पिछले साल की बोआई 5.6 लाख हेक्टेयर से अधिक है। दूसरे बड़े जीरा उत्पादक राज्य गुजरात में 4.33 लाख हेक्टेयर में जीरा बोया जा चुका है। पिछले यह साल इसका रकबा 2.24 लाख हेक्टेयर था। जीरा दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 1,535 रुपये की गिरावट के साथ 36,910 रुपये के भाव पर खुला और खबर लिखे जाने के समय यह 1,745 रुपये की गिरावट के साथ 36,910 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय जीरा मार्च कॉन्ट्रैक्ट 790 रुपये की गिरावट के साथ 30,900 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस साल जीरे के दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट ने सितंबर महीने में 68,500 रुपये क्विंटल के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। इस तरह देखा जाए तो इस समय जीरे के वायदा भाव अपने सर्वोच्च स्तर से करीब 46 फीसदी घट चुके हैं। इस महीने जीरे के दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट में 15 फीसदी से ज्यादा गिरावट आ चुकी है।

# राम को भ्रम

विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्रीराम** ने कहा आप जाइये बाली को ललकारिये। जब आपलोगों का युद्ध होगा तब मैं उसका बध कर दूंगा। उनकी बात मानकर सुग्रीव चला। पंपापुर राजभवन के सामने जाकर उसने बाली को ललकारा। बाली की पत्नी बहुत सुदंर विचार की औरत थी। उसका समय भगवत चिंतन में बीतता था। वह देखी की सुग्रीव ललकार रहा है। बाली के लिये यह सह सकना मुश्किल था कि सुग्रीव उसे युद्ध में ललकारे और वह नहीं जाए। जब वह जाने के लिय उद्धत हो गया तो तारा ने उसे रोका कि आप मत जाइये। मुझे खबर मिली है कि दो मनुष्य सुग्रीव से मिले हुए है और जरूर कोई खास बात है कि जो आपके भय से छिपा चलता था वह आज युद्ध के लिये ललकार रहा है। इसलिये अच्छा है आप बाहर मत जाइये। बाली ने तारा की बात पर जरा भी ध्यान नहीं दिया और युद्ध करने के लिये निकल पड़ा। दोनों भाईयों में भीषण संग्राम होने लगा।दोनों बलशाली थे ही। सुग्रीव इंतजार करता रहा कि शायद श्रीराम बाण मारेंगे और बाली गिर जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दोनों का युद्ध होता रहा। बाली के सामने सुग्रीव कमजारे थे बाली ने सुग्रीव को मार-कार कर अधमरा कर दिया और जब सुग्रीव ने देखा की जान नहीं बचेगी तो वह भाग कर ऋष्यमूक पर्वत पर चला गया जहां बाली जा नहीं सकता था।

आने के बाद सुग्रीव ने श्रीराम जी से कहा प्रभु जाने दीजिए मैं ऐसे ही ठीक हूं मुझें लड़ने के लिये मत भेजिए। मुझे वह मार देगा। रामजी ने कहा सुग्रीव जी मैं थोड़ा भ्रम में पड़ गया। आप दोनों भाइयों की शक्ल आकृति डील-डौल एक तरह है। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

कार्टून वर्ल्ड



साभार : कार्टून मूवमेंट

लेटर टू एडिटर

## साझे प्रयास हों

**जहरीली** शराब के उत्पादन और बिक्री को रोकने में पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी शर्मनाक है। यह ठीक है कि शराब का कारोबार करने वाले तस्करों को पकड़ने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा छापामारी की जानी चाहिए, लेकिन आमजन को भी स्वयं जागरूक होने की जरूरत है। समाज और सरकार साझे प्रयास से ही इस कारोबार पर नकेल कस सकता है। **– रवि किशन, रांची**

## पुनर्विचार करें

**स्कूलों** तथा अन्य शिक्षा संस्थाओं को खोलने बारे हरियाणा सरकार का फैसला बढ़ते कोरोना महामारी के मामलों के मद्देनजर ठीक नहीं है। प्रदेश में खोले गए स्कूलों में जहां भी कोरोना टेस्ट हुए हैं, उन सभी जगह पर पॉजिटिव मामले सामने आए हैं, जो कि खतरे की घंटी है। सरकार से यह अनुरोध है कि शिक्षा संस्थाओं को खोलने के निर्णय पर पुनर्विचार करे।

**– कौशल, रांची**

# मोदी अजेय हैं ? लेकिन जय तो आवाम की हो



**काशी** की कायाकल्प में लगे प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा को भी नमन किया। आधारभूत संरचना के विकास से देश का सबसे अधिक भला होता है। युवाओं में मोदी का जबरदस्त क्रेज है मोदी-मोदी करती युवाओं की भीड़ काशी की सड़कों पर प्रसन्नता से लवरेज दिखी। लेकिन जब एक युवा से संवाददाता ने पूछा कि आप मोदी जी के विकास यात्रा से कितना खुश है तो उसने कहा कि विकास तो ठीक है लेकिन सरकारी नौकरियां भी दें मोदी जी। एचईसी हटिया में हड़ताल 20 दिन पूरा कर चुका है। मात्र एक हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था न कर पाने के कारण एक पूरा हटिया शहर की व्यवस्था छिन्न-भिन्न है। कोरोना की मार में मोदी जी की कंपनी के मजदूर मारे-मारे फिर रहें हैं संदेश तो यही जाता है। लूटा और बर्बाद किसने किया यह तो चुनावी भाषण का विषय है लेकिन गरीबी से कराहते कामगार क्या उत्पादन करेंगे यह यक्ष प्रश्न हैं।

संकेत साफ है कि यूपी, बिहार और झारखंड में जॉब का अर्थ ही है सरकारी नौकरियां। आखिर देश के 25 करोड़ परिवार में लगभग 5 करोड़ ही तो हैं जो सर्व सुविधा संपन्न है कुला मिलाकर 30 करोड़ लोगों का देश संपन्न भारत। मोदी विकास का दूसरा नाम बताये जा रहे हैं यह नारा सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन मोदी ने निजीकरण की जो गति तेज की है उससे बिहार, झारखंड और यूपी सहित पूरे उत्तर भारत की राज्यों में जहां औद्यागिक विकास की गति धीमी रही है जॉब नहीं मिले हैं। आज भी युवाओं को सरकारी नौकरी ही पहली पसंद है। झारखंड सहित उत्तर भारत के राज्यों में न निजीकरण तेज हुआ न उद्योग लगा लेकिन सरकारी नौकरियां नीतिगत तौर पर कम कर दी गयी।

बिहार के चुनाव में सबसे हिट नारा था दस लाख नौकरियों का जो तेजस्वी ने दिया और जीते भी, सबसे बड़ी पार्टी बनी लालू यादव के जंगलराज युक्त राष्ट्रीय जनता दल (कथित रुप से) आखिर क्यों? क्योंकि बिजली, पानी सड़क के बाद अब सबसे अधिक आवश्यक जॉब है जो महाराष्ट्र गुजरात और दक्षिण भारत की तुलना में उत्तर भारत में कम है।

मोदी कांग्रेस से न हारें लेकिन महंगाई से कराहती भारतीय आबादी है लगभग 100 करोड़ से हार सकते हैं। राष्ट्रवाद का नारा क्षणिक प्रभाव छोड़ता है। उस वर्ग के लिये बहस का विषय है जो वर्तमान समय में आर्थिक रुप से मजबूत है। इनकी संख्या कुल संख्या में दो करोड़ परिवार तक सीमित है। कंपनियां अरबों के निवेश से विनिर्माण इकाइयां लगाएं, हजारों की संख्या में बढ़िया वेतन वाले रोजगार पैदा हों और संपन्नता का एक पनाहगाह बनकर उभरे, ताकि यह पिछड़ा राज्य आगे बढ़ सके।



**- एनके मुरलीधर**

> मोदी विकास का दूसरा नाम बताये जा रहे हैं यह नारा सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन मोदी ने निजीकरण की जो गति तेज की है उससे बिहार, झारखंड और यूपी सहित पूरे उत्तर भारत की राज्यों में जहां औद्यागिक विकास की गति धीमी रही है आज भी सरकारी नौकरी युवाओं की पहली पसंद है।

आलोचकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी की उपलब्धियों पर जो सवाल उठाए उसका मुख्य आधार यही रहा है कि उन्होंने इस राज्य में दशकों से कायम संपन्नता एवं सक्षमता का फायदा उठाया। भारत के नेता के तौर पर मोदी आर्थिक एवं बदलावकारी प्रतिभा दशार्ने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं और कोविड-19 महामारी के समय उनके कमजोर प्रदर्शन से पहले ही यह बात उजागर हो चुकी थी। मोदी के लिए बिहार अपनी विकासपरक क्षमताएं दशार्ने के लिए एकदम साफ स्लेट है। बिजली, सड़क, पानी देने और कानून व्यवस्था की हालत सुधारने से जुड़ी अपनी उपलब्धियों के लिए तीन बार से मुख्यमंत्री पद पर आसीन नीतीश को सुशासन का खिताब दिया जाता रहा है। अगर बिजली देने के मामले में ही उनकी उपलब्धियां देखें तो बेहतर काम हुआ है। नीतीश के दौर में बिहार में बिजली खपत 700 मेगावॉट से बढ़कर 6,000 मेगावॉट हो गई और 'लालटेन युग' का खात्मा हो गया। लेकिन आज राजद सबसे बड़ा दल क्यों है? यह सवाल बिहारका महत्वपूर्ण सवाल है

लेकिन निश्चित रूप से बिहार के लोगों ने इस बदलाव को खुद महसूस किया है। फिर भी यह विडंबना ही है कि सुशासन के बावजूद बिहार अब भी बीमारू राज्यों में बना हुआ है और विकास के तमाम मानदंडों पर होने वाली रैंकिंग में अक्सर निचले पायदानों पर मौजूद रहता है।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय के महानिदेशक पद से सेवानिवृत्त गोविंद भट्टाचार्य ने 'इकनॉमिक सर्वे ऑफ बिहार' का हवाला देते हुए कई विसंगतियों को रेखांकित किया है। उनका कहना है कि बिहार की प्रति व्यक्तिआय राष्ट्रीय औसत के एक-तिहाई से भी कम है, सकल राज्य घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2015-16 और 2018-19 के दौरान एक फीसदी अंक गिरी है और राज्य के 38 में से 13 जिले देश के सर्वाधिक पिछड़े 117 जिलों में शामिल हैं। बिहार के निराशाजनक प्रदर्शन के इन संकेतकों को सामने रखने के साथ ही भट्टाचार्य यह भी कहते हैं कि इस स्थिति के लिए अकेले नीतीश को जिम्मेदार ठहराना अनुचित होगा। भारत में जनसेवा में लगा कोई भी व्यक्ति सुधारों की राह में खड़े संस्थागत अवरोधों से बखूबी परिचित होगा। जहां तक बिहार का सवाल है तो वह सामाजिक पिछड़ेपन एवं भ्रष्टाचार के अतीत में इस कदर फंसा हुआ है कि वहां पर बड़े सुधार ला पाना कोई छोटी चुनौती नहीं है।

बिहार राज्य की 75 फीसदी से अधिक आबादी के खेती पर ही निर्भर होने से कारखानों के लिए बड़े पैमाने पर जमीन तलाशना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। बिहार उन राज्यों में से एक है जहां जमीन का अधिग्रहण करना बहुत कठिन है क्योंकि यहां पर भूमि स्वामित्व के रिकॉर्ड ही नहीं हैं। हाल में शुरू की गई स्वामित्व योजना बिहार में जमीन के मालिकाना हक संबंधी रिकॉर्ड की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकती है जिससे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आसान हो सकती है। पहले हर संसदीय क्षेत्र में और अब हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का दावा करने वाले पीएम मोदी का यह समझ बेहतरीन है लेकिन इसमें झारखंड कहां है? खस्ताहाल स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्रीय फंड देने के साथ ही केंद्र की स्वास्थ्य बीमा योजना का विस्तार भी कर सकते हैं। उकाशी प्रतीक है कायाकल्प का लेकिन दिल्ली का रास्ता झारखंड बिहार और काशी और अब अयोध्या (यूपी) होकर ही जाता है।

(लेखक खबर मन्त्र से जुड़ें हैं।)

**झारखंड** के हुनरमंद क्रिकेटर रॉबिन मिंज जी, विराट सिंह जी, कुमार कुशाग्र जी और सुशांत मिश्रा जी को आईपीएल में चयन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

**संसद** परिसर में माननीय उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के माननीय सभापति श्री जगदीप धनखड़ जी के प्रति विपक्ष का असंसदीय, अशोभनीय और अक्षम्य आचरण अलोकतांत्रिक होने के साथ ही उनके कुसंस्कारों को भी दशार्ता है।

**–योगी आदित्यनाथ**





**जगदीप** धनखड़ जी का जिस शर्मनाक तरीके से तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी ने अपमान किया है, वह भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं पर एक काला धब्बा है।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

खास बात

## झारखंड का सजृन किया अटल जी ने



(99 वी जयंती पर विशेष)

**विजय केसरी**

**झारखंडवासी** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के पृथक झारखंड प्रांत गठन के अवदान को कभी विस्मृत नहीं कर सकते हैं। पृथक झारखंड के लिए 1956 में बाबू राम नारायण सिंह ने लोकसभा में पहली बार उसके औचित्य पर अपनी बात प्रस्तुत किया था। तभी वाजपेई जी को यह बात समझ में आ गई थी कि झारखंड अलग प्रांत का गठन क्यों जरूरी है ? झारखंड अलग प्रांत निर्माण से पूर्व झारखंड के विभिन्न जिलों में उनका दौरा बराबर होता रहता था। वाजपेई जी की जनसभाओं में अपार जनसमूह उन्हें सुनने के लिए एकत्रित होते रहे थे। वाजपेई जी झारखंड आंदोलन से जुड़े स्वर्गीय जयपाल सिंह, शिबू सोरेन, स्वर्गीय निर्मल महतो, स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो आदि नेताओं के संघर्ष को बखूबी समझते थे। उनका पूर्ण मत था कि भाषा, रीति रिवाज, परंपरा आदि के कारण झारखंड अलग प्रांत का गठन होना ही चाहिए । इस संबंध में झारखंड के कई नेताओं से उनकी निजी तौर पर बातचीत होती रहती थी।

अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने झारखंड अलग प्रांत गठन में निजी तौर पर अहम भूमिका निभाई थी। तब जाकर 15 नवंबर 2000 में अलग झारखंड प्रांत का गठन संभव हो पाया था।

अटल बिहारी वाजपेई अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए सदा याद किए जाते रहेंगे। भारतीय राजनीति में उनका प्रवेश कुछ विशेष कार्यों को करने के लिए हुआ था। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने भारतीय राजनीति को जो दिशा दी, सदा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय राजनीति के इर्द-गिर्द ही बीता था । उनका जन्म 25 दिसंबर 19 24 को हुआ था। अर्थात भारत की आजादी से मात्र 23 वर्ष पूर्व उनका इस धरा पर आना हुआ था। उन्होंने युवावस्था में प्रवेश करते ही देश की आजादी के एक सेनानी के रूप में अपना नाम दर्ज करवा लिया था। उन्हें छात्र जीवन से ही राजनीति बहुत पसंद थी।

# मोदी का करिश्मा: गोवा से ज्यादा पर्यटक पहुंचने लगे काशी

**आर.के. सिन्हा**

पर्यटन

आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में 7.02 करोड़ टूरिस्ट वाराणसी पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र 85 लाख टूरिस्ट । यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ( अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजा-विधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत का दिये गये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनीतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था क संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी। लेकिन, गंगा की ह्यह्यब्रांडिंगह्नह्न तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टूरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे । वाराणसी के चाहुमुर्खी विकास ने पर्यटकों को भरपूर आकर्षित किया क

काशी का गोवा को पीछे छोड़ना सामान्य बात नहीं है। आमतौर पर तो यही माना जाता था कि गोवा से ज्यादा टूरिस्ट कहीं जा ही नहीं सकते। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह कॉरिडोर सिर्फ एक भव्य इमारत नहीं है, बल्कि; यह हमारी आध्यात्मिक, परंपरा और गतिशीलता का प्रतीक है। यही नहीं यह काशी की आर्थिक समृद्धि में नए चैप्टर को जोड़ने का काम करेगा। अगर उन्होंने यह बात कही थी तो आंकड़े उसे प्रमाणित भी कर रहे हैं।

काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। काशी पूरे देश में उत्तर प्रदेश डोमेस्टिक टूरिज्म का हब बन गया है। इसके साथ ही काशी की यात्रा करने वाला हरेक शख्स बौद्ध पर्यटक केंद्र सारनाथ तो जाता ही है। भगवान बुद्ध ने बोध गया में आत्मज्ञान प्राप्त करने के पश्चात पहला प्रवचन यहां ही दिया था। उन्होंने जहां प्रवचन दिया था वहां पर धामेक स्तूप है। इस स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने 500 ईस्वी में करवाया था। हालांकि, कोविड के कारण बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों से काशी में उड़ानें नहीं आ रहीं हैं, पर अब श्रीलंका, थाईलैंड, साउथ कोरिया, जापान और शेष बौद्ध देश के नागरिक यहां आने लगे हैं। काशी से लेकर सारनाथ तक घूमते हुए रोज सैकड़ों विदेशी टूरिस्ट नजर आते हैं। जाहिर है, इनमें ज्यादातर बौद्ध देशों के ही होते हैं। इन सभी क्षेत्रों की देखरेख आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की तरफ से की जाती है। हम आमतौर पर सरकारी महकमों को उनकी काहिली के कारण कोसते हैं। लेकिन, इस जगह को आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित कर रहा है। बीते सावन के दिनों में काशी भर गया था टूरिस्टों से। आंकड़ों के मुताबिक सावन महीने में करीब 2.5 से 3 लाख पर्यटकों का रोजाना काशी में आगमन हुआ।

# कॉन्टेंट को समझें, कॉन्सेप्ट क्लियर करें सफलता मिलेगी

करियर

**रविवार** को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रालि द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था आगामी आइआइटी (जेइइ) एवं मेडिकल के परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक एवं अच्छा रैंक प्राप्त किये जाय एवं भविष्य में इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करे ताकि सफलता प्राप्त किये जाय। मौके पर बोलते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चो को किन बिन्दुओ पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास का जरूरत है। भौतकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतकी की तैयारी से सम्बंधति जानकारी दी और समारोह के अन्त मे न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रालि के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार जेइइ एवं मेडिकल की





तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय नौवी कक्षा ही है लेकिन अगर आप उसके बाद भी सक्रिय होते हैं और आपका एकेडमीक बेहतर है तो आफ सफलता अर्जित कर लेंगे।

आपके बेसिक बेहतर होने और सतत प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होगी। जो भी पढ़ाई करे बिल्कुल कॉन्टेंट को समझते हुए करें। पढ़ाई को बोझ न समझें।

पंकज कुमार एवं मदन मोहन के अनुसार, लोगों के मन में भ्रम है किय जेइइ या मेडिकल का एक्जाम काफी कठिन होता जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। इन्होने पाई चार्ट की मदद से समझाने की कोशिश किया कि पिछले पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से येह प्रतित होता है कि लगभग 40से 50 प्रतिशत प्रश्न काफी ही आसान होते जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है, 20से 30 प्रतिशत सवाल थोड़ा कठिन होता हैं उसे भी जिस बच्चे का बेसिक सही है बना सकते है और 20 प्रतिशत प्रश्न कठिन होते है जो सिर्फ अच्छे बच्चे से ही बन सकता है। अगर कठिन प्रश्न हटा भी दे तों लगभग 80 प्रतिशत प्रश्न सभी से बन सकते है और बच्चों को चुनाव 40 प्रतिशत अंक लाने के बाद से ही शुरू हो जाते हैं।

प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीईआरटी के पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ न समझे उसे इन्जॉय करते हुये अपने लक्ष्य तक पहुंचे। क्विज विजेताओं को पुरस्कार भी दिये गये। संस्थान के 1100 से अधिक छात्र सफल हो चुके हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का धनवार पंचायत में हुआ समापन


कार्यक्रम में मौजूद विधायक व अन्य।

**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, महिला नेत्री सह मुखिया प्रतिनिधि ममता कुमारी, पंसस संतोषी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ और योजनाओं के प्रति रुझान से स्पष्ट है कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफल हो रहा है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। पंचायत वासियों को पक्के मकान का आशियाना उपलब्ध करा देंगे। धनवार पंचायत भवन का चहारदीवारी, धनवार और कोरियाडीह स्कूल का चहारदीवारी का मांग मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने विधायक उमाशंकर अकेला से किया। शिविर में कई योजनाओं का कृयान्वयन किया गया।

### दिव्य कल्याण आश्रम में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन


मौके पर उपस्थित लोग

**बरकट्ठा।** दिव्य कल्याण आश्रम में रविवार को विधायक अमित कुमार यादव के सौजन्य से प्रायोजक एचजेडीबी आरोग्यम हॉस्पिटल के सौजन्य से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घघाटन किया। उन्होंने कहा कि लोगो को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। लोगो को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व सतर्कता जरूरी है। स्वास्थ्य जांच शिविर में नेत्र जांच, शुगर, बीपी समेत सामान्य रोगों की जांच के बाद नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ, सामान्य रोग विशेषज्ञ चिकित्सक , स्वास्थ्य कर्मी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। शिविर में आठ सौ लोंगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। इनमें एक सौ लोंगो को मुफ्त में चश्मा और एक सौ मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए दवा दिया गया। शिविर में रोगियों का चेकअप डॉ अभिषेक ओर डॉ विवेक कुमार ने किया। शिविर को सफल बनाने में आरोग्यम हॉस्पिटल के प्रबंधक रवि कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, दुगार्नंद झा समेत आदि लोग शामिल थे।

### सूर्यदेव का मंदिर ऐतिहासिक होगा : राजसिंह चौहान


मंदिर निर्माण को लेकर उत्साहित लोग।

**बरही।** प्रखंड के बरहीडीह स्थित सूर्यमंदिर प्रांगण में मंदिर के निर्माण को लेकर भगवान केसरी की अध्यक्षता में सूर्यमंदिर निर्माण समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यरूप से सूर्यमंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सह सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि सूर्यमंदिर का निर्माण बरही के ऐतिहासिक छठ घाट बरहीडीह में सामुहिक सहयोग से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के अथक प्रयास के साथ आर्थिक सहयोग से किया जा रहा है। राजसिंह चौहान ने लोगों को बताया कि सूर्य भगवान हिंदुओं के लिए आस्था के देवता माने जाते है।

### सरकार पीड़ित परिवार को करे आर्थिक सहयोग : मनोज यादव


परिजनों से मिलते पूर्व विधायक व अन्य।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मलकोको निवासी सहायक शिक्षक शंकर राणा के आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मृतक शिक्षक के परिजनों से मिलकर अंतिम दर्शन कर नम आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट किया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सहायक अध्यापक को सरकारी सहायता मिलनी चाहिए। सहायक अध्यापक किसी तरह अपना जीविकोपार्जन करते है लेकिन उनके असमय चले जाने से आश्रित पूरा परिवार पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है इसलिए उन्हें यथासंभव सहयोग की जरूरत है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, सहायक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय दुबे, शिक्षक मथुरा प्रसाद, हीरालाल ठाकुर, अभिमन्यु यादव, बिजय यादव, संतोष निषाद, मनोज राणा, सचिन यादव सहित कई समाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### हजारीबाग विधायक ने किया कटकमसांडी प्रखंड का दौरा, लोगों से की बातचीत

# सभी के उत्थान को हैं सतत प्रयासरत : मनीष

#### तीन पंचायतों में 10.5 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत के कई गांव का सघन दौरा किया और करीब साढ़े 10 करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत डाटो खूर्द पंचायत स्थित गम्हरियाटांड़ रोड़ अवस्थित कूद नदी पर ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत 5 स्पेन के पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस पुल का निर्माण कुल राशि 4.5 रुपए करोड़ से होगा जिसका आने वाले एक साल में निर्माण कार्य पूर्ण होगा। इस पुल के निर्माण से कूद, डाटो, नदीपार, बारीकोला के लोगों को परैवातरी, पतीयातरी, बरगाबांध, महुदिया के ग्रामीणों को आपस में कनेक्ट करेगा। यहां से शाहपुर पंचायत पहुंचे जहां पंचायत के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बेतहर कनेक्टिविटी के लिए दो प्रमुख पथों के निर्माण की आधारशिला रखी गई। शाहपुर पंचायत के बाद ग्राम पंचायत ढौठवा पहुंचे। जहां करीब 3 करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला उन्होंने रखी। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की क्षेत्र के विकास और जनसेवा के साथ समाज की आधी आबादी के सम्मान और उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील है और भविष्य में भी रहेंगे। समाज के जरूरतमंद वर्गों की चिंता करना भी हमारा दायित्व है। मौके पर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, अनुराग मित्तल, लेखराज यादव और सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।


दौरे पर सदर विधायक व अन्य

### सऊदी अरब में फंसे मजदूरों की वापसी के लिए किशोरी राणा ने पीएम को लिखा पत्र

# सभी मजदूरों के लिए ठोस नीति बनाये सरकार : किशोरी राणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सऊदी अरब में फंसे मजदूरों की वापसी के लिए नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने पीएम को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से अवगत कराया है की झारखण्ड के 45 मजदूर सऊदी अरब में फंसे हुए हैं। सऊदी अरब में गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो के मजदुर हैं। इसमें गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के भी 11 मजदूर शामिल है। सभी मजदूर अलग- अलग गांवों के रहनेवाले हैं। मजदूरों के वहां फंसे होने से उनके परिजनों में भी मायूसी है। मजदूरों के साथ उनके परिजनों के द्वारा मजदूरों की वतन वापसी किए जाने की मांग की जा रही है। इधर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले किशोरी राणा ने कहा कि प्रवासी मजदूरों का विदेशों में फंसने का मामला लगातार सामने आता है। विदेश जाने वाले मजदूर वहां फंसे नहीं इसके लिए सरकार को कोई नीति बनाने की जरूरत है। पत्र में यह भी कहा गया है कि मजदूरों से सात महीने काम कराकर दो महीने का मजदूरी दी गई है। मजदूरी मांगने पर कंपनी के द्वारा मजदूरों को प्रताड़ित भी किया जा रहा है। सभी मजदूर कॉमर्शियल टेक्नोलॉजीज प्लस कंपनी में मजदूरी करते हैं। यहां यह भी बता दें कि सऊदी अरब में फंसे मजदूरों ने पिछले दिनों वीडियो वायरल कर वहां फंसे होने की बात कहते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से वतन वापसी में सहयोग की अपील की थी। नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने झारखंड सरकार के श्रम विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से अनुरोध किया मजदूरों का बकाया मजदूरी का भुगतान कराते हुए सकुशल वापसी की मांग की गई है।


गुहार लगाते मजदूर

### बगैर सुरक्षा तंत्र के काम करने को विवश है क्षेत्र के कामगार

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित कोल माइंस कंपनियों के एमडी ओ कोल कंपनियों के आउट सोर्सिंग एजेंसी/ ठेकेदारों के द्वारा बगैर किसी सुरक्षा तंत्र के काम लिया जा रहा है ! ऐसा ही ताजा मामला चट्टी बरियातू कोल माइंस के एमडीओ कोल माइनिंग कंपनी ऋत्विक के साइट पर देखा जा रहा है।

### असहाय के बीच किया कम्बल विरतण

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत सचिवालय में टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी के द्वारा बृद्ध,बिधवा , बिकलांग, असहाय के बीच 120 कंबल का वितरण किया गया, जिसमें वृद्ध मो.रेशमी, मो. मुशनी,मोहम्मद मिया, शकूर मिया,मुस्लिम कासिम, कैलाश राम, केदार महतो कारू महतो, रेशमी देबी, कोल्ही भुइयां रामलखन पांडेय महाबीर भुइयां, मो०चम्पा मो० पोखनी, मो० पचली, मो० जशोदा, धनंजय साव, रधिया देबी, चिंन्ता देबी समेत अन्य कई लाभुको के बीच किया गया।

### 50 गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित इस्लामिया उच्च विद्यालय प्रांगण में रविवार को सद्भावना मंच के तत्वावधान में गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि जानकी ठाकुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. एसजे अख्तर व समाजसेवी सीताराम प्रसाद ने लगभग 50 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते हुए मंच के कार्यों की सराहना की। मौके पर समाजसेवी सीताराम प्रसाद ने कहा कि गरीब-जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। मंच के अध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया है, ताकि इन सबों को ठंड से राहत मिल सके। उन्होंने की मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा की सद्भावना मंच आगे भी गरीब-जरूरतमंदों की सेवा व समाजहित में कार्य करता रहेगा। मौके पर मंच के सचिव नसीम अख्तर, खुर्शीद आलम, ईबरार आलम, राहुल कुमार, अभय यादव, संजय सिंह, जानकी ठाकुर, जफरूल, हबीब उल्लाह, मो. शफी आदि मौजूद थें।

# तरोताजा होने का एहसास कराते हैं ऐसे आयोजन : अमित कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती के छात्र-छात्राएं सचिव सह प्राचार्य अमित कुमार साहू के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ शैक्षणिक भ्रमण सह वनभोज के लिए हुंडरू फॉल रांची रवाना हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लेते हुए शिक्षकों से रांची के विभिन्न फॉलों और अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। साथ ही बच्चों ने शिक्षकों के साथ वनभोज में एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का सामुहिक रूप से लुत्फ उठाया। मौके पर विद्यालय के सचिव सह प्राचार्य अमित कुमार साहू ने कहा की शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होती है।


शैक्षणिक भ्रमण में शामिल सौंदा पब्लिक स्कूल के बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाएं

# पटेलनगर पैक्स कार्यालय में प्रखंड के फल-सब्जी उत्पादक समिति की आमसभा, कमेटी गठित

### अनिल सिंह अध्यक्ष, जयवीर दांगी सचिव व कोषाध्यक्ष बनी निशा देवी, दी गई बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पैक्स कार्यालय में शनिवार को पतरातू प्रखंड के फल-सब्जी उत्पादक समिति लिमिटेड की आमसभा हुई। इसकी अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने किया। आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि पतरातू बीसीओ राजेश एक्का, विशिष्ट अतिथि पतरातू प्रखंड के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार उपस्थित थें। आमसभा में फल-सब्जी उत्पादक समिति के समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सौंदा डी निवासी सह पूर्व उपप्रमुख अनिल सिंह को फल-सब्जी उत्पादक समिति का पतरातू प्रखंड अध्यक्ष, जयवीर दांगी को सचिव व निशा देवी को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में नकुल महतो, महावीर साव, शंभुनाथ राउत, सुनील कुमार सिंह, कलावती देवी, सीता देवी, सरिता देवी, सुमित्रा कुमारी शामिल हैं। नवमनोनित पदाधिकारियों को अतिथियों ने मनोनयन पत्र देकर बधाई दी। मौके पर नवमनोनित प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा की जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरा उद्देश्य होगा। उन्होंने कहा की सबों को एक सूत्र में पिरोकर समिति के समस्याओं का समाधान करना मेरा लक्ष्य होगा। धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह ने प्रस्तुत किया। मौके पर प्रेमनाथ विश्वकर्मा, मधु देवी, सोमनाथ राउत, बिरेंद्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, संजय कुमार बेदिया, बैजनाथ महतो, बलराम महतो, परना उरांव, मंटू महतो, मिथुन महतो, उपेंद्र बेदिया सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।


प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह को मनोनयन पत्र देते बीसीओ राजेश एक्का

### जरूरतमंदों की सेवा व समाजहित में कार्य करते रहेंगे रोटेरियन : प्रवीण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा और डिवाइन ओंकार मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन परमजीत सिंह धामी के नेतृत्व में लगे शिविर में डॉ. इफ्तेखार आलम व सहायक पी मोहंता द्वारा 64 लोगों के आंखों की जांच की गई। जिसमें 17 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाये गये। मौके पर क्लब के रोटेरियन सचिव सुनील प्रसाद ने बताया की शिविर में पाये गये सभी चिन्हित मरीजों का बीपी और शुगर जांच किया जायेगा। रिपोर्ट सही आने के बाद मोतियाबिंद के सभी मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए आगामी 4 जनवरी को डिवाइन ओंकार नेत्र अस्पताल रामगढ़ भेजा जायेगा। मौके पर रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा की क्लब अपने सामाजिक दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा व समाजहित में कार्य करना है।

## एक नजर में

### पंचायत के लोगों को बिचौलियों से हमेशा सतर्क रहने की जरुरत: पंसस प्रदीप मिश्रा

**कटकमसांडी।** प्रखंड के खुटरा पंचायत के पंसस प्रदीप मिश्रा ने अबुवा आवास के जांच में पर्यवेक्षक रामानंदन यादव व पंचायत सचिव श्रुति कुमारी के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य मंत्री, जनसंवाद, झारखंड सरकार, उपायुक्त हजारीबाग व बीडीओ वेदवंती कुमारी को प्रेषित किया गया है। पत्र में पंसस प्रदीप मिश्रा द्वारा कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा पंचायत में झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना अबुवा आवास के जांच टीम में शामिल पर्यवेक्षक व पंचायत सचिव पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाया गया है।

### तैयबा एकेडमी करमाही में तंजीमे ओलमाए अहले सुन्नत ने की बैठक

**केरेडारी।** प्रखंड स्थित मदरसा तैयबा एकेडमी करमाही में तंजीमें ओलमाए अहले सुन्नत के बैनर तले मुस्लिम समाज की एक बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता अजहर अल्ताफ साहब ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शिक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है।साथ ही दहेज पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध हो एवं डीजे बजाने पर रोक लगे।इसके अलावे समाजिक रूप से एकता पर बल दिया गया।बैठक में सेक्रेट्री हाफिज व कारी मौलाना फजरुल रहमान,कण्डाबेर से रमजान, इदरीश, बेलतु से फारूक,पगार से शमशेर, कलीम,मंगवा टाँड़ से वजीर, वारिश, यूसुफ, पांडु से बरकत अली, इम्तियाज, रौशन, पेटो से अयूब अंसारी, जावेद अंसारी, जमीरा से शमीम मिया, जहांगीर मियां, केरेडारी से दिलावर अंसारी,गुलाम नबी, इस्माइल मिया, गरीकला से मो मुबारक, शमशेर आलम, अफजल हुसैन, देवरिया से सलामत अंसारी, मौलाना हारून, मो रशीद,जोको से जलील मियां, मुबारक मिया, अबरार अंसारी, कर माही से इब्राहिम, सरफराज, शफीक अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चरही दुर्गा मंडप में गायत्री शक्ति पीठ की बैठक

**चरही।** गायत्री शक्ति पीठ हजारीबाग के द्वारा चरही दुर्गा मंडप प्रांगण में एक बैठक रखी गई। जिसमें नव चेतना राष्ट्र जागरण 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन मटवारी ग्राउण्ड हजारीबाग में 6 से 9 मार्च 2024 को होना तय है। इस निमित्त चरही के कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया गया और यहाँ के कार्यकताओं ने भी बढ़चढ़कर सहयोग करने का संकल्प लिया। इस निमित्त शान्ति कुंज हरिद्वार से आये कलश रथ को गांव- गांव में भ्रमण कराना तथा आयोजित यज्ञ कलशयात्रा में चरही का विशेष झांकि प्रस्तुत करना तय हुआ। इस बैठक में वरिष्ठ कार्यकताओं में बृज किशोर विश्वकर्मा, रघुनन्दन जी, नरेंद्र विद्यार्थि, संतोष जी, राजेंद्र जी, खोखा सिंह, रणविजय चौहान सहित दर्जनों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व है क्रिसमस : कांग्रेस मुन्ना सिंह

**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह रविवार को बिशप हाउस पहुंचे और बिशप आंनद जोजो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमसट्री दे कर क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने बिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर बिशप आनन्द जोजो ने भी मुन्ना सिंह को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुन्ना सिंह ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। मैं क्रिसमस पर्व के मौके पर पूरे हजारीबाग वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हू एवं प्रभु यीशु से हजारीबाग के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना करता हूं।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने दानिश खान

**बड़कागांव।** भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के अनुशंसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बादम निवासी दानिश खान को अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सैयद तनवीर अहमद ने घोषणा किया। वहीं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी हित एवं संगठन मजबूती के लिए दानिश खान को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है एवं आशा ही नहीं पुर्ण विश्वास है कि वे अपने दायित्व को निभाने में सफल होंगे जिससे पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

### अखिल भारतीय भुईयां समाज की बैठक संपन्न

**बड़कागांव।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति प्रखंड स्तरीय बैठक हाई स्कूल मैदान बड़कागांव में किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन शिक्षक महावीर राम ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता शबरी जयंती धूमधाम से प्रखंड में मनाया जाएगा और वन भोज सह भुईयां समाज मिलन समारोह जनवरी माह में किया जाएगा। मौके पर गिरजा भुइया, शंकर भुइयां, रामचन्द्र भुइयां कार्तिक भुईयां, संजय भुईयां, संतोष कुमार राम, फूलचंद राम, राजेश भुईयां शहीत दर्जनों लोग उपस्थित थी।

### ट्रांसफर होने के बावजूद पुराने कार्यस्थल पर ही जमे हुए हैं संकुल साधन सेवी

**बड़कागांव।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा ज्ञापांक1123 दिनांक 29/08/2023 स्थानांतरण आदेश के चार महीने बाद भी संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय बादम में कार्यरत तनवीर अख्तर को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बड़कागांव के पत्रांक-156 दिनांक 29/ 8/ 2023 के द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में तनवीर अख्तर संकुल साधन सेवी को संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय बादम के स्थान पर संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलस्वार,बड़कागांव में संकुल साधन सेवी के कार्यों के निष्पादन हेतु प्राधिकृत किया गया था।

### सफल आयोजन के लिए संघ ने सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया

**रजरप्पा।** मानवाधिकार सहयोग संघ भारत का झारखंड प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम रांची धुर्वा स्थित पुराने विधानसभा भवन में हुए सफल आयोजन के लिए संघ ने सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया। संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती ने बताया कि समारोह के सफल आयोजन में अथिति, मीडिया, केंद्र, प्रदेश, महिला मोर्चा के लोग एव विभिन्न जिले के पदाधिकारी सहित आये जनप्रतिनिधिगण एव आमंत्रित अथितियों का सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने 120 गरीबों को कराया भोजन, सेवा आगे भी रहेगा जारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपीएल फांउडेशन के मिशन जीरो हंगर बलकुदरा के सौजन्य से राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन पतल बेचने आने वाले गरीबो के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व उमाशंकर जायसवाल ने लगभग 120 गरीब-असहाय जरूरतमंदों के बीच पाव-भाजी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया की पिछले आठ वर्षों से सबों के सहयोग से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जय श्री मेहता, रविंद्र पांडेय, लखन राम, मो. शाहिद अली, संजू सिन्हा, कन्हैया कुमार, रमेश सोनी आदि का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्रहित पर सदैव अटल




**डॉ दिलीप अग्निहोत्री**

**पूर्व** प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में राष्ट्र ने पहली बार सुशासन को देशभर में क्रियान्वित होते देखा। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में देश ने पहली बार सुशासन को चरितार्थ होते देखा। जहां एक ओर उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना जैसे विकासशील कार्य किए, वहीं दूसरी ओर पोखरण परीक्षण एवं कारगिल विजय से मजबूत भारत की नींव रखी। अटल बिहारी वाजपेयी अजातशत्रु थे। इसका कारण यह था कि उन्होंने सदैव सिद्धान्तों को महत्व दिया। किसी के प्रति उनका व्यक्तिगत रागद्वेष नहीं था। विपक्ष और सत्ता धर्म दोनों का उन्होंने बखूबी निर्वाह किया। वह कांग्रेस की जम कर आलोचना करते थे, लेकिन जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया तो वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के साथ खड़े हुए। आज के नेताओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। अटल जी के योगदान को देश कभी नहीं भुला पाएगा। भारत को उन्होंने परमाणु शक्ति बनाया। एक नेता के रूप में, सांसद के रूप में, मंत्री के रूप में और प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी हमेशा सभी के लिए आदर्श रहे हैं।

भारत के विकास एवं लोगों के लिए वाजपेयी का अतुलनीय योगदान हमेशा याद किया जाएगा और देश के लिए उनकी दूरदृष्टि आगामी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विपक्ष और सत्ता धर्म दोनों का उन्होंने बखूबी निर्वाह किया। वर्तमान में केंद्र और प्रदेशों की भाजपा सरकारें सुशासन के मार्ग का अनुसरण कर रहीं हैं। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रगति पर है। इस अवधि में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव का जागरण हो रहा है। सदियों से चल रही समस्याओं का समाधान हो रहा है। दशकों से लंबित योजनाएं पूरी हुई हैं। सामरिक क्षेत्र में भारत अब निर्यातक बन गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का महत्व और प्रभाव बहुत बढ़ा है। जी-20 की अध्यक्षता में भारत ने नया अध्याय जोड़ा है। अटल बिहारी वाजपेयी ऐसा ही शक्तिशाली भारत बनाना चाहते थे। भारत को उन्होंने परमाणु शक्ति बनाया। एक नेता के रूप में,सांसद के रूप में, मंत्री के रूप में और प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी हमेशा सभी के लिए आदर्श रहे है। वह महान वक्ता अजातशत्रु, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों के वाहक,राष्ट्रवादी कवि, कुशल प्रशासक थे।

राजनीति और राजनीति शास्त्र दोनों अलग क्षेत्र हैं। राजनीति में सक्रियता या आचरण का बोध होता है, राजनीति शास्त्र में ज्ञान की जिज्ञासा होती है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इन दोनों क्षेत्रों में समान रूप से आदर्श का पालन किया। राजनीति में आने से पहले वह राजनीति शास्त्र के विद्यार्थी थे। कानपुर के डीएवी कॉलेज में नई पीढ़ी भी उनकी यादों का अनुभव करती है। अटल जी उन नेताओं में शुमार थे, जिनके कारण किसी पद की गरिमा बढ़ती है। डीएवी में जाने पर अनुभूति होती है कि यहीं कभी अटल जी विद्यार्थी के रूप में उपस्थित रहते थे। कालेज के प्रथम तल पर कमरा नम्बर इक्कीस में वह बेंच पर बैठते थे। डीएवी कानपुर में अटल जी के गुरु रहे प्रोफेसर मदन मोहन पांडेय के निर्देशन में मुझे पीएचडी करने का सौभग्य मिला। अकसर बातचीत में वह अटल जी की चर्चा करते थे। इससे यह पता चला कि अटल जी बहुत होनहार विद्यार्थी थे, उनमें ज्ञान के प्रति जिज्ञासा थी। प्रोफेसर पांडेय के निर्देशन में पीएचडी करने के बाद शिक्षक के रूप में मेरी नियुक्ति इसी विभाग में हुई।

यहां प्रवेश करते ही अटल जी की फोटो दिखाई देती है। नीचे पूर्व प्रधानमंत्री नहीं,बल्कि पूर्व छात्र लिखा है। यहां बैठने पर ऊपर एक सूची पट्ट दिखाई देता है। उन्नीस सौ सैंतालीस पर नजर टिक जाती है। इसमें विद्यार्थी का नाम लिखा है- अटल बिहारी वाजपेयी... डिवीजन प्रथम, पोजिशन द्वितीय। यह वह समय था जब कानपुर विश्वविद्यालय अस्तित्व में नहीं था। डीएवी आगरा विश्वविद्यालय से संबंद्ध था। इतने बड़े विश्वविद्यालय में अटल जी ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। अटल जी ने राजनीति शास्त्र में एमए करने के बाद यहीं अगले वर्ष एलएलबी में दाखिला लिया था। सरकारी नौकरी से अवकाश ग्रहण करने के बाद उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी लाल वाजपेयी ने भी विधि स्नातक करने का निर्णय किया था।

सात दशक के राजनीतिक जीवन में उनका दामन बेदाग रहा। सत्ता मिली तब भी सहज रहे। सत्ता उद्देश्य नहीं बल्कि दायित्व था। विपक्ष में ही सत्तर वर्ष रहे, राष्ट्र के लिए वैसा ही समर्पण रहा। तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहराव ने उन्हें भारत का पक्ष रखने के लिए जिनेवा भेजा था। अटल जी ने अपने इस दायित्व को बखूबी निभाया। वह अपने लिए नहीं देश और समाज के लिए जिये। उनका जीवन प्रेरणादायक है। अटल जी के राजनीतिक जीवन में लखनऊ का विशेष महत्व है। कानपुर डीएवी से शिक्षा पूर्ण करने के बाद वह लखनऊ आये थे। यहां उन्होंने राष्ट्रधर्म का सम्पादन किया। यह कार्य राष्ट्रभाव के मिशन का ही स्वरूप था। अटल जी ने इसके माध्यम से राष्ट्र व समाज की सेवा का व्रत लिया था। उनकी चुनावी राजनीति की दृष्टि से भी लखनऊ उल्लेखनीय पड़ाव था। यहां से वह चुनाव में पराजित भी हुए थे, लेकिन फिर एमपी से पीएम तक का सफर भी लखनऊ से ही तय किया था।

पूर्ण क्षमता, निष्ठा, ईमानदारी और मयार्दा के साथ दायित्व निर्वाह ही कर्म कौशल होता है। ह्ययोगः कर्म कौशलम इस अर्थ में अटल बिहारी वाजपेयी कर्मयोगी थे। राजनीति में ऐसे कम लोग ही हुए हैं जो कुर्सी नहीं, कर्म से महान बने। अटल जी ऐसे ही लोगों में से एक थे। अटल जी लगभग दशक भर से सार्वजनिक जीवन से दूर थे। किसी विषय पर उनका कोई बयान नहीं आता था। इसके बावजूद उनका मुख्यधारा में बने रहना अद्भुत था। बड़े-बड़े नेता उनके घर जाकर सम्मान की औपचारिकता का निर्वाह करते थे। अटल जी किसी पद के कारण महत्वपूर्ण नहीं थे। वैसे भी छह दशक के सार्वजनिक जीवन में वह मात्र आठ वर्ष ही सत्ता में रहे, इसमें तेरह दिन, तेरह महीने और फिर पांच वर्ष प्रधानमंत्री रहे। शेष राजनीतिक जीवन विपक्ष में ही बीता। लेकिन विपक्ष और सत्ता दोनों क्षेत्रों में उन्होंने उच्च कोटि की मयार्दा का पालन किया।

अटल जी का राजनीति में पदार्पण विपरीत परिस्थितियों में हुआ था। सम्पूर्ण देश में कांग्रेस का वर्चस्व था। संसद से लेकर विभिन्न विधानसभाओं में उसका भारी संख्याबल होता था। इसके अलावा आजादी के आंदोलन से निकले वरिष्ठ नेता कांग्रेस में थे। ऐसे में जनसंघ जैसी नई पार्टी और युवा अटल के लिए रास्ता आसान नहीं था। राजनीति जीवन का यह उनका पहला दायित्व था। जनसंघ के विचार अभियान में मुख्यधारा में पहचान बनाना चुनौती पूर्ण था। अटल जी में विलक्षण भाषण क्षमता थी। इसे उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा से मजबूत बनाया।1957 में वह लोकसभा पहुंचे थे। सत्ता के संख्याबल के सामने जनसंघ कहीं टिकने की स्थिति में नहीं था। अटल जी ने यह चुनौती स्वीकार की। कमजोर संख्या बल के बाबजूद अटल जी ने जनसंघ को वैचारिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। यहीं से राजनीति का अटल युग प्रारंभ हुआ। विपक्ष की राजनीति को नई धार मिली। अटल जी विपक्ष में रहे, उनके भाषण सत्ता को परेशान करने वाले थे, लेकिन किसी के प्रति निजी कुंठा नहीं रहती थी। पाकिस्तान के आक्रमण के समय उन्होंने विरोध को अलग रख दिया। सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया। राजनीत की जगह उन्होंने राष्ट्र को महत्व दिया। आज विपक्ष सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाता है।

अटल जी सत्ता में आये तो लोककल्याण के उच्च मापदंड स्थापित कर दिए। विदेश मंत्री बने तो भारत का विश्व में गौरव बढ़ा दिया। संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी गुंजाने वाले पहले नेता बन गए। यह अटल जी का शासन था, जिसमें लगातार इतने वर्षों तक विकास दर सर्वाधिक बनी रही। अटल जी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। अटल जी सबसे पहले 1996 में तेरह दिन के लिए प्रधानमंत्री बने और बहुमत साबित नहीं कर पाने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। 1998 में अटल जी दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। यह सरकार तेरह महीने ही चली क्योंकि सहयोगी दलों ने उनसे समर्थन वापस ले लिया था। 1999 में वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया। इतना ही नहीं उपलब्धियों का रिकार्ड बनाया। पोखरण में परमाणु परीक्षण का निर्णय अटल जी ने किया था। इस परीक्षण के बाद दुनिया के शक्तिशाली देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए। अटल जी ने प्रतिबन्धों का डट कर मुकाबला किया। फिर ऐसा समय आया जब प्रतिबंध लगाने वाले देश भारत से संबन्ध सामान्य करने को आतुर हो गए।

अटल जी विश्व के भी महान नेता बन गए। वह जब विदेश मंत्री थे, तब दुनिया सोवियत संघ और अमेरिकी खेमे में विभक्त थी। अटल जी ने दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया। जब वह प्रधानमंत्री बने तो विश्व की राजनीति बदल चुकी थी। सोवियत संघ का विघटन हो गया था। अटल जी ने इसमें भी भारत के अलग प्रभाव को बुलंद किया। पाकिस्तान से संबन्ध सुधारने के लिए बस यात्रा की। यह उनका उदार चिंतन था। लेकिन पाकिस्तान नहीं बदला। यह उसकी फितरत थी। देश के बड़े शहरों को सड़क मार्ग से जोड़ने की शुरूआत भी अटल जी के शासनकाल के दौरान हुई। पांच हजार किलोमीटर से ज्यादा की स्वर्णिम चतुर्भुज योजना को तब विश्व के सबसे लंबे राजमार्गों वाली परियोजना माना गया था। दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई व मुम्बई को राजमार्ग से जोड़ा गया।

अटल जी ने गांवों को सड़क से जोड़ने का काम शुरू किया था। उन्हीं के शासनकाल के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरूआत हुई थी। इसी योजना से लाखों गांव सड़कों से जुड़े। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में पांच सौ या इससे अधिक आबादी वाले पहाड़ी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में ढाई सौ लोगों की आबादी वाले सड़क-संपर्क से वंचित गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ना था। अटल जी के शासनकाल में ही भारत में टेलीकॉम क्रांति की शुरूआत हुई।

स्पैक्ट्रम का आवंटन इतनी तेजी से हुआ कि मोबाइल के क्षेत्र में क्रांति की शुरूआत हुई। पाकिस्तान के घुसपैठियों ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर भारत के बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाली जगहों पर हमला किया। एक बार फिर पाकिस्तान को भागना पड़ा था। अटल जी अब हमारे बीच नहीं है। लेकिन अटल युग आज भी प्रासंगिक है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## पिता-पुत्र ने एक साथ रहकर पढ़ाई की



**डीएवी** छात्रावास में पिता-पुत्र एक ही कमरे में रहते थे। कभी पिताजी को देर होती तो अटल से पूछा जाता कि आपके पिताजी कहां हैं। जब अटल जी को देर हो जाती तो पिताजी से पूछा जाता आपके साहबजादे कहां हैं। लेकिन हंसी मजाक का यह दौर ज्यादा नहीं चला। एक वर्ष बाद ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से मिले दायित्व को संभालने के लिए अटल जी लखनऊ आ गए। विधि स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं हो सकी। अटल जी राजनीति शास्त्र में डिग्री हासिल करना चाहते थे। लेकिन उनके पिता आर्थिक रूप से खर्च वहन करने में असमर्थ थे। तत्कालीन राजा जीवाजी राव सिंधिया को जानकारी हुई तो उन्होंने वाजपेयी जी को छात्रवृत्ति देने की व्यवस्था की। छात्रवृत्ति लेकर कानपुर आए और डीएवी कॉलेज से राजनीति शास्त्र में परास्नातक किया। इस दौरान अटल जी को हर माह पचहत्तर रुपये मिलते रहे।

डीएवी में प्रोफेसर मदन मोहन पांडेय नियमित क्लास लेते थे। अटल जी छुट्टी नहीं लेते थे। लेकिन इतने मात्र से उनकी जिज्ञासा शांत नहीं होती थी। अटल जी कर्मयोगी थे। विद्यार्थी थे, तब ज्ञान प्राप्त करने में पूरी ऊर्जा लगा दी। पत्रकारिता में गए तो उसे भी पूरी क्षमता से अंजाम दिया। राजनीति में गए तो उच्च मयार्दाओं की स्थापना कर दी। उन्होंने उस दौर में राजनीति शुरू की थी, जब जनसंघ सत्ता की लड़ाई से बहुत दूर थी। माना जाता था कि यह पार्टी विपक्ष में रहने के लिए बनी है। इसके बाबजूद अटल जी जब बोलते थे, तब प्रधानमंत्री सहित जनसंघ के विरोधी भी ध्यान से सुनते थे। संख्या बल कमजोर था, लेकिन विचार मजबूत थे। शायद यही कारण था कि जवाहर लाल नेहरू ने उन्हें भविष्य का प्रधानमंत्री बताया था।

## क्रिसमस में कर लें ये पांच काम परिवार पर होगी खुशियों की बरसात



**क्रिसमस** दुनिया के लगभग सभी देशों में मनाया जा जाता है. ईसाई धर्म के लिए, हिंदुओं की दिवाली की तरह बड़ा त्योहार होता है. इस रात दुनिया की हर एक चर्च बड़े खूबसूरत तरीके से सजाई जाती है. मान्यता है कि, क्रिसमस के दिन चर्च में जाने वाले हर सख्स को प्रभु यीशु का आशीर्वाद मिलता है. साथ ही इस रात सांता बच्चों के लिए उपहार लेकर आते हैं?. लेकिन इस रात कुछ ऐसे भी काम हैं, जिन्हें करने से प्रभु यीशु से जीवन भर खुश रहने का आशीर्वाद मिलता है.

दिसबर में आने वाला क्रिसमस का त्योहार एक दिन बाद है. क्रिसमस 25 दिसंबर को प्रभु यीशु के जन्मदिवस के दिन मनाया जाता है. इस दिन कुछ उपाय करने से प्रभु यीशु खुश होकर खुश रहने का आशीर्वाद देते हैं.

जरूरतमंदों को गुप्त दान करें: क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिवस खुशियां बांटने का त्योहार है. इसलिए, क्रिसमस की रात गुप्त दान करने से जीवन के सारे दुख दूर होते हैं और जिंदगी खुशियों से भर जाती हैं. इसके अलावा, क्रिसमस की रात जरूरतमंदों और बच्चों को उपहार जरूर दें. इस काम को करने से ईश्वर की भक्ति के समान फल प्राप्त होता है. गुब्बारों पर इच्छा लिखकर उडाएं: क्रिसमस की रात जरूरतमंदों को उपहार देने से जीवन में शुभ फल की प्राप्ति होती है. साथ ही ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है. मान्यता है कि क्रिसमस की रात गैस वाले गुब्बारों पर लाल रंग से अपनी इच्छा लिखकर इन गुब्बारों को हवा में उड़ाना चाहिए. ऐसा करने से वह इच्छा शीघ्र ही पूर्ण हो जाती है.

घर में लाल कैंडल जलाएं: क्रिसमस की अपने रात घर या प्रतिष्ठान में गुलाबी या लाल कैंडल जरूर जलाना चाहिए. हालांकि, आर्थिक समृद्धि के लिए हरे रंग की मोमबत्ती जलाएं. इसके अलावा, घर में सुख शांति बनाए रखने के लिए सफेद रंग की मोमबत्ती जलाएं. ऐसा करने से जीवन कल्याणकारी होता है. (कैं- उंल्ल५)

भूखे को भोजन कराएं: क्रिसमस की रात भूखे व्यक्ति को भोजन कराने से प्रभु यीशु प्रसन्न होते हैं. इसलिए क्रिसमस पर यदि कोई भूखा दिख जाए तो उसे भरपेट भोजन जरूर कराएं. इस काम को करने से घर में बरकत होती है. साथ ही परिवार में खुशियां बढ़ती हैं.

मदर मैरी की मूर्ति दें: क्रिसमस के दिन मदर मैरी की मूर्ति, जिसमें उन्होंने जीजस को गोद में उठा रखा हो, इस मूर्ति को ऐसी महिला को तोहफे में दें, जिन्हें संतान की प्राप्ति नहीं हो रही हो. ऐसा करने से उसका दामन खुशियों से भर सकता है. साथ ही अन्य कष्टों से भी

क्रिसमस के इतिहास को लेकर हमेशा से इतिहास कारों में मतभेद रहा है। कई इतिहास-कारों के अनुसार, यह त्योहार प्रभु यीशु के जन्म के बाद से मनाया जाने लगा। तो वहीं कईयों का ऐसा मानना है कि ये पर्व यीशु के जन्म के पूर्व से ही मनाया जा रहा है। कुछ इतिहासकार ऐसा मानते हैं कि क्रिसमस पर्व रोमन त्यौहार सैंचुनेलिया का ही नया रूप है। सैंचुनेलिया रोमन देवता है। कहते हैं जब ईसाई धर्म की स्थापना हुई तो उसके बाद से लोगों ने यीशु को ही अपना ईश्वर मानकर सैंचुनेलिया पर्व को ही क्रिसमस डे के रूप में मनाना शुरू कर दिया।जानकारी अनुसार सन 98 से लोग इस पर्व को मना रहे हैं। लेकिन सन 137 में रोमन बिशप ने आधिकारिक रूप से क्रिसमस पर्व को मनाने की घोषणा की थी। हालांकि तब इसे मनाने का कोई निश्चित दिन तय नहीं हुआ था। लेकिन बाद में सन 350 में रोमन पादरी यूलियस ने 25 दिसंबर को क्रिसमस डे के रूप में बनाने की घोषणा की।

एक अन्य मान्यता के अनुसार पहले धर्माधिकारी 25 दिसंबर को क्रिसमस डे मनाने के लिए तैयार नहीं थे। क्योंकि ये रोमन जाति के एक त्योहार का दिन था, जिसमें लोग सूर्य देवता की आराधना करते थे। क्योंकि माना जाता था कि इसी दिन सूर्य का जन्म हुआ था। लेकिन जब ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार होने लगा तो ऐसा माना गया कि यीशु ही सूर्य देवता के अवतार हैं और फिर इस तरह से यीशू की पूजा होने लगी।

# पूरी दुनिया में सामाजिक पर्व बना क्रिसमस

क्रिसमस के दिन लोग अपने घरों को सुंदर तरीके सजाते हैं और क्रिसमस ट्री लगाते हैं। साथ ही चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं और कैंडल जलाते हैं। इसके अलावा तमाम तरह के व्यंजन बनाकर और पार्टी करते हैं और केक काटकर इस त्योहार को मानते हैं।

हर साल 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाया जा रहा है। यह ईसाई धर्म का प्रमुख पर्व है। इस पर्व को भारत समेत पूरी दुनिया में धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस का पर्व ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु यीशु के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस के दिन लोग अपने घरों को सुंदर तरीके सजाते हैं और क्रिसमस ट्री लगाते हैं। साथ ही चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं और कैंडल जलाते हैं। इसके अलावा तमाम तरह के व्यंजन बनाकर और पार्टी करते हैं और केक काटकर इस त्योहार को मानते हैं। वहीं छोटे बच्चों को इस दिन अपने सांता क्लॉज का इंतजार रहता है। इस दिन बच्चों को चॉकलेट्स और गिफ्ट्स मिलते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि हर साल 25 दिसंबर को ही क्रिसमस का पर्व क्यों मनाया जाता है और इसके पीछे की मान्यता क्या है...

क्रिसमस क्यों मनाया जाता है?

ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार प्रभु यीशु मसीह का जन्म 25 दिसंबर को हुआ था, जिसकी वजह से इस दिन को क्रिसमस के तौर पर मनाया जाता है। यीशु मसीह का जन्म मरियम के घर हुआ था। मान्यता है कि मरियम को एक सपना आया था। इस सपने में उन्हें प्रभु के पुत्र यीशु को जन्म देने की भविष्यवाणी की गई थी।

इस सपने के बाद मरियम गर्भवती हुई और गर्भावस्था के दौरान उनको बेथलहम में रहना पड़ा। कहा जाता है कि एक दिन जब रात ज्यादा हो गई, तो मरियम को रुकने के लिए कोई सही जगह नहीं दिखी। ऐसे में उन्होंने एक ऐसी जगह पर रुकना पड़ा जहां पर लोग पशुपालन किया करते थे। उसी के अगले दिन 25 दिसंबर को मरियम ने यीशु मसीह को जन्म दिया।



यीशु मसीह के जन्म स्थल से कुछ दूरी पर कुछ चरवाहे भेड़ चरा रहे थे। कहा जाता है कि भगवान स्वयं देवदूत का रूप धारण कर वहां आए और उन्होंने चरवाहों से कहा कि इस नगर में एक मुक्तिदाता का जन्म हुआ है ये स्वयं भगवान ईसा हैं। देवदूत की बात पर यकीन करके चरवाहे उस बच्चे को देखने गए।

देखते ही देखते बच्चे को देखने वालों की भीड़ बढ़ने लगी। लोगों का मानना था कि यीशु ईश्वर का पुत्र है और ये कल्याण के लिए पृथ्वी पर आया है। मान्यता ये भी है कि प्रभु यीशु मसीह ने ही ईसाई धर्म की स्थापना की थी। यही वजह है कि 25 दिसंबर को क्रिसमस के त्योहार के रूप में मनाया जाता है। नव वर्ष शुरू होने से 5 दिन पहले क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार को सभी लोग मिलकर धूमधाम से मनाते हैं। क्रिसमस को बड़ा दिन भी कहते हैं। ईसाई धर्म की मान्यताओं अनुसार इस दिन यीशु यानि प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था। इसलिए गिरजाघरों में इस दिन लोग एकत्रित होकर प्रभु यीशु की अराधना करते हैं और यीशु की जन्म गाथा की झांकियां प्रस्तुत की जाती हैं। जानिए क्रिसमस का इतिहास क्यों मनाया जाता है क्रिसमस का त्योहार, जानें मैरी क्रिसमस की कहानी हिंदी में बच्चों के लिए

### कौन हैं सांटा क्लॉस?

ईसाई धर्म के प्रभु यीशु की मौत के 280 साल बाद संत निकोलस का जन्म हुआ था। संत निकोलस काफी अमीर थे। वे अपनी दयालुता और उदारता के लिए जाने जाते हैं। वे हमेशा गरीबों की सहायता करते थे। यहां तक कि उन्होंने अपनी सारी संपत्ति जरूरतमंदों की सेवा में लगा दी थी। उन्हीं संत निकोलस को आज सेंटा क्लॉस के नाम से जाना जाता है। इन्हें बच्चे बेहद पसंद थे और वे बच्चों को ढेर सारे गिफ्ट भी देते थे।

स्पीड न्यूज

## बोकारो स्टील में अवैध कब्जे वाले आवास खाली कराए गए

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा अनाधिकृत कब्जे वाले आवासों को खाली कराने के अभियान के तहत सेक्टर 5 डी में आवास संख्या 2048 व 2047 सेक्टर 4 ई 3054 सेक्टर 12 सी में क्वार्टर नंबर 3093 तथा सेक्टर 9 बी में क्वार्टर नंबर 0530 खाली कराए गए। मजिस्ट्रेट मनोज कुमार की मौजूदगी में होमगार्ड जवानों के सहयोग से आवास खाली कराए गए तथा उनके सामान भी जब्त कर लिए गए।

## चिरकुंडा में श्याम महोत्सव की तैयारी जारी

**चिरकुंडा।** तीन बाणधारी भक्त मंडल चिरकुंडा द्वारा 15 वां दो दिवसीय वार्षिक श्याम महोत्सव मनाने को लेकर तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई हैं। इसी को लेकर चिरकुंडा उपर बाजार में मंडल के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम महोत्सव को ले नववर्ष में 6 जनवरी को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। निशान यात्रा में महिलाएं, बच्चे एवं भक्त मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। निशान यात्रा श्याम बाबा के नेतृत्व में चिरकुंडा से पश्चिम बंगाल के नियामतपुर स्थित श्री श्याम मंदिर तक जाएगी। वहीं 7 जनवरी को चिरकुंडा स्थित प्रकृति फार्म हाउस( ओल्ड एफसीआई गोदाम) में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा जहां संध्या में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## चुटुगढ़ा में मेला को लेकर बैठक संपन्न

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत मायापुर पंचायत वा चांपी पंचायत में पड़ने वाली ग्राम चोटुगड्ढा में चंदा पहाड़ ;मरंग टोंगरीद्ध बोंगा डाढ़ी में आगामी 22 जनवरी को मेला लगाने को लेकर एक बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता मायापुर मुखिया नाम किशोर मांझी व संचालन सेवालाल मुर्मू ने किया। इस बैठक में निर्णय लिया गया की मेला के साथ .साथ अगल .बगल गांव से संस्कृति आदिवासी सांस्कृतिक का भी इस मेला में प्रोग्राम किया जाएगा जो एक दिवसीय मेला रहेगा ।

## सोनपुरा में परिसंपत्तियों का वितरण

**बोकारो/कसमार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कसमार के सोनपुरा पंचायत में आयोजित शिविर में सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन पत्र लिये गये। अबुआ आवास योजना का सबसे अधिक 453 व अन्य विविध योजनाओं के 657 आवेदन लिए गए। कुछ का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया एवं स्वास्थ्य जांच 90 लोगों ने कराया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी मनीषा वत्स अनुपस्थित रही। प्रमुख नियोति कुमारी एवं अन्य के द्वारा बिरसा सिंचाई कूप योजना का स्वीकृति पत्र सावित्रीबाई फुले योजना का चेक जेएसएलपीएस महिला सदस्यों के बीच 15 लाख रुपए का लोन राशि व परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम बीडीओ अनिल कुमार सीओ सुरेश कुमार सिन्हा एमओ डॉ बीपी गुप्ता बीसीओ जीतेंद्र भगत मुखिया चंद्रशेखर हेंब्रम पंसस पुनम मरांडी सांसद प्रतिनिधि वाणेश्वर महतो विधायक प्रतिनिधि विमल जायसवाल पंचायत सचिव अभिषेक कुमार रोजगार सेवक के सहगल आदि मौजूद थे।

## हाथियों के झुंड ने घर में घुसकर खाया धान, किया घर वस्त

**धुरकी।** हाथियों के दो झुंड ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोती गांव के नटवा बर टोले निवासी ग्रामीण के घर में प्रवेश कर खपरैल घर को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया। हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। बरसोती गांव के नटवा बर टोले निवासी जीतन भुईयां के घर को हाथियों ने बुरी तरह वस्त कर दिया। इससे भयभीत ग्रामीणों ने बम पटाखे छोड़कर हाथियों को भगाने का प्रयास किया, लेकिन रात में हाथी गांव में रहते हैं और उत्पात मचाकर पुनः जंगल में चले जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी ग्रामीण भयभीत एवं काफी डरे सहमे हुए हैं, क्योंकि सोते समय भी डर बना रहता है कि हाथी कब आकर घर का सामान एवं घर को ध्वस्त कर दे।

# ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर घरों पर गिरे, तीन बच्चे घायल, मचा बवाल, प्रबंधक को पीटा

**नियमों को ताक पर रख कर आरके ट्रांसपोर्ट आउटसोर्सिंग कर रहा कोयला उत्पादन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/झरिया।** कुसुंडा एरिया 6 अंतर्गत ऐना आउटसोर्सिंग में शनिवार को द्वितीय पाली में हैवी ब्लास्टिंग की गई। ब्लास्टिंग इतना जोरदार था कि बड़े-बड़े पत्थर बगल की बस्ती इंडस्ट्री के टिकियापाडा के कई घरों में जा गिरे। इसके चपेट में आने से तीन साल के बच्चा मो.अफरीदी,हसनैन व अलिस घायल हो गया। बबलू, डबलू ,मो.फिरोज अंसारी व दानिश के घर मे पत्थर जाकर गिरे। जिससे इनके घर के करकट टूट गए। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने आरके ट्रांसपोर्ट आउटसोर्सिंग में काम कर रहे कर्मियों का अधिकारियों पर टूट पड़े। लोगों का उग्र रुप देख काम कर रहे कर्मी व अधिकारी वहां से भाग खड़े हुए। इस दौरान तीन घंटे तक उत्पादन ठप रहा। सूचना पाकर झरिया व बोरगढ़ पुलिस सहित सीआईएफ बल भी वहां पहुंची। शाम को ऐना कोलियरी प्रबंधक ललन कुमार और पीओ टी पासवान पुलिस बल के साथ इंडस्ट्री काली मंदिर के समीप ग्रामीणों से बातचीत करने पहुंची। प्रबंधक को देखते ही ग्रामीण भड़कते हुए प्रबंधक ललन कुमार को उसके वाहन से खींच कर बाहर निकाल दिया, और उसकी पिटाई कर दी। कुछ लोग पीओ टी पासवान के साथ भी धक्का मुक्की करने लगे। किसी तरह सीआईएसएफ ने प्रबंधक व पीओ को बचाते हुए उनके वाहन मे बिठाकर शीशा लगा सुरक्षित किया। इसके बाद भी ग्रामीण अधिकारियों को एक घंटा तक बंधक बना लिया। रविवार को ऐना कोलियरी कार्यालय मे वार्ता करने के पहल पर मामला शांत हुआ। बता दे कि रविवार को ऐना आउटसोर्सिंग के पूर्वी छोर पर काम चल रहा था। दोपहर 2:00 बजे अचानक ब्लास्टिंग की गई जहां बड़े-बड़े पत्थर उड़कर टिकियापड़ा मोहल्ले में जा गिरा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया।

### सायरन बजाये बगैर कर दी हेवी ब्लास्टिंग

टिकिया पड़ा निवासी मो इकराम अंसारी का आरोप है कि आए दिन इस आउटसोर्सिंग में हैवी ब्लास्टिंग की जाती है जिससे पास के घरों में कंपन होता है। ब्लास्टिंग के दौरान जाली का प्रयोग नहीं किया जाता है। इस आउटसोर्सिंग के विस्तारीकरण के चलते इस बस्ती के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। इनका यह भी आरोप है कि इस परियोजना में डीजीएमएस के नियमों को ताक पर रखकर उत्पादन किया जाता है। अगर हैवी बलास्टिंग पर रोक नहीं लगा तो चरणबद्ध आंदोलन की जाएगी।

## अवैध खनन के खिलाफ एसडीएम सीओ और पुलिस ने की छापेमारी



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। रविवार दिनांक 24 दिसंबर 2023 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निदेर्शानुसार बाघमारा अंतर्गत महुदा क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अनुमंडल पदाधिकारी बाघमारा अंचलाधिकारीए स्थानीय पुलिस एवं सीआईएसएफ के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध खनन का मुहाना पाया गया। साथ ही लगभग 1000 से अधिक बोरे में अवैध कोयला पाया गयाए जिसे सीआईएसएफ को सुपुर्द कर दी गई। वहीं जिस स्थान पर अवैध कोयला पाया गया उस जमीन के मालिक एवं अन्य संबंधित पर एफआईआर की कार्रवाई भाटडीह ओपी में की जा रही है।

## बांगिया संगीत परिषद परीक्षा में विद्यार्थियों ने की चित्रकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को जयप्रकाश नगर गली नंबर 10 स्थित धनबाद का ख्याति प्राप्त ड्राइंग इंस्टीट्यूट हॉबी सेंटर में बांगीया संगीत परिषद का वार्षिक परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया। सेवंथ और एटथ ईयर डिप्लोमा परीक्षा में झारखंड बिहार और वेस्ट बंगाल के विद्यार्थियों ने निर्धारित स्टिल लाइव और वाटर कलर से मार्केट सीन, फेस्टिवल एवं अन्य थीम के चित्रण को बहुत ही बारीकी से उकेर कर बहुत ही शानदार चित्रकारियां कोलकाता से आए जज सुशांत चक्रवर्ती के समक्ष प्रस्तुत की। सुशांत चक्रवर्ती ने बताया भारतीय चित्रकारी के इस सुनहरे सफर में देश के साथ बर्लिन, न्यूयॉर्क, फ्रांस मे भी आर्ट और कल्चर के एग्जीबिशन उनके तत्वाधान में देश की कला और संस्कृति के बनाए चित्रों ने एक शानदार छाप छोड़ी है। आज धनबाद के प्रख्यात ड्राइंग इंस्टीट्यूट हॉबी सेंटर में विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर एवं दमदार चित्रकारी पेश की है जिन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिसे प्राप्त कर किसी भी संस्थाओं एवं स्कूलों में शिक्षक का जॉब प्राप्त कर सकेंगे। हॉबी सेंटर के निदेशक एवं ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट शिव शंकर घर ने कहा यह परीक्षा बांगिया संगीत परिषद के नियमों एवं निदेर्शानुसार सुचारू रूप से संचालित किया गया है।

## जिला खनन टास्क फोर्स ने 156 टन अवैध कोयला लदे 11 वाहनों को किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला एवं बालू के अवैध खननए भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात गोविंदपुरए निरसाए बरवाअड्डा व बलियापुर में बड़े पैमाने पर औचक छापामारी अभियान चलाया। अभियान में अवैध कोयला लदे 11 वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त वाहनों पर लगभग 156 टन अवैध कोयला लदा हुआ था। निरसा में 3ए बरवाअड्डा में 2ए बलियापुर में 1 एवं गोविंदपुर में 1 एफआईआर दर्ज की गई है। निरसा के सपन गोराईए संकट मोचन इंडस्ट्रीज के मालिक अशोक तिवारी सहित ट्रक के चालक एवं मलिक पर प्राथमिक दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था श्री कमलाकांत गुप्ताए अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजकए निदेशक डीआरडीए श्री मुमताज अली अहमदए डीएसपी हेडक्वार्टर 1 श्री अमर कुमार पांडेयए जिला परिवहन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह माइंस इंस्पेक्टर श्री विनोद प्रमाणिक के अलावा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

जिला खनन टास्क फोर्स की टीम ने निरसा के खुदिया फाटक के पास 11ण्180 एमटी अवैध कोयला लदा ट्रक को जब्त किया। साथ ही संकट मोचन इंडस्ट्रीज के मालिक अशोक तिवारीए पिता परमहंस तिवारीए निरसा कांटा तथा अन्य के विरुद्ध निरसा थाना में प्राथमिकी दर्ज की है।

### जारी रहेगी छापेमारी : उपायुक्त

उपायुक्त ने बताया कि जिले में कोयला, बालू तथा अन्य खनिज के अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार ऐसा ही औचक छापामारी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## एक नजर में

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजेगाजे के साथ गृह संपर्क अभियान चलाया गया

**बारियातू।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को बारियातू में गाजेबाजे व जयकारे के साथ गृह सम्पर्क अभियान चलाया। जानकारी देते हुए विभाग मंत्री विजय यादव प्रखंड मंत्री चन्दन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष झूलन प्रसाद भगत, पंचायत अध्यक्ष अरविन्द प्रसाद गुड्डुल व पंचायत मंत्री राजन प्रसाद ने बताया की 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है जिसको लेकर लगातार 15 जनवरी तक गृह संपर्क अभियान चलाया जायेगा। जहां पूजित अक्षत, पत्रक व श्री राम मंदिर का चित्र यह तीन वस्तु को लेकर प्रत्येक हिन्दू घर में संपर्क करना है और आह्वाहन करते हुए निमंत्रण देना है कि 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपने ग्राम, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में सभी रामभक्त को एकत्र होकर भजन कीर्तन करना है। बड़े पर्दे पर अयोध्या का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव साथ में देखें शंखध्वनि, घंटानाद, प्रसाद वितरण करें। सभी मंदिरों में स्थित देवी देवता का भजन-कीर्तन-आरती-पूजा करना है। श्री राम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करना है। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ कर सकते हैं मंदिरों को अच्छे से सजाया जा सकता है। अपने-अपने घर को अच्छे से सजा सकते है, संभव हो तो उस दिन प्राण प्रतिष्ठा तक उपवास रखें। यदि संभव हो तो भंडारे का आयोजन भी कर सकते हैं।

### रैयतों की मांग को विधानसभा में उठाने पर विधायक को किया सम्मान

**लातेहार।** रैयतों की मांग को विधानसभा में उठाने पर विधायक रामचंद्र सिंह का रैयतों ने किया सम्मान। रविवार को एनएच विस्थापित संघर्ष समिति एवं रैयतों ने मंगरा बरवाडीह स्थित मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के आवास मंगरा पहुंचकर शॉल पुष्पमाला एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मान व आभार प्रकट किया। विदित हो कि विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामचंद्र सिंह ने रैयतों की समस्याओं को विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाया था। 20 दिसम्बर को शीतकालीन सत्र में उन्होंने एनएच 39 पर फोरलेन सडक निर्माण में अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का मुआवजा काफी कम होने को प्रमुखता से उठाया था उन्होंने कहा था एनएच द्वारा मुआवजा दर 211 से 10,000/- के बीच किया जा रहा है। जबकि भूमि का वर्तमान बाजार दर 6 से 7 लाख रुपए प्रति डिसमिल है इसलिए रैयतों को बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा दिया जाए। 21 दिसंबर को शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक ने जिले में वर्तमान सर्वे में भारी त्रुटि की ओर सदन का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में जो वर्तमान सर्वे हुई है। उसमें भारी खामियां हैं लगभग 75 से 80 पर्सेंट भूमि को बिहार सरकार दर्शा दिया गया है यह ऐसे जमीन है जिनमें लोग पीढ़ी के पीढ़ी रहते आ रहे हैं अपना जीवन यापन कर रहे हैं। घर बना कर रह रहे हैं ऐसे जमीन में रैयतों का वाजिब अधिकार है और 2016-17 तक इसका रसीद अद्यतन कटा हुआ है जबकि झारखंड सरकार 2019 में आदेश पारित की है कि जो सर्वे हुआ गलत हुआ है पुनः रिसर्वे करने का आदेश निर्गत है फिर भी जिला प्रशासन गलत खतियान और सर्वे को आधार पर रजिस्ट्री सहित अन्य कार्य करना गैर कानूनी है।

### गरीबों व युवाओं के विश्वास पर खरा नहीं उतरी हेमंत सरकार : अमर बाउरी



**मेदिनीनगर।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कारण राज्य में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। जिस तरह पद व गोपनियता के हेमंत सोरेन ने संविधान की रक्षा की शपथ ली थी, इसी तरह प्रवर्तन निदेशालय भी एक वैधानिक संस्था है। लेकिन लगातार छह बार सम्मन के बाद भी ईडी के समक्ष पेश नहीं होकर हेमंत सोरेन संविधान के विरूद्ध कार्य कर रहे है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्ष 2019 में पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने व अन्य लुभावन घोषणा पत्र के साथ हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन इन चार वर्षों में नौकरी तो क्या बेरोजगारी भत्ता भी देने में यह सरकारी नाकाम रही है। उल्टे नौकरी मांगने पर अभ्यर्थियों के उपर बेरहमी से लाठी चार्ज किया जा रहा है। उन्होंन राज्य में बालू संकट पर सीधे तौर पर हेमंत सोरने का जिम्मेवार बताया। पलामू में लगातार पड़ रहे खुखाड़ के बावजूद किसानों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। सभी वर्ष 2024 के आम चुनावों में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर वर्ष 2047 तक देश को आत्मनिर्भर बनाने को संकल्पित भाव से कार्य करा रहे है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण, मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडेय सहित नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गीता जयंती समारोह का आयोजन

मेदिनीनगर। गीता प्रचार समिति, पलामू के द्वारा समिति के संरक्षक श्रीधर प्रसाद द्विवेदी के सुदना स्थित आवास पर गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गणेश पांडेय ने की जबकि संचालन सचिव राकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर गीता के प्रचार में अमूल्य योगदान देने के लिए सुप्रसिद्ध छंदशास्त्री श्रीधर प्रसाद द्विवेदी को गीता प्रचार समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी विभाकर पांडेय ने कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। रविशंकर पांडेय ने कहा कि जब धर्म तुम्हारे साथ है तो जीत विजय तुम्हारे हाथ है। श्रीधर प्रसाद द्विवेदी ने गीता की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गीता मोक्षदायिनी है। हमें नियमित रूप से इसका अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम में अनुज कुमार पाठक,राम प्रवेश पंडित, धनन्जय पाठक,विद्यानाथ रमेश पांडेय,सिधेश्वर प्रसाद सिंह और रविशंकर पांडेय ने श्रीमद्भगवद्गीता के पांच-पांच श्लोकों का सस्वर पाठ किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में शंखध्वनि के साथ श्रीमद्भगवद्गीता की पूजा एवं आरती की गई।

## डीपीएस चास के बच्चों ने किया आकर्षक ड्रिल

**खेलकूद प्रतियोगिता**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पर्धा में बालक व बालिका वर्ग के लिए 100 मी रेस 200 मी 400 मी रेस रिले रेस चम्मच गोली संतुलन रेस हाई जंप लोंग जंप शॉट पुट बैग रेस डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने कहा कि खेल भावना को विद्यार्थी अपने जीवन में भी उतारें। किसी भी परीक्षा में एक नाकामयाबी विद्यार्थियों के जीवन को निर्धारित नहीं कर सकती है। इस दौरान उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और अपनी तरफ से भी उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बोकारो के डीईओ जगन्नाथ लोहरा ने कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर की और विभिन्न स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया। चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने छात्र के जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल शिक्षा का एक हिस्सा ही नहीं है बल्कि स्वयं पूर्ण शिक्षा है। समारोह स्पर्धा में 319 अंक लेकर गंगा हाउस ने पहले 256 अंकों के साथ सतलज हाउस दूसरे और 253 अंकों के साथ यमुना हाउस तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट एथलीट बालक वर्ग में कक्षावार राज टुड्डू व सौमदीप बालिका वर्ग में अक्षरा व रितिका रहे।

## बोकारो : डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड ने लगाया रक्तदान शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड की सीएसआर शाखा डीबीएफ ने प्लांट परिसर स्थित स्वास्थ्य केंद्र में रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो के उप कार्यकारी निदेशक और यूनिट हेड प्रिय रंजन ने किया। मौके पर श्री रंजन ने कहा कि रक्तदान महादान है एवं रक्तदान करने से कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं के प्रति आभार जताया। रेडक्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक के डॉ यू मोहंती ने शिविर के आयोजन को लेकर डालमिया सीमेंट बोकारो एवं सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार जताया। शिविर में कुल 52 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक के प्रतिनिधि द्वारा प्राप्त रक्त का संचयन करते हुए ब्लड बैंक में जमा लिया गया। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक के रंजन कुमार मिस मुजीबा खानम सचिन कुमार विकास कुमार तथा डालमिया सीमेंट स्वास्थ्य केंद्र के डॉ संतोष कुमार व उनके सहयोगी शिव कुमार मिश्रा राजीव कुमार सिंह बैजनाथ सनातन फागु महतो धनन्जय कुमार ओहदार संयंत्र के डॉ बलराम पंडा सुभाष कुमार तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर मायापुर पंचायत में संकल्प सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड के मायापुर पंचायत सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हमारा संकल्प विकसित भारत का आयोजन किया गया।इसमें सीओ अशोक रामए सचिव अवनि दासएरोजगार सेवक अशोक कुमार रजवारए राजस्व कर्मचारी शंकर पंडितए दशरथ मांझीए मुखिया नाम किशोर मांझीए संजय कुमारए कार्तिक मांझी एप्रभु करमाली अनिता कुमारीए आरती कुमारी जितेंद्र किसको लकी रामनिवास के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण जुटे । सीओ अशोक राम द्वारा पंचायत के प्रतिनिधियों के पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित पांच पंक्तियों के संकल्प को पढ़ा। उसमें संकल्प में कहा गया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगेए गुलामी के मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे एदेश की समृद्धि विरासत पर गर्व करेंगे भारत की एकता को सुदृढ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों को सम्मान करेंगेए नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे को पढ़कर दोहराया गया और सभी ग्रामीणों ने संकल्प लिया।

## हेमंत सरकार को है सबकी चिंता, 15 लाख लोगों का बनेगा ग्रीन कार्ड : मिथलेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेराल।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को मेराल प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव गेरुआ में करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर किया। जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमें मेराल डंडई मुख्य पथ में देवगाना स्टैंड से बजनवा टोला भाया बिछियादामर बस्ती, करियईजरही गेरूआडीह तक 8.150 किमी पथ निर्माण, देवगाना मोड़ से देवगाना पथ 1300 किमी पथ सुदृढ़ीकरण कार्य तथा देवगाना पीएमजीएसवाई रोड से जरही चरमुहान होते गेरुआडीह आदिवासी टोला तक 4800 किमी पथ सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है। इस दौरान ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने आसपास के बुजुर्गों एवं गणमान्य लोगों को शल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही लगभग 800 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल विवरण किया।

## गगनदीप भुल्लर ने जीता टाटा स्टील गोल्फ टूर चैम्पियनशिप, दूसरे स्थान पर रहे राहील

भुल्लर को मिला 45 लाख रुपये का इनामी चेक और ट्रॉफी
गंगाजी को मिला 30 लाख रु. इनाम
ओम प्रकाश चौहान टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन बने




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने प्री-टूर्नामेंट पसंदीदा होने की अपनी प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हुए छह-अंडर 66 के त्रुटि रहित अंतिम राउंड के साथ टाटा पर एकमात्र शॉट से जीत हासिल की। स्टील पीजीटीआई की सीजन-एंडिंग टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2023, 3 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रतियोगिता, जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेली गई। चंडीगढ़ स्थित गगनजीत (64-66-67-66), जिन्होंने 2020 में अपनी पिछली जीत के बाद दूसरी बार टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप जीती, ने सप्ताह में कुल 25-अंडर 263 का स्कोर करके 45 लाख रुपये प्राप्त किए, जो कि सबसे बड़ा विजेता चेक है। पीजीटीआई पर यह टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप में सबसे कम जीत वाला योग था क्योंकि भुल्लर ने 2020 संस्करण से अपने 24-अंडर 264 में सुधार किया। राहिल गंगजी (70-62-65-67) आखिरी राउंड में 67 का स्कोर करके 24-अंडर 264 के साथ उपविजेता रहे।

बेंगलुरु स्थित गंगजी की 30 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के चेक ने उन्हें पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 26 स्थान ऊपर पहुंचा दिया क्योंकि उन्होंने वर्ष का अंत छठे स्थान पर किया। चंडीगढ़ के अंगद चीमा (66-66-65-68) ने जमशेदपुर में 23-अंडर 265 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीमा को धन सूची में चार स्थान का फायदा हुआ और वह साल के अंत में पांचवें स्थान पर रहे। मध्य प्रदेश के महू के ओम प्रकाश चौहान (72-68-65-68) ने टूर चैंपियनशिप में 15-अंडर 273 के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर रहने के बाद टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग (पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट) में प्रतिष्ठित नंबर 1 स्थान हासिल किया। इस सप्ताह। 37 वर्षीय चौहान ने 2023 सीजन को 1,18,26,059 रुपये की रिकॉर्ड कमाई के साथ समाप्त किया, जो पीजीटीआई सीजन के लिए अब तक की सबसे अधिक कमाई है, और पैसे की सूची में काफी अंतर से नंबर एक स्थान पर रहे।

## नाम नहीं, दहाड़ भी 'राणा' जैसी है...सेरेमनी में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इंडियन प्लेयर्स की फोटो खींचती दिखीं

# भारतीय महिलाओं ने ऑस्ट्रेलिया को रौंद रच दिया इतिहास


जीत के बाद जेमिमा रोड्रिग्स और स्मृति मंधाना।





स्नेह राणा।

- भारतीय महिला टीम ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हरा कर इतिहास रच दिया है। इससे पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कुछ 10 टेस्ट मैच खेले गए थे, जिसमें छह मैचों में भारत का हार मिली थी और चार मैच ड्रॉ रहे थे।
- 3 भारतीय महिला टीम ने घरेलू धरती पर खेले गए पिछले तीन टेस्ट मैचों में जीत हासिल की है। ऑस्ट्रेलिया से पहले भारत ने इसी महीने इंग्लैंड को हराया था और 2014 में साउथ अफ्रीका को हराया था। इससे पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने ही घरेलू धरती पर 1991 और 1992 में लगातार तीन मैच जीते थे।

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम का टेस्ट में शानदार प्रदर्शन जारी है। उसने इंग्लैंड के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी जीत हासिल कर ली है। टीम इंडिया ने इकलौते टेस्ट मैच में कंगारू टीम को आठ विकेट से हराया। भारत ने पहली पारी में 406 और ऑस्ट्रेलिया ने 219 रन बनाए थे। टीम इंडिया को पहली पारी में 187 रन की बढ़त मिली थी। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया टीम ने दूसरी पारी में 261 रन बनाए। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला। उसने दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया। भारत के लिए दूसरी पारी में स्मृति मंधाना सबसे ज्यादा नाबाद 38 रन बनाए। ऋचा घोषणा ने 13 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। शेफाली वर्मा चार रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए किम गर्थ और एश्ले गार्डनर ने एक-एक विकेट लिए। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों में पहली जीत मिली है। 1977 से अब तक दोनों टीमों के बीच 11 टेस्ट हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने चार जीते हैं। छह टेस्ट ड्रॉ पर छूटे हैं और अब भारत को एक जीत मिली। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में ताहिला मैक्ग्रा 73, एलिस पैरी 45 और बेथ मूनी 33 रन बनाकर आउट हुईं। एलिसा हीली ने 32 और फोबी लिचफील्ड ने 18 रन बनाए। कंगारू टीम को खेल के चौथे दिन पहला झटका एश्ले गार्डनर के रूप में लगा। वह 27 गेंद पर सात रन बनाकर आउट हुईं। पूजा वस्त्राकर की गेंद पर वह एलबीडब्ल्यू हो गईं। उनके बाद एनाबेल सदरलैंड 27 रन बनाकर स्नेह राणा का शिकार बनीं। स्नेह ने फिर एलाना किंग (शून्य) को क्लीन बोल्ड कर दिया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने लॉरेन चीटल (चार रन) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका दिया। गायकवाड़ ने एश्ले गार्डनर (नौ रन) को आउट कर ऑस्ट्रेलिय की पारी को समेट दिया। भारत के लिए दूसरी पारी में स्नेह राणा ने चार विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड़ और हरमनप्रीत कौर को दो-दो सफलता मिली। पूजा वस्त्राकर ने एक विकेट लिया।

### स्नेह राणा प्लेयर ऑफ द मैच

भारत की अनुभवी खिलाड़ी स्नेह राणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्नेह ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। उन्होंने बल्लेबाजी में पहली पारी में नौ रन बनाए। इस दौरान 57 गेंदों का सामना किया और स्मृति मंधाना का बखूबी साथ दिया। उन्होंने स्मृति के साथ पहली पारी में दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की थी।

#### पहली पारी में दोनों टीमों का प्रदर्शन

इससे पहले भारत ने पहली पारी में 406 और ऑस्ट्रेलिया ने 219 रन बनाए थे। टीम इंडिया को पहली पारी में 187 रन की बढ़त मिली थी। भारत के लिए पहली पारी में दीप्ति शर्मा ने 78, स्मृति मंधाना ने 74, जेमिमा रोड्रिग्स ने 73 और ऋचा घोष ने 52 रन बनाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के लिए पहली पारी में ताहिला मैक्ग्रा ने 50 और बेथ मूनी ने 40 रन बनाए थे। भारत के लिए पूजा वस्त्राकर ने चार और स्नेह राणा ने तीन विकेट लिए थे। राणा ने 22 ओवरों में 63 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि गायकवाड़ ने बिना 42 रन दिए 2 विकेट हासिल किए।

## रबाडा-एनगिडी फिट, कोच कोनराड बोले- हम भारतीय बल्लेबाजों को रोक लेंगे

**सेंचुरियन।** टीम में वापसी कर रहे कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी के नेट अभ्यास शुरू करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कोनराड ने उम्मीद जताई कि भारत अपने टेस्ट अभियान के फाइनल फ्रंटियर' को जीतने में नाकाम रहेगा। रबाडा को एड़ी में चोट के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से विश्राम दिया गया था। एनगिडी टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले बाएं टखने में चोट के कारण बाहर हो गए थे। रबाडा और एनगिडी यहां सुपरस्पोर्ट पार्क मैदान पर टीम के नेट सत्र में दमखम के साथ अभ्यास कर रहे थे। जहां उनका सामना अनुभवी बल्लेबाज डीन एल्गर कर रहे थे। एल्गर ने इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है। सेंचुरियन की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है लेकिन भारत ने पिछले दौरे पर इस स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था। कोनराड ने कहा कि उनके मुख्य तेज गेंदबाज तरोताजा होंगे और पूरी ताकत के साथ गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने टीम के अभ्यास सत्र के पहले दिन कहा कि वे तरोताजा और आक्रामक होंगे।

# विराट व रोहित ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना

**एजेंसी**

**सेंचुरियन।** विश्व कप के निराशाजनक फाइनल को एक महीना बीत चुका है और इसकी टीस अब तक कायम है लेकिन रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रविवार को यहां टेस्ट श्रृंखला के अभ्यास के दौरान बिना बातचीत किए पसीना बहाया क्योंकि वे जानते हैं कि आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है और अपने करियर के अंतिम पड़ाव में कोहली और रोहित वो ही हासिल करना चाहेंगे जो कोई अन्य भारतीय टीम नहीं कर सकी है। कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से यहां पहुंचे हैं और रोहित विश्व कप के बाद तीन हफ्ते तक खुद को मीडिया से दूर रखने के बाद अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे। दोनों ने अलग अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया। एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रोडाउन का सामना भी किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच बीच में छोटे ब्रेक भी लिये। यह सब विश्व कप के दौरान अभ्यास सत्र से काफी अलग था क्योंकि तब



ध्यान अपने अभ्यास और हंसी मजाक पर भी लगा होता था। कोच राहुल द्रविड़ की नजरें मध्य नेट पर गड़ी थीं जहां केएल राहुल पैड लगाये मौजूद थे। कोना भरत ने पहले घंटे में विकेटकीपिंग ग्लव्ज नहीं पहने जिससे कोई शक नहीं रह गया कि विकेटकीपिंग कौन करेगा। स्लिप में खिलाड़ियों के साथ जब राहुल ने विकेटकीपिंग तो यह साफ हो गया और उनके साथ युवा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल मौजूद थे। सुपरस्पोर्ट पार्क में सभी खिलाड़ियों ने तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया। इस शांति के बीच रोहित का मजाकिया अंदाज बरकरार रखा जिन्होंने एक मशहूर 'यूट्यूबर' के साथ मजाक करते हुए कहा कि श्रृंखला कवर करने आये दूसरे पत्रकारों की ओर इशारा करते हुए तुम्हारे लिए चुनौती है क्योंकि अन्य भी यहां पर मौजूद हैं'। रोहित और जायसवाल सबसे पहले नेट पर पहुंचे, उन्होंने बारी बारी जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर की गेंदों का सामना किया। रोहित ने अश्विन की गेंद को स्वीप कर दिखाया कि जहां तक सलामी बल्लेबाजी का संबंध है तो उनमें कुछ नहीं बदला है। इसी दौरान कोहली भी आ गए और उन्होंने कोच द्रविड़ से थोड़ी बातचीत की जो रोहित को बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे। कुछ देर बाद कोहली पैड पहनकर थ्रोडाउन नेट पर आ गये जहां रोहित और जायसवाल भी कुछ देर में पहुंच गये। रोहित ने अपने युवा सलामी जोड़ीदार से पूछा, 'तुझको पहले जाना है कि मैं जाऊं।' एक थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद ने कप्तान से पूछा, दादा आपके लिए कौन सा गेंदबाज रखें,



दाएं हाथ वाला या बाएं हाथ वाला। कप्तान को किसी से भी कोई परेशानी नहीं थी जिन्होंने नेट बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया था। दोनों ने अच्छा डिफेंस दिखाया, लेंथ पर काफी गेंद छोड़ीं और कभी कभार ड्राइव शॉट भी लगाये और एक दूसरे की बल्लेबाजी भी देखी। बाद में रोहित जायसवाल और गिल को पुल शॉट लगाते हुए शरीर का संतुलन बनाने के बारे में बताते दिखे जिन्हें भविष्य के 'रोहित-कोहली' की जोड़ी कहा जाता है।

## बीबीएल ने टॉम कुरेन की अपील की खारिज

**सिडनी।** बिग बैश लीग (बीबीएल) ने अंपायर को डराने-धमकाने के मामले में सिडनी सिक्सर्स की टॉम कुरेन पर चार मैचों के प्रतिबंध को हटाने की अपील को खारिज कर दिया है। बीबीएल ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम करेन की चार मैचों की सजा के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स की अपील को मूल मंजूरी के साथ खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टॉम पर प्रतिबंध बरकरार रहेगा और वह मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर और ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ सिक्सर्स के अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

## सुमित और शीतल डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स से सम्मानित

**नयी दिल्ली।** विश्व चैंपियन और 2020 पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित एंटिल और हाल ही में अर्जुन पुरस्कार विजेता और डबल एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज शीतल देवी ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला का पुरस्कार जीता। शनिवार दोपहर यहां सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित प्रथम रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में एथलीट को ताज पहनाया गया।

## स्वीटी बूरा, पूजा रानी ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कदम बढाये



**ग्रेटर नोएडा।** मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा और दो बार की एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पूजा रानी ने सातवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। जीबीयू इंडोर में स्वीटी को 81 किग्रा मैच में 4-1 से जीत हासिल करने से पहले रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) की अल्फिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, वहीं टोक्यो ओलंपियन पूजा ने 75 किग्रा मुकाबले में नागालैंड की रेनू के खिलाफ दबदबा बनाए रखा और 5-0 से शानदार जीत हासिल की।

## बृजभूषण पर लगे गंभीर आरोपों पर कार्रवाई जरूरी: संधवां

**चंडीगढ़।** खेल मंत्रालय द्वारा कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) को निलंबित करने के फैसले को केंद्र की तरफ से लोगों के जबरदस्त दबाव के अधीन लिया गया फैसला बताते हुये पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है कि कुश्ती संघ के पूर्व पदाधिकारी बृजभूषण सिंह के खिलाफ खिलाड़ियों के साथ हुये यौन शोषण और छेड़छाड़ के गंभीर दोषों को तर्कसंगत ढंग से नतीजे तक पहुंचाया जाये। केंद्रीय खेल मंत्रालय की तरफ से नयी डब्ल्यू. एफ. आइ. को रद्द करने की खबरों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये श्री संधवां ने कहा कि नयी संस्था को तुरंत प्रभाव से खत्म किया जाना चाहिए और पारदर्शी ढंग से नये चुनाव करवाये जाने चाहिए।

## कोलकाता, दिल्ली और लखनऊ ने जीते मैच

**प्रयागराज।** कोलकाता हाईकोर्ट, असद दिल्ली और यूपीएएसटी लखनऊ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर ऑल इंडिया सॉलिसिटर्स क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर रविवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में कोलकाता हाईकोर्ट ने 20 ओवर में 182 रन (गौरव कुमार शॉ 45, विजय अग्रवाल 28, अमन 3-19) बनाकर हाईकोर्ट रॉयल सॉलीसिटर्स को 20 ओवर में 8 विकेट पर 126 रन (धर्मेंद्र सिंह 34, अखिल 23 नाबाद, दीपक पुरी 21, अभिरूप सरकार 3-25, सिराज मौला 2-22) पर समेट दिया। एनसीआर मैदान पर पहले मैच में एपीसीएल मथुरा के 19 .5 ओवर में 108 रन (गौरव सिंह 20, कृष्णवीर चौधरी 19, मुकेश सिंह 4-10, देबू कपासिया 2-14) के जवाब में असद दिल्ली ने 13 ओवर में दो विकेट पर 114 रन (अरुण मलिक 51, कमल नारायण तिवारी 33 नाबाद, राजीव चतुर्वेदी 2-28) बना लिए। दूसरे मैच में यूपीएएसटी लखनऊ ने 17 ओवर में 5 विकेट पर 136 रन (आदिल पाशा 36, नारायण मुकेश 30 नाबाद, आशीष सिंह 20, मोहम्मद अहमद 2-16) बनाकर स्पायर ज्यूरिस एसोसिएट्स दिल्ली को 17 ओवर में 8 विकेट पर 122 रन (श्रीश चंद्रा 38, कामेश द्विवेदी 26, नारायण मुकेश 5-21) पर सीमित किया।

## दक्षिण अफ्रीका टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए सबसे कठिन देश : शार्दुल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत के हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट क्रिकेट खेलना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में बॉक्सिंग डे टेस्ट के साथ प्रोटियाज टीम से भिड़ने के लिए तैयार है। इसी बीच 32 वर्षीय ठाकुर ने कहा कि क्रिकेटरों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने से पहले सतह की प्रकृति का आकलन करना जरूरी है।रवि अश्विन के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए सबसे कठिन देशों में से एक है। पिच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, भले ही हम पूरे देश में खेलें, यह एक ऐसा देश है जहां आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि आपको पिच से क्या मिलेगा। इसलिए वहां जाकर खेल खेलना बहुत महत्वपूर्ण है और खेल के दिन, आप पिच की स्थिति, मैदान की स्थिति का आकलन करते हैं और यह कैसा है और उसके अनुसार खुद को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की स्थिति में रखते हैं। ठाकुर ने यह भी कहा कि क्रिकेटरों के लिए दक्षिण अफ्रीका की ऊंची ऊंचाई की परिस्थितियों से अभ्यस्त होना एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ठाकुर बोले- अभी, मैं बस मौसम के अनुकूल ढल रहा हूँ, और मुझे यह भी पता चला है कि यह ऊंचाई में थोड़ा अधिक है। इसलिए, जिस दिन आपको सांस लेने में तकलीफ नहीं होनी चाहिए, जब आप कुछ दौड़ रहे हों या गेंदबाजी कर रहे हों, तो इसका अनुभव प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। जब आपकी सांस फूल रही हो, तब भी उसे प्रबंधित करें और वहां गेंदबाजी करें या यदि आप बल्लेबाजी कर रहे हैं, विकेटों के बीच दौड़ रहे हैं, तब भी आप अपनी पारी कैसे जारी रख सकते हैं, तो यह दक्षिण अफ्रीका में सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में से एक है। बता दें कि भारत ने 1992 से अब तक दक्षिण अफ्रीका में 23 टेस्ट मैच खेले हैं और केवल 4 मैच ही जीते हैं। वह अब तक दक्षिण अफ्रीका में कोई टेस्ट सीरीज जीत नहीं पाए हैं।

## पूल ए में सुदेवा शीर्ष पर व गढ़वाल दूसरे स्थान पर

**नयी दिल्ली।** दिल्ली फ्यूचर स्टार यूथ लीग में खेले गए मैचों में सुदेवा फुटबॉल क्लब पूल ए के सभी दस मैचों में जीत हासिल कर 30 अंक के साथ शीर्ष पर और गढ़वाल हीरोज ने 25 अंक के साथ दूसरे स्थान हैं। वहीं पूल बी में जुबा संघा और ईमी हीरोज क्रमशः नौ-नौ मैच जीत कर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# निलंबित कुश्ती संघ का कामकाज देखेगी तदर्थ समिति: खेल मंत्रालय

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने रविवार को निलंबित किये गये भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) को तदर्थ समिति बनाने को कहा है। सूत्रों के अनुसार मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) को भारतीय कुश्ती संघ को लेकर तदर्थ समिति 48 घंटे में बनाने को कहा है। इस कमेटी का काम खेल में पारदर्शिता के लिए डब्ल्युएफआइ की हर दिन की गतिविधियों पर नजर रखना और अपनी रिपोर्ट आइओए को सौंपना होगा। बीते कुछ दिनों से चले आ रहे विवादों के बीच आज सुबह खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के सभी फैसलों को रोक लगा दी थी। खेल मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21 दिसंबर को जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इस साल के अंत से पहले शुरू कराये जाने की जो घोषणा की थी वह फैसला नियमों के विरूध है। उन्होंने कहा कि इस तरह निर्णय के लिए कम से कम 15 दिन पहले पहलवानों को इसकी




जानकारी देनी होती है ताकि वे अपनी तैयारी कर सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के निर्णय कार्यकारी समिति द्वारा लिए जाते हैं। समिति के समक्ष प्रस्ताव विचार के लिए रखा जाना आवश्यक होता है। भारतीय कुश्ती संघ के संविधान के अनुच्छेद ग्यारह के अनुसार, बैठक के लिए 15 दिन पहले नोटिस देना अनिवार्य होता है। यहां तक कि आपातकालीन बैठक के लिए भी कम से कम सात दिन पहले नोटिस देना होता है। मंत्रालय ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि नवनिर्वाचित निकाय खेल संहिता की पूरी तरह अनदेखी करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, फेडरेशन का कामकाज पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नियंत्रित परिसर से चलाया जा रहा है। पूर्व पदाधिकारियों पर पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए गए हैं और वर्तमान में अदालत इस मामले की सुनवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह गुरुवार को हुए चुनाव में अध्यक्ष पद निर्वाचित थे। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को हराया था। चुनाव के बाद साक्षी मलिक ने विरोध करते हुए कुश्ती को अलविदा कह दिया था और इसके अलगे दिन बजरंग पुनिया ने अपना पदक लौटा दिया था। खेल मंत्रालय द्वारा नव निर्वाचित संघ को भंग करने पर पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि सरकार से कोई लड़ाई नहीं है। लड़ाई केवल एथलीट्स के लिए थी। मुझे बच्चों की चिंता है।

## 20 लाख में दिल्ली को मिल गया हीरा खिलाड़ी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2020 की फाइनलिस्ट दिल्ली कैपिटल्स खिलाड़ियों की मंडी यानी आइपीएल ऑक्शन में कभी भी ज्यादा पैसे खर्च करने के लिए जानी नहीं गई है। इस बार भी आइपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में यही देखने को मिला। उन्होंने एक भी खिलाड़ी 8 करोड़ से ऊपर का नहीं खरीदा। वहीं इसी बीच दिल्ली कैपिटल्स ने एक अनकैप्ड खिलाड़ी, जिसका नाम सात्विक चिकारा है, उन्हें सिर्फ 20 लाख में खरीदा। अगर आपको नहीं पता तो बता दें कि डीसी को 20 लाख में हीरा खिलाड़ी मिल गया है। जो अपने दम पर दिल्ली को कई मैच जिता सकता है। आखिर कौन है यह खिलाड़ी आइये जानते हैं। गाजियाबाद के छोटे से गांव नगला अटोर से आते हैं। वह सिर्फ 18 साल के हैं और उनको अब आईपीएल 2024 के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने अपने साथ जोड़ लिया है। हालांकि डीसी इस प्लेयर पर क्यों फिदा हुई है, आइये जानते हैं। दरअसल, स्वास्तिक चिकारा सिर्फ 16 साल की उम्र में 19वें बलिदानी रामप्रसाद बिस्मिल ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता में 167 बॉल पर 585 रन की धांसू रिकार्ड पारी खेल चुके हैं। वहीं से वह चर्चा में आ गए थे। इसके अलावा यूपी टी20 लीग में मेरठ मेवरिक्स के लिए खेलते हुए कानपुर, गोरखपुर और नोएडा के खिलाफ दमदार शतक जमाया था। इसके अलावा 7 बार वह लीग चरण में दोहरा शतक भी लगा चुके हैं। इतना ही नहीं बल्कि ईस्टर गोल्ड कप के सेमीफाइनल में 126 गेंदों पर ताबड़तोड़ अंदाज में तिहरा शतक (309 रन) ठोका था। वह यूपी टी20 लीग में 3 शतक लगाने के अलावा 2 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। स्वास्तिक भारत के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को अपना गुरु मानते हैं।

# पटना एयरपोर्ट पर कोरोना की रैंडम जांच शुरू

एजेंसी

**पटना।** कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 के 2 नये केस को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत पटना एयरपोर्ट के साथ-साथ दरभंगा एयरपोर्ट पर यात्रियों की रैंडम जांच शुरू की गयी है। बिहार में भी सरकार ने सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने पटना एयरपोर्ट और दरभंगा एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की रैंडम जांच शुरू हो कर दी। कई ऐसे भी यात्री है जो खुद से एयरपोर्ट में कोरोना की जांच करवा रहे हैं। लखनऊ से आने वाले यात्री अनिकेत कुमार ने पटना एयरपोर्ट पर जांच करवायी। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर सतर्कता जरूरी है। यही कारण है कि हम आज पटना आते ही एयरपोर्ट पर जांच करवा लिए हैं।

पिछले साल की तरह का हालात नहीं हो इसके लिए जांच करवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है। दूसरे शहर से जब भी आएं जांच जरूर करवाएं।

**कई राज्यों से लोग पहुंचते हैं पटना :** बता दें कि पटना एयरपोर्ट पर कोरोना के नया वैरिएंट को लेकर राज्य सरकार ने जो गाइडलाइन जारी किया है उसके अनुसार राज्य के सभी एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की रेंडम जांच करनी है। वह जांच आज से शुरू हो गयी है। पटना एयरपोर्ट से हैदराबाद, पुणे, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़ और चेन्नई सहित कई शहरों के लिए विमान का परिचालन किया जा रहा है। कई राज्यों से लोग यहां पर पहुंचते हैं। पटना एयरपोर्ट पर कोरोना जांच का काउंटर। पटना एयरपोर्ट पर कोरोना जांच का काउंटर।



**एयरपोर्ट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम :** राज्य सरकार ने जो कोरोना जांच को लेकर गाइडलाइन जारी की है उसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम पटना एयरपोर्ट पर मौजूद है। आने वाले यात्रियों की लगातार रेंडम जांच की जा रही है। रविवार सुबह से करीब दर्जनों लोगों की रेंडम जांच की गयी है। कोई भी यात्री अभी तक कोरोना पॉजिटिव नहीं पाए गए हैं। 22 दिसंबर को बिहार में दो कोराना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। ये किस वैरिएंट का वायरस है, इसका पता नहीं चल पाया है। बिहार सरकार की ओर से कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर अस्तपालों में व्यवस्था की गई है। बिहार सरकार ने कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर जो एडवाइजरी जारी किया था, उसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि यह नया वैरिएंट बहुत तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

## डीएमके सांसद दयानिधि मारन के अमर्यादित बयान पर बिहार में हंगामा

# बिहारियों को गाली दिलवा रहे हैं नीतीश और लालू : सम्राट

एजेंसी

**पटना।** डीएमके सांसद दयानिधि मारन के हिंदी भाषियों को लेकर आपत्तिजनक बयान के बाद बिहार में सियासत गरमा गयी है। भाजपा ने दयानिधि मारन के बयान पर आपत्ति जतायी है। प्रदेश पार्टी सम्राट चौधरी ने नीतीश-लालू से इसके लिए माफी मांगने की बात कही है। श्री चौधरी ने मारन के बयान को लेकर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दयानिधि को क्षमा मांगना चाहिए, नहीं मांगते हैं तो भारतीय जनता पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि ये दोनों नेता बिहारी को गाली दिलवाने का काम कर रहे हैं। जनता इन्हें जवाब देगी। हम लालू प्रसाद और नीतीश जी से जानना चाहते हैं कि जिस तरीके से दयानिधि मारन ने बिहार का अपमान किया है, बिहारियों का अपमान किया है उसके लिए राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस पार्टी और जनता दल यूनाइटेड माफी मांगेगा।

**दयानिधि मारन ने क्या कहा था :** तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके के सांसद दयानिधि मारन ने बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हिंदी भाषियों को निशाना बनाते हुए कहा, उत्तर प्रदेश और बिहार से तमिलनाडु आने वाले हिंदी भाषी यहां निर्माण कार्य करते हैं या सड़कों और शौचालयों की सफाई करते हैं। उनके बयान का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सम्राट चौधरी ने लालू और तेजस्वी को भेजे गये ईडी के समन पर कहा कि लालू प्रसाद के परिवार के लोग भ्रष्टाचारी हैं। बिहार को लूटने का काम किया है। बिहार के बच्चों के भविष्य को खराब करके रेलवे में नौकरी के बदले जमीन लिया है। ये लोग लुटेरे हैं, बिहार को लूटकर अपनी तिजोरी भरा है। इन लोगों को शर्म नहीं आ रही है। तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार कई दिनों से मंच साझा नहीं कर रहे हैं, इस सवाल के जवाब में सम्राट चौधरी ने इंडिया गठबंधन की जगह 'इंडी गठबंधन' शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि वे लोग समझ चुके हैं। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन के लोगों चुनौती देते हुए कहा कि 2024 के चुनाव में नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव और वाम दलों में से किसी का भी खाता नहीं खुलेगा।



## पूरे देश से माफी मांगे मारन: नित्यानंद राय

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने पटना में रविवार को डीएमके सांसद के बयान को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि बार-बार विपक्ष में बैठे हुए नेता बिहारी का अपमान कर रहे हैं। जिस तरह का बयान बिहारी को लेकर डीएमके के नेता दयानिधि मारन ने दिया है, निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के बड़े नेता इस बयान पर जवाब क्यों नहीं देते हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेता से दयानिधि का विरोध करने की अपील की है। यह बयान कहीं से भी उचित नहीं है। मारन को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। जिस तरह से एक विशेष जाति को लेकर बयान दिया है, एक बिहारी को अपमानित करने वाला बयान दिया है। यह उत्तर भारत और दक्षिण भारत को बांटने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति है। दयानिधि मारन को देश से माफी मांगना पड़ेगा।

## तेजस्वी यादव ने बताया निंदनीय




भाजपा के बाद अब इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने भी आपत्ति जतायी है। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने उनके बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारत एक देश है, एक राज्य के लोगों को दूसरे प्रदेश के लोगों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार और यूपी के लोगों को लेकर उन्होंने बेहद ही गलत बात बोली है, जिसकी हम निंदा करते हैं। बिहार और यूपी के मजदूरों की देशभर में लोग डिमांड करते हैं। अगर वो ना जाए तो उनकी (दूसरे राज्यों के लोगों) जिंदगी ठप हो जायेगी। ये बात उनको समझना चाहिए। ऐसे बयान से बचना चाहिए।

## राशन विक्रेताओं का आगामी एक जनवरी से देशव्यापी हड़ताल को लेकर हुई बैठक

**हंसडीहा।** जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के विरुद्ध केंद्र सरकार के दमनकारी नीतियों को लेकर झारखंड सहित पूरे देश के राशन विक्रेता आगामी एक जनवरी से देशव्यापी राशन बंद हड़ताल करेंगे। उक्त बातें सरैयाहाट प्रखंड के धनवे पंचायत भवन में रविवार को आल इंडिया फेयर फ्राईस डीलर फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सह फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने कही। उन्होंने कहा कि बैठक में एक जनवरी से पूरे देश में राशन बंद हड़ताल पर चर्चा की गई। ओंकार नाथ झा ने बताया कि केन्द्र सरकार ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने के लिए पूरे देश में 80 करोड़ परिवारों को आगामी पांच वर्षों के लिए मुफ्त अनाज देने की घोषणा कर दी है मगर इस योजना को गरीबों को घर घर पहुंचाने वाले पांच लाख 38 हजार डीलर की मांगों को अनसुना किया जा रहा है। इस मौके पर जनवितरण प्रणाली विक्रेता जीवन मंडल, कैलाश राउत, किफायत अंसारी, सहित सैकड़ों की संख्या में एसएचजी की महिलाएं एवं जनवितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

## संत टेरेसा चर्च में क्रिसमस की धूम रही

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के कुसुंबा मिशन स्थित संत टेरेसा चर्च में क्रिसमस की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मिशन और चर्च के प्रभारी फादर सिलजो और शशि सिस्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर यह क्रिसमस का पर्व प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। प्रतिवर्ष 25 दिसंबर के दिन से मध्य रात्रि तक यह कार्यक्रम चलता है। मध्य रात्रि में प्रभु यीशु का जन्म होता है।उसके बाद फिर जन्मोत्सव मनाई जाती है।इस अवसर पर इस धर्म और धर्मावलंबियों द्वारा खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई जाती है। पटाखे भी फोड़े जाते हैं और इस अवसर पर इस धर्म को मानने वाले धर्मावलंबी अपने-अपने घरों में भी साज सज्जा के साथ-साथ पूजा पाठ भी करते हैं। सभी धर्माव लंबी चर्च में एकत्रित होकर गिरजा पाठ को पढ़ते हैं प्रार्थना सभा में शामिल होते हैं। साथ ही साथ प्रभु यीशु के बारे में परिचर्चा आयोजित की जाती है। दर्जनों जानकार अपना-अपना वक्तव्य देते हैं। इस अवसर पर सभी साथ मिलकर एक दूसरे को बधाई भी देते हैं मिठाई खिलाते हैं और साथ में सामूहिक भोज भंडारे का भी लुत्फ उठाते हैं।इस चर्च में बच्चों द्वारा चरनी का निर्माण किया गया है। और चर्च को बारीकी आकर्षक ढंग से सजाया गया है।



## उर्दू अखबार के संवाददाता का कमरे में मिला शव

**दुमका।** नगर थाना की पुलिस ने रविवार को कुमारपाड़ा चौक स्थित जितेंद्र साह के मकान के बंद कमरे से 51 साल के राजेश प्रकाश का शव बरामद किया है। राजेश उर्दू अखबार कौमी तंजीम के लिए काम करते थे। शव पांच दिन पुराना होने की वजह से काला पड़ने लगा था। ससुर महेंद्र मंडल के बयान पर पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। घरवालों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। हृदयगति रूकने से मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है। मूल रूप से भागलपुर शहर के भीखमपुर के रहने वाले राजेश राजेश पत्नी से अलग होने के बाद दुमका में रहकर पत्रकारिता कर रहा था। वह एक साल से कुमारपाड़ा में तीन हजार रुपया पर एक कमरा लेकर रह रहा था। रविवार को घर के मालिक जितेंद्र साह को बदबू महसूस हुई, तो उन्होंने झिड़की से झांककर देखा तो राजेश का शव बेड पर पेट के बल पड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि अभी तक मौत का कारण हृदयगति रूकना लग रहा है।

# कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाए : गीता कोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सिंहभूम लोकसभा स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन कांग्रेस की झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद गीता कोड़ा, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सांसद गीता कोड़ा ने भाजपा नीत केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज संसद भवन में बोलने की आजादी नहीं। बोलने पर निकाल दिया जाता है या जेल भेज दिया जाता है। तो अगले चुनाव में क्या करना है, आपको पता है। ताला- चाबी दोनों आपके पास है। इसलिए कमर कस लें। कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाएं। यही वह पार्टी है जो अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करती है। युवा शक्ति जितना ऊर्जावान होगी उतना ही देश, समाज का विकास होगा। इसलिए युवाओं को राजनीति में अवश्य आना चाहिए। आज राजनीति को युवाओं की सख्त जरूरत है। वहीं झारखंड राज्य की राजनीति पर कहा की आज गठबंधन को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग ने आरक्षी बहाली में पश्चिमी सिंहभूम समेत दस जिलों में एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। सरकार इसे संज्ञान ले और पुनः बहाली निकालें, अन्यथा सबसे पहले कांग्रेस पार्टी विरोध में मुखर होकर सामने आएगी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा, प्रदेश प्रभारी सह राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण ओझा, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, उपाध्यक्ष आफताब आलम, रोहित पाट पिंगुवा कार्यकारी अध्यक्ष रितेश पासवान, विजय सिंह सामड आदि उपस्थित रहे।



## शहीद राजेश यादव की दसवीं पुण्यतिथि पर निकला कैंडल मार्च

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के मसमोहना निवासी महादेव यादव व माता देवंती देवी के सुपुत्र बीएसएफ के शहीद जवान राजेश यादव की दसवीं पुण्यतिथि पर मसमोहना के नौजवानों के द्वारा पूरे गांव में कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च कार्यक्रम में शहीद राजेश यादव की माता, पुत्री, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, रामदेव यादव, पप्पु यादव, सोनू यादव, अरविंद यादव, कृष्णा यादव, रवि सिंह, श्रीकांत यादव, विजय राम, सन्नी सिंह, विवेक राम, विशाल राम, अजय कुमार पंडित सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## मगध-संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना में मना 66वा वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** खान सुरक्षा महानिदेशालय, राँची क्षेत्र के तत्वाधान में मगध-संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत मगध परियोजना में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोहपूर्वक मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मगध- संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ तथा संचालन क्षेत्रिय सुरक्षा अधिकारी शंभु नाथ ने की। 15 दिसंबर 2023 से 24 दिसंबर 2023 तक चलने वाले इस सुरक्षा सप्ताह में मगध परियोजना का निरीक्षण खान सुरक्षा निदेशक आफताब अहमद सह एनटीपीसी चट्टी बारियातु कोयला खनन परियोजना की दल ने किया। जिसमे यतीश कुमार, सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार मोहंती, कोलियरी इंजीनियर विजेन्द्र सिंह, सहायक प्रबंधक प्रमोद चौधरी, उत्खनन अभियंता इमादुदीन सा पीपी, सर्वेक्षक सनी सूर्यवंशी एवं वर्कमैन इंस्पेक्टर बिमलेश प्रसाद मौजूद थे। खान सुरक्षा निदेशक और उनकी निरीक्षण दल ने पहले मगध परियोजना के कार्यालय परिसर में स्तिथ वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंची जहां पर उन्होंने सुरक्षा सप्ताह में हो रही गतिविधियों का जायजा लिया एवं वरिष्ठ अधिकारीयों से बातचीत की। साथ ही साथ मगध परियोजना पर एक संक्षिप्त प्रस्तुत की गई प्रस्तुति भी देखी। सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा के बाद निदेशक एवं उनकी दल मगध परियोजना में स्तिथ क्षेत्रीय गुणवत्ता कार्यालय समीप कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां सभी अथितियों का औपचारिक स्वागत पगड़ी पहनाकर परंपरागत संथाली नृत्य के साथ किया गया। इसके बाद सभी ने सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण किया और जानकारियां ली। तत्पश्चात इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आफताब अहमद ने सुरक्षा ध्वज फहराकर सभी को सुरक्षा की शपथ दिलवाने के साथ द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने सुरक्षा शपथ ली कि वे सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अपने आपको समर्पित करेंगे तथा सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन करने हेतु प्रयत्न करेंगे। सुरक्षा शपथ में इस बात पर जोर दिया गया कि सीसीएल परिवार शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने हेतु हर संभव प्रयास करेगा।



## बिजली विभाग की लापरवाही, मिला खराब ट्रांसफार्मर

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 के पश्चिम आमर टोला में विगत एक माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर पांच दिन पूर्व मिला भी तो वह भी बिजली विभाग की लापरवाही के कारण खराब ट्रांसफार्मर मिला है। उक्त बात की जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत क्षेत्र के भावी अयक्ष प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी ने बताया कि आमर के पश्चिम टोला में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण लगभग एक महीना से आिक दिनों से औंरा में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि लगभग एक माह से ट्रांसफार्मर खराब था उसके बाद बिजली विभाग के द्वारा लगभग 5 दिन पूर्व 100 ज्ञट का ट्रांसफार्मर दिया गया को भी खराब दिया गया है।

## एक नजर में

### हर क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है झारखंड सरकार : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में लगभग साढ़े दस करोड़ रुपए की लागत से 42 सरना स्थलों का संरक्षण एवं विकास कार्य किया जाएगा। इस संबा में झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने स्वीति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत तीसरटेटूका पंचायत के पेंदली गांव स्थित माडर बाबा सरना मांडर देवस्थल का संरक्षण एवं विकास कार्य 24 लाख 53 हजार 200 रुपए तथा बाना गांव स्थित रामबाा टोला में सरना स्थल का चाहरदीवारी निर्माण कार्य 24 लाख 86 हजार 100 रुपए की लागत से किया जाएगा।

### खोपड़िया बाबा धर्मशाला सह हनुमान मंदिर में श्रीराम-हनुमान भक्तों की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला सह हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार को रामभक्तों की बैठक हुई। बैठक में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर भुरकुंडा कोयलालचल में भव्य शोभायात्रा निकलाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही इसकी सफलता को लेकर रूप-रेखा तैयार किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इस ऐतिहासिक दिन को और यादगार बनाने के लिए आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष्य में भुरकुंडा कोयलांचल में झंडा-बैनर के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें सैंकड़ों श्रीराम-हनुमान भक्त शामिल होंगे। मौके पर मयंक राज, अभिषेक मिश्रा, सुनील कुमार, टिंकू यादव, आर्यन ठाकुर, अरुण कुमार, महेश कुमार, ऋषि विश्वकर्मा, जनार्दन सिंह, राजन राजपूत, अभिनव यादव, राजा सोनी, कमलेश भारती, युवराज कुमार, प्रभात कुमार, अभिषेक सोनी, सागर कुमार, विशाल कुमार, टुनटुन यादव, अरुण श्रीवास्तव, चंदन कुमार, विशाल कुमार, अमित शर्मा, सागर अग्रवाल, दीपक मिश्रा, राहुल पासवान, विष्णु, अर्जुन राम, विशाल सोनी, राहुल गुप्ता, आशीष कुमार, राज नायक, लबलू यादव, शत्रुघ्न गिरी, सागर पंडित सहित दर्जनो लोग मौजूद थें।

### परवरिश एजुकेयर स्कूल ने मुखिया ने अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का अनावरण किया

**कुजू।** कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा ने शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और छात्रों को अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए लैब का उदघाटन किया गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने शिक्षा में प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सहयोग के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। इसके लिए स्कूल के निदेशक शैलेन्द्र कुमार और प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह की सराहना किया।

### साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में 50 गरीबों के बीच लायंस क्लब ने बांटा कंबल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी सहित क्लब के लोगों ने भुरकुंडा बाजार में लगभग 50 गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर उन्हें ठंड से राहत दिलाने का काम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन डॉ. राजेंद्र महतो, अखिलेश शर्मा, शिवा प्रसाद, विजय वर्णवाल, अशोक सिन्हा, संजय कुमार, प्रमोद शर्मा, सोनाराम मांझी आदि का विशेष योगदान रहा। मौके पर क्लब के लोगों ने कहा की जिन लोगों को मोतियाबिंद से संबंधित आंखों की निःशुल्क जांच करानी हो। वैसे लोग 25 व 26 दिसंबर को मेन रोड भुरकुंडा स्थित ट्रेकर स्टैंड के समीप टॉपकॉन चश्मा दुकान एवं राज नर्सिंग होम में संपर्क कर लें। जांच में पाये गये मरीजों को आगामी 27 दिसंबर को निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए रांची निरामया अस्पताल भेजपा जायेगा। जहां 28 दिसंबर को डॉ. राहुल द्वारा आंखों का ऑपरेशन किया जायेगा। साथ ही 29 दिसंबर को सभी लोगों को वापस घर भेजा जायेगा। इस दौरान मरीजों के आने-जाने, खाने-रहने की पूरी व्यवस्था निःशुल्क होगी।

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों ने भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में प्रतिनिधित्व किया

**रामगढ़।** एक रोमांचक घटनाक्रम में, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के छात्रों की एक टीम ने केआईआईटी विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में आयोजित योग के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल निदेशक डॉ. अमन वर्मा, टीम मैनेजर संजय राय चौधरी के नेतृत्व में और टीम कोच धनेश्वर बीपी के मार्गदर्शन में प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने प्राचीन अनुशासन में अपनी कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिससे प्रतिस्पर्धा और सौहार्द का एक उत्साही माहौल तैयार हुआ। योग के अभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व को बढ़ावा देने वाले इस प्रतिष्ठित टूनामेंट का हिस्सा बनने पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय को गर्व है। इस खुशी में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन.साह , राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी,कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विधायक के लोकप्रियता से विचलित हो गए हैं सांसद प्रतिनिधि : कृष्णा सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सांसद के प्रतिनिधि महेंद्र महतो ने प्रेस में बयान दिया था की रेलवे फाटक का टेंडर हो गया है। 23 दिसंबर को इसका शिलान्यास होने का भी अखबार में बयान दिया था। लेकिन 23 दिसंबर को रेलवे फाटक का शिलान्यास नहीं हुआ। इन्होंने यह भी बयान दिया है कि अगर रेलवे फाटक का टेंडर नहीं निकला होगा तो हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे। मैं सांसद प्रतिनिधि को बताना चाहता हूं कि सांसद ने शिलान्यास स्थल रेलवे फाटक पतरातू में खुद आकर बयान दिए हैं कि राज्य सरकार के स्वीकृति के पश्चात ही रेलवे फाटक का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा की अंबा प्रसाद झारखंड के 81 विधायक और 14 सांसदों में एकमात्र जनप्रतिनिधि हैं जो 24 घंटे क्षेत्र के आम जनता की समस्या एवं विकास के बारे में सोचती है। इसी का जीता-जागता उदाहरण है की अंबा प्रसाद प्रत्येक सोमवार को पीटीपीएस आवासीय कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर ऑन द स्पॉट निराकरण करने का काम करती है। विधायक प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा की सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो अखबारी नेता हैं इसीलिए बिना जाने-बुझे पेपर में आने के लिए कुछ भी बयान दे देते हैं। उन्होंने कहा की रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार का 60-40 रेस्क्यू का राशि ओवरब्रिज निर्माण में लगाया जाता है। लेकिन जानकारी के अभाव में सांसद प्रतिनिधि कुछ भी बयान देने से बाज नहीं आते। विधायक प्रतिनिधि ने कहा है कि अब देखना लाजमी होगा की महेंद्र महतो अपने कथनी अनुसार राजनीति से संन्यास लेंगे की या नहीं। उन्होंने कहा की अंबा प्रसाद की लोकप्रियता से घबराकर आए दिन महेंद्र महतो विधायक के खिलाफ अर्नगल बयान देते रहते हैं।

# कोलकाता में एक लाख लोगों ने सामूहिक गीता पाठ कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रसिद्ध ब्रिगेड परेड मैदान में रविवार को एक लाख से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से गीता पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। यहां नजारे अद्भुत थे, जब लाखों लोग एक साथ गीता पाठ कर रहे थे। हजारों संत कार्यक्रम में शामिल होकर शंख वादन और गीता पाठ कार्यक्रम का हिस्सा थे।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से उन्हें विश्व रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया गया है। इसमें कवि नजरुल की ओर से लिखे गये गीत हे पार्थ बजाओ के सामूहिक पाठ के लिए यह सम्मान मिला है।

संस्कार भारती की ओर से समाचार एजेंसी को बताया गया है कि सर्टिफिकेट में अखिल भारतीय संस्कृति परिषद, सनातन संस्कृति संसद और मातीलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन की ओर से आयोजित हुए सामूहिक पाठ को विश्व स्तर पर सराहना मिली है। इतनी अधिक संख्या में इसके पहले कभी भी लोगों ने एक साथ ना तो नजरुल का यह गीत गया था और ना ही गीता पाठ किया था। ब्रिगेड परेड मैदान में रविवार को गीता जयंती के दूसरे दिन लाखों की संख्या में



एकत्रित हुए लोगों ने एक साथ गीता पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसकी चौतरफा चर्चा हो रही है। इसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं जो अद्भुत नजारे को दिखाने वाला है।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले लोगों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन किया था। कार्यक्रम के आयोजकों में शामिल भारत सेवाश्रम के स्वामी निगुर्णानंद ने बताया कि पांच-पांच हजार लोगों के 20 ब्लॉक बनाये गये। इस कार्यक्रम के जरिये गिनीज रिकॉर्ड बना है। कार्यक्रम के आयोजकों ने जुलाई में ही मेजबानी की तैयारी शुरू कर दी थी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी शामिल होने की बात कही जा रही थी, लेकिन वह शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री ने एक खास संदेश जारी करके इस कार्यक्रम की तारीफ की।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में लिखा, कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में आयोजित किया जा रहा 'लोक्खो कॉन्ठे गीतार पाठ' कार्यक्रम बेहद सराहनीय है। इसे संयुक्त रूप से सनातन संस्कृति संसद, मातीलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद द्वारा आयोजित किया जा रहा है। हमारी सांस्कृतिक विरासत परंपराओं, ज्ञान, दर्शन-आध्यात्मिक बौद्धिकता, समावेश, सांस्कृतिक विविधता और सद्भाव का मिश्रण है। श्रीमद्भगवद्गीता महाभारत काल से लेकर हमारी स्वतंत्रता की आजादी तक और अभी भी हम सभी को प्रेरित कर रही है। गीता हमें एक अर्थपूर्ण जीवन जीने की दिशा दिखाती है और जीवन की चुनौतियों से निपटना सिखाती है।

# देश की हर भाषा और बोली में समाहित हैं श्रीराम : खान

## केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने अयोध्या उत्सव को किया संबोधित

**अयोध्या (हि.स.)।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को अयोध्या उत्सव में कहा कि राम हर क्षेत्र में हैं। देश की हर भाषा और बोली में समाहित हैं। यहां के लोगों ने राम को अपने-अपने तरह से और अन्य परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रयास किया है। सबसे पहले आदि कवि वाल्मीकि ने उन्हें देखा अथवा महसूस किया। उनकी रामायण पूरे देश में विभिन्न रूपों में मौजूद है। हमने अपने बच्चों को राम के आदर्श से व्यक्तित्व निर्माण समझाया। मानवता के विकास का प्रयास किया। बच्चों में दिव्यता पैदा करने की कोशिश की।



तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव का आयोजन हिंदुस्थान समाचार बहुभाषी न्यूज एजेंसी, श्रीअयोध्या न्यास और प्रज्ञा के संयुक्त तत्वावधान में श्री मणिराम दास छावनी स्थित श्रीराम सत्संग भवन में किया गया है। इस दौरान दूसरे दिन के द्वितीय सत्र में आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भगवान राम को कहीं एक आदर्श राजा के रूप में, तो मां सीता को भू देवी और भूमि की बेटी के रूप में स्वीकारा। दक्षिण भारत में वह भगवान राम को आदर्श स्वरूप सूर्य मानते थे। इसलिए वे सूर्यवंशी हैं। उन्होंने आदि कवि वाल्मीकि के बारे में बताया और कहा कि दक्षिण में भक्ति आंदोलन की शुरुआत उत्तर से काफी समय पहले हुई। भक्ति आंदोलन में भगवान राम के दिव्य रूप को देखा गया। उनको अवतार के रूप में देखा गया। केरल में महाविष्णु के अवतार के तौर पर इन्हें देखा गया, तो मलयालम में रामायण का अविर्भाव हुआ।

उन्होंने रामायण का विच्छेद करते हुए बताया कि राम मंदिर का अर्थ है कि राम की यात्राएं। जैसे भगवान सूर्य, उत्तरायण और दक्षिणायन होते हैं; ठीक वैसे ही। उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब है अनुकंपा, करुणा धाम, प्रज्ञा धाम और इन सबका मतलब है बुद्धिमत्ता। उन्होंने कहा कि केरल में अध्यात्म रामायण से बहुत पहले वाल्मीकि रामायण का अनुवाद हुआ। 12वीं शताब्दी के आसपास। उसका नाम था रामचरितम। यह कार्य वहां के एक राज परिवार ने किया। चिरामन राजा थे। यहां यह जानना बहुत जरूरी है कि चिरामन एक मस्जिद भी है। उन्हीं के परिवार की बनवाई हुई त्रिशूल की वजह से उसका नाम भी चिरामन है। थाईलैंड में बहुत जमाने तक होने वाले शासन में सरकारी टाइटल राम होता था। उनकी राजधानी का नाम अयोध्या था। माधव कवि तिरुवनंतपुरम के रहने वाले थे। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता को भी मलयालम में अनुवादित किया लेकिन सबसे ज्यादा लोकप्रिय उनके द्वारा लिखित रामायण है। भगवान राम को केवल मयार्दा पुरुषोत्तम के तौर पर नहीं देखा गया, बल्कि उनको महाविष्णु के अवतार के रूप में देखा गया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सा7री भाषाओं में सबसे ज्यादा संस्कृत का प्रभाव है। हम सबको इसे सीखना चाहिए। इंडोनेशिया में भी इस भाषा का बहुत प्रभाव है। हिंदुस्थान समाचार समूह के निदेशक मंडल के सदस्य प्रदीप मधोक बाबा ने हिंदुस्थान समाचार के समूह संपादक एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय की तरफ से सभी का स्वागत किया। उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर किये गये संघर्ष की तुलना 15 अगस्त 1947 से की।

### विदेशी आक्रांताओं के हमले का परिमार्जन है अयोध्या का श्रीराम मंदिर : चंपत राय

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने 'अयोध्या उत्सव' के एक सत्र में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण विदेशी आक्रांताओं के हमले का परिमार्जन है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के आनंद की तुलना मैं 15 अगस्त 1947 को मिलने वाले आनंद के क्षण से कर पा रहा हूं। चंपत राय तीन दिवसीय 'अयोध्या उत्सव' के दूसरे दिन रविवार को हिंदुस्थान समाचार समूह की पत्रिका नवोत्थान के विशेषांक का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिंदुस्थान समाचार के तत्वावधान में श्री मणिराम दास छावनी स्थित श्रीराम सत्संग भवन में 'अयोध्या उत्सव' का आयोजन किया गया है।

### राष्ट्र सुरक्षित, तो सब सुरक्षित : महंत कमलनयन

अयोध्या। श्रीमणिराम दास छावनी अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री ने कहा कि आने वाले जनवरी माह में भगवान अपने परिवार के साथ मूल गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगे। पूरे विश्व में जहां भी भगवान के भक्त हैं, सभी बड़े ही आनंदित हैं। आनंद की सीमा नहीं है। जिस तरह से लोगों के अंदर उत्साह है, आनंद है, सभी लोग अपने घरों में, मठ-मंदिरों में जो जहां है वहीं आनंद मनायें और प्रसाद वितरण करें, बहुत अच्छा होगा। वे समाचार एजेंसी की ओर से आयोजित अयोध्या उत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। राष्ट्र है तो हम हैं, हमारी अस्मिता है, मठ-मंदिर हैं, धर्म है, कर्म है, पूजा पाठ है। जिस जनसंख्या की विषमता के आधार पर देश का बंटवारा हुआ था, वह विषमता सुरसा की तरह मुंह फैलाये बढ़ती चली जा रही है। कुछ ऐसी बातें हैं, जो देश के लिए घातक है। समय आ चुका है। मां भारती के ऊपर संकट के बादल हैं, उन्हें सुरक्षित करना ही होगा। इसकी तैयारी में निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगे हैं। जो धाराएं राष्ट्र के विरुद्ध हैं, वे धाराएं हट जायेंगी। राष्ट्र संगठित और सुरक्षित होगा तो हम सब सुरक्षित हैं।

### फ्रांस के हवाई अड्डे पर फंसे भारतीयों से चार जजों ने शुरू की पूछताछ

**पेरिस।** फ्रांस के चार न्यायाधीशों ने मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस की राजधानी पेरिस के पास एक हवाई अड्डे पर हिरासत में लिये गये विमान में यात्रा कर रहे 300 से अधिक भारतीयों से रविवार को पूछताछ शुरू की। निकारागुआ जाने वाले विमान (ए-340) को ईंधन भरने के लिए गुरुवार को दुबई से आने के बाद से पेरिस से 150 किलोमीटर पूर्व में वैट्री हवाई अड्डे पर रोका गया था। फ्रेंच अखबार ली मोंडे के अनुसार अधिकारियों को सूचना मिली थी कि इस विमान में मानव तस्करी के संभावित पीड़ित हैं। न्यायाधीशों के पास इनकी हिरासत अवधि को आठ दिन से ज्यादा बढ़ाने का अधिकार है। चारों न्यायाधीश सोमवार को भी सुनवाई कर सकते हैं। सुनवाई में अनुवादकों की मदद ली जा रही है। इस अखबार के अनुसार, क्षेत्रीय अभियोजक एनिक ब्राउन ने कहा है कि इस फ्लाइट का संचालन रोमानिया की कंपनी लीजेंड एयरलाइंस कर रही है। उड़ान के 303 यात्री हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। अभियोजकों के अनुसार, इनमें 11 नाबालिग भी शामिल हैं। दस यात्रियों ने शरण का अनुरोध किया है। सुनवाई के दौरान पुलिस के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### रायगढ़ में भारी मात्रा में विस्फोटक मिलने से हड़कंप, 3 गिरफ्तार

**मुंबई।** रायगढ़ जिले में माणगांव के पास 1500 किलोग्राम जिलेटिन और 70 किलोग्राम डेटोनेटर बरामद होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इस मामले तीन लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस उनसे कड़ी पूछताछ कर रही है। रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घारगे ने रविवार को मीडिया को यह जानकारी दी।

### सुनील केदार की विस से सदस्यता रद्द

**मुंबई।** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने नागपुर जिला बैंक घोटाले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री सुनील केदार की सदस्यता रद्द करने का निर्णय लिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने यह कार्रवाई कोर्ट की ओर से सुनील केदार को 5 साल की सजा सुनाये जाने के बाद की है। दरअसल, 22 दिसंबर को कोर्ट ने नागपुर जिला बैंक घोटाला मामले में पूर्व मंत्री और मौजूदा कांग्रेस विधायक सुनील केदार को 5 साल की कैद और 12.50 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी थी। इसके बाद पुलिस की ओर से विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को कोर्ट के निर्णय की जानकारी दी गयी। इसी जानकारी के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सुनील केदार की विधानसभा से सदस्यता रद्द करने का फैसला लिया है।

### विदेश मंत्री रूस का करेंगे दौरा

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर 25-29 दिसंबर को रूस का दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री रूस के उप प्रधानमंत्री और उद्योग और व्यापार मंत्री डेनिस मंटुरोव से आर्थिक जुड़ाव से संबंधित मामलों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश मंत्री अपने समकक्ष, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### पूर्वी इंडोनेशिया में संयंत्र में विस्फोट, 13 की मौत

**जकार्ता।** पूर्वी इंडोनेशिया के मोरोवाली औद्योगिक पार्क में स्थित चीन के वित्त पोषित निकल प्रसंस्करण संयंत्र में रविवार सुबह हुए विस्फोट में कम से कम 13 लोग मारे गये और 38 घायल हो गये हैं। मृतकों में इसी संयंत्र के आठ इंडोनेशियाई और चीन के पांच श्रमिक शामिल हैं।

### शूटिंग के दौरान अजय देवगन घायल

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन इन दिनों फिल्म सिंघम-3 की शूटिंग कर रहे है। सिंघम-3 की शूटिंग के दौरान सेट पर अजय देवगन घायल हो गये हैं। इस लिए इस फिल्म की शूटिंग रोक दी गयी है। फिल्म सिंघम-3 के सेट पर अजय देवगन की आंख में चोट लगी है। इसके लिए उन्हें डॉक्टर से सलाह लेनी पड़ी। अजय के घायल होने के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गयी है। शेष शूटिंग वर्ष 2024 में हैदराबाद में शुरू होगी। अजय देवगन के बिना सिंघम-3 की शूटिंग पूरी करना नामुमकिन है।

# भारत ने लाल सागर में तैनात किये चार जहाज

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय नौसेना ने ईरान समर्थित हूथी उग्रवादियों की सिलसिलेवार आतंकी घटनाओं के बाद लाल सागर के पास भारी हथियारों से लैस अपने चार जहाज तैनात कर दिये हैं। इससे पहले नौसेना ने ड्रोन हमले के शिकार शिप केम प्लूटो को वहां से बाहर निकालकर रविवार को सुबह भारतीय तटरक्षक बल के जहाज और डोर्नियर हेलीकॉप्टरों की निगरानी में मुंबई के लिए रवाना कर दिया है। उग्रवादियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच भी शुरू कर दी है।



नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि नौसेना विस्फोटक आयुध निपटान (इओडी) विशेषज्ञ जहाज को साफ करने और आगे की जांच करने के लिए मुंबई पहुंचने पर एमवी केम प्लूटो पर सवार होंगे। भारतीय नौसेना सभी हितधारकों के साथ स्थिति की बहुत बारीकी से निगरानी कर रही है और क्षेत्र में व्यापारिक शिपिंग की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नौसेना ने आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी भारतीय समुद्री एजेंसियों के साथ मौजूदा स्थिति का विवरण साझा किया है।

भारतीय नौसेना ने विध्वंसक आइएनएस कोच्चि, कोलकाता, मोरमुगाओ और फ्रिगेट आइएनएस त्रिशूल को लाल सागर के पास तैनात किया है। स्वदेशी आइएनएस कोच्चि राडार से बच निकलने के लिए डिजाइन किया गया है और इसमें अत्याधुनिक हथियार लगाये गये हैं। यह अग्रणी सुपर सोनिक तथा जमीन से जमीन तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है। आइएनएस कोलकाता भारत में अब तक तैयार किये गये युद्धपोतों में सर्वाधिक ताकतवर माना जाता है। यह भी लंबी दूरी तक भूमि से भूमि तक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है।

### भारतीय नौसेना ने शुरू की ड्रोन हमले की जांच

**नयी दिल्ली।** लाल सागर में भारतीय तट के पास दो व्यापारिक जहाजों पर ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच शुरू कर दी है। नौसेना ने रविवार को अमेरिकी दावे को खारिज करते हुए कहा है कि एमवी साईबाबा भारतीय ध्वज वाला जहाज नहीं है और इसके चालक दल के सभी 25 भारतीय सदस्य सुरक्षित हैं। उधर, विद्रोहियों के हमले का शिकार हुए लाइबेरिया के झंडे वाले एमवी केम प्लूटो को आज सुबह भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आइसीजीएस विक्रम की निगरानी में मुंबई की ओर रवाना कर दिया गया है। दरअसल, ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों ने 23 दिसंबर को लाल सागर में दो जहाजों पर ड्रोन हमला किया था, जिसमें गैबॉन के स्वामित्व वाला कच्चा तेल टैंकर एमवी साईबाबा और लाइबेरिया के झंडे वाला एमवी केम प्लूटो जहाज थे।

# पुलिस फायरिंग में उल्फा का संदिग्ध उग्रवादी घायल

**गुवाहाटी।** असम में दो अलग-अलग घटनाओं में उग्रवादी संगठन उल्फा (आइ) का संदिग्ध सदस्य और तीन अन्य युवक घायल हो गये। घायल तीनों युवक प्रतिबंधित संगठन में शामिल होने जा रहे रहे थे, तब उन्हें हिरासत में लिया गया था। बताया गया कि तीनों हिरासत से भागने की कोशिश कर रहे थे कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गये। घायलों को डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित 2019 के अंत में उल्फा में शामिल हुआ था और म्यांमार स्थित संगठन के शिविर में एक माह रहने के बाद असम लौटा था। लौटते समय असम राइफल्स ने उसे गिरफ्तार कर लिया। रिहा होने के बाद वह लगातार उल्फा के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क में था।

# मोहन भागवत ने कहा, सृष्टि का कल्याण सनातन से ही संभव

**हरिद्वार (हि.स.)।** जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा की आचार्य पीठ पर पदस्थापन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर यहां हरिहर आश्रम में दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव का रविवार को शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस समारोह का शुभारंभ आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहनराव भागवत ने अरणी मंथन के साथ किया। आश्रम के मृत्युंजय मंडपम में वैदिक सनातन धर्म में समष्टि कल्याण के सूत्र विषय पर धर्मसभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ मोहनराव भागवत ने समष्टि कल्याण के सूत्रों में माता पृथ्वी के रक्षण और संवर्द्धन, प्राकृतिक



संसाधनों के विवेक पूर्ण उपभोग, सतत विकास की अवधारणा एवं दान और त्याग की प्रवृत्तियों जैसे कई सूत्र व्यक्त किये।

इस मौके पर सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा कि ज्ञान आपके व्यवहार और चरित्र में अवतरित होने पर ही आप समाज के लिए आदर्श बन पायेंगे। भागवत ने कहा कि हम आज विश्व कल्याण के साथ भय मुक्त विश्व की कामना करते हैं। सृष्टि का कल्याण केवल सनातन में है।

# बढ़ रहे कोविड के जेएन-1 के मामले

### डब्ल्यूएचओ ने निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने को कहा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से कोविड-19 और इसके नये वैरिएंट जेएन-1 तथा इन्फ्लूएंजा सहित श्वसन रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने को कहा है। डब्ल्यूएचओ ने लोगों से भी ऐहतियाती कदम उठाने की अपील की है।

डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा, कोविड-19 वायरस विश्व स्तर पर सभी देशों में फैलता, परिवर्तित और प्रसारित होता रहता है। वर्तमान साक्ष्य से पता चलता है कि जेएन-1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है। इसके विकास के अनुसार हमें अपनी प्रतिक्रिया तय करनी चाहिए और लगातार नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, इसके लिए देशों को निगरानी और अनुक्रमण को मजबूत करना होगा और आंकड़ों को साझा करना सुनिश्चित करना होगा। डब्ल्यूएचओ ने जेएन-1 को इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है। हाल के सप्ताहों में, जेएन-1 के मामले कई देशों में सामने आये हैं।

सिंह ने कहा, सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन-1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका गया है। यह आशंका है कि यह स्वरूप अन्य वायरल और बैक्टीरियल संक्रमणों के बीच कोविड-19 के मामलों में वृद्धि कर सकता है, खासकर उन देशों में जहां सर्दियों का मौसम शुरू हो रहा है।

भारत में एक दिन में कोविड-19 के 656 नये मामले सामने आये। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,742 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आये कोविड-19 के मामलों की संख्या 4,50,08,620 है। देश में बीते 24 घंटे में संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत होने के कारण इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,333 हो गयी है।

# तानसेन समारोह में 1500 तबला वादक एक साथ देंगे प्रस्तुति

**ग्वालियर।** यूनेस्को की संगीत नगरी ग्वालियर 25 दिसंबर को सुर, लय और ताल के अद्भुत संयोजन का साक्षी बनेगी। इस साल आयोजित हो रहे 99वें तानसेन समारोह के दौरान ताल दरबार कार्यक्रम में तबला वादन का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेगा। संगीत सम्राट तानसेन को स्वरांजलि देते हुए ग्वालियर दुर्ग पर 1500 तबला वादक सुर, लय और ताल का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी रविवार को संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव एवं टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि 'तबला दरबार' में कोलकाता, मुंबई, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत अन्य 50 से ज्यादा शहरों से आये तबला वादक समवेत प्रस्तुति देंगे।

# आगे बढ़ने पर रखें विश्वास, आलोचना को करें नजरअंदाज : जगदीप धनखड़

### उपराष्ट्रपति से मिले भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रोबेशनर

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को भारतीय सांख्यिकी सेवा (आइएसएस) के अधिकारियों से कर्तव्य के पथ पर ईमानदारी के साथ खड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनपर कई तरह के दवाब आयेंगे, लेकिन वे अपना काम निष्ठा के साथ भारत माता की सेवा के लिए करते रहें।

उपराष्ट्रपति ने आज उपराष्ट्रपति निवास पर 2023 बैच के आइएसएस प्रोबेशनर के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्य करने के दौरान विभिन्न चुनौतियों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। वे स्वयं इसका शिकार रहे हैं। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति के रूप में उनके पास संवैधानिक पद है, लेकिन उन्हें बख्शा नहीं जाता। इसके बावजूद भी वे सदैव आगे बढ़ने पर विश्वास रखते हैं। धनखड़ ने कहा, मैं एक पीड़ित हूं। एक पीड़ित को पता है कि अंदर से कैसे झेलना है, सबका सामना करना है, सब अपमान सहना है, एक दिशा के साथ, हम अपनी भारत माता की सेवा में हैं।

प्रोबेशनर से उपराष्ट्रपति ने अपनी उपलब्धियों पर गर्व करने को कहा। उन्होंने कहा कि दुनिया हमारी प्रशंसा कर रही है। हममें से कुछ लोग जानबूझकर या अज्ञानतावश हमें नीचा दिखाना चाहते हैं। इसके बारे में कभी भी चिंतित न हों। इस दौरान उन्होंने सांख्यिकी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल संख्याओं के बारे में नहीं है, बल्कि उन संरचना और रुझानों को समझने के बारे में है, जिससे हमारे नीतिगत निर्णय तय किये जाते हैं।

VERMA PRESS®
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!